धनबाद संस्करण | वर्ष : 69, अंक : 190 | पंजीयन संख्या : 3591/1957 | संवत 2083, कार्तिक, शुक्ल पक्ष, नवमी | बुधवार, 18 नवंबर, 2026 | पृष्ठ : 16 | ₹4.00

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



नेतन्याहू पर लगे चुनाव में साजिश के आरोप



धोनी ने आईपीएल को कहा अलविदा

आसियान शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हमारा भविष्य कंप्टीशन से नहीं, कोऑपरेशन से तय हो

- कहा, दुनिया को सबसे ज्यादा शांति, स्थिरता की जरूरत
- व्यापक रणनीतिक साझेदारी नई ऊंचाइयों पर जाएगी

एजेंसी । 17 नवंबर

मनीला : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिलीपींस दौरे का आज दूसरा दिन है। प्रधानमंत्री आज मनीला में चल रहे 23वें आसियन शिखर सम्मेलन में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बैठक को भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पिछले वर्षों में हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी ने भारत के आसियान संबंधों को नई गति और नई गहराई दी है। हमारी साझेदारी अब साझी संस्कृति और विरासत से आगे बढ़कर डिजिटल, डिफेंस और स्पेस जैसे सेक्टर्स में नए आयाम प्राप्त कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, दुनिया ने लगातार कई संकटों का सामना किया है। आज दुनिया को सबसे ज्यादा शांति, स्थिरता और पूर्वानुमान-योग्यता की आवश्यकता है। कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आज की बैठक हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति देगी। अब हमें मिलकर अपने क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देनी है। इस साझेदारी में आसियान की यूनिटी और सेंट्रैलिटी के प्रति भारत की प्रतिबद्धता अटल है और अटल रहेगी। भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए हमारा भविष्य कंपटीशन से नहीं, कोऑपरेशन से तय हो। हमारे पास सामर्थ्य भी है और संकल्प भी है।



प्रधानमंत्री मोदी के साथ ट्रंप व अन्य नेतागण

सिंगापुर के पीएम वोंग से मिले मोदी

पीएम मोदी ने आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन से इतर सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इस दौरान एनएसए अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद रहे।

हिंद-प्रशांत सामुद्रिक निगरानी संगठन की घोषणा

क्वाड शिखर बैठक में पीएम मोदी, डोनल्ड ट्रंप, जापान की पीएम सनाए ताकाइची और आस्ट्रेलिया के पीएम अलबनीजी की अध्यक्षता में हुई बैठक में हिंद-प्रशांत सामुद्रिक निगरानी संगठन नाम से एक नया अभियान की घोषणा की गई।

हमारे पास सामर्थ्य भी है और संकल्प भी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का विकास और आसियान की समृद्धि एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। आने वाले समय में आसियान कम्युनिटी विजन 2045 और विकसित भारत 2047 हमारी साझा आकांक्षाओं को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पिछले 12 वर्षों में हमने अपनी साझेदारी को नई गति दी है। अब हमें मिलकर अपने क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देनी है। इस साझेदारी में आसियान की यूनिटी और सेंट्रैलिटी के प्रति भारत की प्रतिबद्धता अटल है और अटल रहेगी। भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए हमारा भविष्य कंपटीशन से नहीं, कोऑपरेशन से तय हो। हमारे पास सामर्थ्य भी है और संकल्प भी है।

मोदी बहुत टफ मैन हैं : ट्रंप

- क्वाड समिट में ट्रंप ने जमकर की पीएम मोदी की तारीफ
- क्वाड देशों की बैठक में एक मंच पर दिखें चार देशों के वैश्विक नेता

मनीला : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलीपींस की राजधानी मनीला में 'क्वाड' नेताओं के साथ बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें 'बहुत टफ मैन' बताया है। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बेहद मजबूत व्यक्तित्व वाले नेता हैं और उनके साथ अमेरिका के अच्छे संबंध हैं। ट्रंप ने कहा कि 'क्वाड' के सदस्य देश एक साथ सैन्य युद्धाभ्यास करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे शक्तिशाली पनडुब्बियां हैं। ट्रंप ने कहा कि अगले 12 महीने में दुनिया को चौंकाने वाले काम करने वाले हैं। हम बहुत बड़ा काम कर रहे हैं। सप्लाई चैन को और मजबूत करेंगे।

'ये सभी बहुत शानदार लोग'

पीएम मोदी की तारीफ करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वे (पीएम मोदी) बहुत टफ मैन हैं। हो सकता है कि वे (जापानी पीएम सनाए ताकाइची) उनसे भी ज्यादा सख्त हों। हम भी ठीक हैं। ट्रंप ने आगे कहा कि इन लोगों और इन देशों के साथ हमारे शुरूआत से ही बहुत अच्छे संबंध हैं। ये सभी बहुत शानदार लोग हैं। ये मेरे दोस्त हैं। इससे काफी मदद मिलती है। क्वाड नेताओं के साथ बैठक में ट्रंप ने कहा कि यह साल हमारे लिए काफी अहम रहा है। क्वाड का पुनरुद्धार हुआ है, हमारा सहयोग बढ़ा है और हमारी दोस्ती और भी गहरी हुई है। इससे चीजें काफी आसान हो जाती हैं। ये देश दुनिया की कुछ सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और हम क्षेत्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक कूटनीति के मामलों पर मिलकर काम करते हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच बने क्वाड समूह के सभी देशों के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। अमेरिका इस समूह में बड़े पैमाने पर निवेश करेगा।

संक्षिप्त खबर

झारखंड कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक में दो दर्जन प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है। इनमें से एक दर्जन प्रस्तावों को सीएमओ से स्वीकृति भी मिल गई है। इसके अलावा करीब एक दर्जन और प्रस्ताव पाइपलाइन में हैं। इन तमाम प्रस्तावों पर बुधवार को कैबिनेट की बैठक में चर्चा होगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य कर्मियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ने से संबंधित प्रस्ताव के साथ-साथ वित्त विभाग के दो प्रस्ताव कैबिनेट विभाग में पहुंचे थे। इसके अलावा चार सड़कों के पुनर्निर्माण से संबंधित प्रस्ताव भी हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होने और उन्हें मंजूरी मिलने की संभावना है।

अंडाल में 200 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

आसनसोल : मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ आसनसोल-पुलिस कमिश्नरेट की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 200 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान गांजा की खेप ले जाने में इस्तेमाल की जा रही एक बोलेरो पिकअप वैन, नकदी और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किया हैं। सोमवार रात डीडी की एक टीम ने अंडाल थाना क्षेत्र के टॉप लाइन इलाके में संदिग्ध बोलेरो पिकअप वैन को रोककर तलाशी ली और ड्रग की खेप को पकड़ा।

झारखंड स्थापना पखवाड़ा के तहत जिलों में लगी कार्यक्रमों की झड़ी

विद्यार्थियों को मिले रुपये, लाभुकों को कराया गृह प्रवेश

- राज्यभर में किए जा रहे शिक्षा, रोजगार, आजीविका और आवास से जुड़े कार्यक्रम
- 31,756 स्कूलों में हुई विशेष प्रार्थना सभा
- सिमडेगा में बांटी गई सहायता राशि
- कोडरमा, पलामू और लातेहार में लाभुकों को मिला घर

एजेंसी । 17 नवंबर

रांची : झारखंड राज्य स्थापना पखवाड़ा के अवसर पर राज्यभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से राज्य के 31,756 विद्यालयों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों को झारखंड के इतिहास, गौरवगाथा, महापुरुषों, आंदोलनकारियों, राज्य गठन और समृद्ध विरासत एवं संस्कृति की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य के विकास और विकसित झारखंड के निर्माण के लिए 23,26,916 छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया। दूसरी ओर सिमडेगा में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और ग्राम संगठनों को विभिन्न आजीविका योजनाओं के तहत कुल 1 करोड़ 52 लाख 65 हजार 500 रुपये की सहायता प्रदान की गई।



सीएम हेमंत सोरेन

आवास योजनाओं के लाभुकों को मिला घर

इस विकास अभियान के तहत कोडरमा जिले में 15 से 21 नवंबर तक गृह प्रवेश सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत 549 पूर्ण आवासों में लाभुकों के गृह प्रवेश का लक्ष्य रखा गया है। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 200, अबुआ आवास योजना के 336, पीएम-जनमन के 8 और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के 5 आवास शामिल हैं। वहीं, पलामू जिले में भी 15 से 17 नवंबर तक 667 लाभुकों को उनके नवनिर्मित आवासों में गृह प्रवेश कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, अबुआ आवास योजना और पीएम-जनमन योजना के लाभुकों को शामिल किया गया है। इधर, लातेहार जिले में अबुआ आवास योजना के लाभुकों ने अपने नवनिर्मित घरों में गृह प्रवेश कराया गया।

रोजगार सृजन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

विकसित भारत जी राम जी के तहत रोजगार सृजन अभियान के तहत जिलों के विभिन्न पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही सभी पंचायतों के विभिन्न छह घाटों पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान घाटों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। राज्य स्तर पर निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप 24 नवंबर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन जारी रहेगा।

रांची जमीन घोटाले में छह अधिकारी गिरफ्तार

- पूर्व एलआरडीसी मनोज कुमार रंजन, तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार और शहर अंचल के सीओ समेत छह गिरफ्तार

एजेंसी । 17 नवंबर

रांची : भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिम्स जमीन घोटाले से जुड़े मामले में रांची के छह तत्कालीन सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तत्कालीन भूमि सुधार उपसमाहर्ता, तीन जिला अवर निबंधक और दो अंचल अधिकारी शामिल हैं। एसीबी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए अधिकारियों की पहचान तत्कालीन भूमि सुधार उपसमाहर्ता मनोज कुमार रंजन, तत्कालीन जिला अवर निबंधक अविनाश कुमार, वैभवमणि त्रिपाठी और राहुल कुमार चौबे, तत्कालीन बड़गाई अंचल अधिकारी शैलेश कुमार तथा शहर अंचल के तत्कालीन अंचल अधिकारी राजेश कुमार के रूप में हुई है। यह कार्रवाई एसीबी रांची थाना कांड संख्या 01/2026 के तहत की गई है। मामला 5 जनवरी 2026 को दर्ज किया गया था। आरोप है कि अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग कर निजी आर्थिक लाभ लिया और आपराधिक षड्यंत्र रचा. अड्डा ने बताया कि जांच के दौरान आरोपियों के भ्रष्ट लोक सेवक होने से संबंधित साक्ष्य मिलने के बाद सभी छह गिरफ्तारियां की गई.

केजरीवाल और आप नेताओं को हाईकोर्ट की आखिरी चेतावनी

- हाई कोर्ट ने कहा- 'अब और समय नहीं मिलेगा'

एजेंसी । 17 नवंबर

नई दिल्ली : दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और पार्टी के अन्य नेताओं को अवमानना के मामले में जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया है। कोर्ट ने सभी नेताओं को इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। साथ ही साफ कहा है कि अगर तय समय में जवाब दाखिल नहीं किया गया तो उनका जवाब देने का अधिकार खत्म कर दिया जाएगा। जस्टिस नवीन चावला की बेंच ने सुनवाई के दौरान नेताओं को कड़ी चेतावनी दी। यह मामला दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और वीडियो साझा करने से जुड़ा है। आरोप है कि केजरीवाल और आप के कुछ नेताओं ने जस्टिस शर्मा को लेकर सोशल मीडिया पर एक अभियान चलाया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने खुद संज्ञान लेते हुए आपराधिक अवमानना का मामला शुरू किया था।



अरविंद केजरीवाल

दिनहाटा में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

कूचबिहार : जिले के दिनहाटा स्थित शालमारा इलाके में मंगलवार को राम मंदिर निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ मंदिर निर्माण की प्रक्रिया की शुरूआत हुई।इस धार्मिक समारोह में उत्तर बंगाल विकास मंत्री निशीथ प्रमाणिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनकी मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन की सभी धार्मिक रस्में संपन्न हुईं। राम मंदिर निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला।

पीएम मोदी आज मंत्रियों के साथ करेंगे बड़ी बैठक, कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

- संसद के शीतकालीन सत्र से पहले की इस मीटिंग में होगी अहम चर्चा

एजेंसी । 17 नवंबर

नई दिल्ली : फिलीपींस से लौटने के तुरंत बाद 18 नवंबर को पीएम मोदी एक बड़ी मंत्रिपरिषद बैठक करने वाले हैं. इस बैठक में शासन, सुधारों और कल्याण एवं विकास योजनाओं पर महिलाओं तथा युवाओं तक पहुंच जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है. यह बैठक मंत्रियों को सरकार के सामने मौजूद मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करने के उद्देश्य से जारी कवायद का हिस्सा है.

परिसीमन और महिला आरक्षण बिल अहम

दिसंबर के पहले सप्ताह में संभावित संसद के शीतकालीन सत्र से पहले यह एक महत्वपूर्ण मंत्रीपरिषद स्तरीय मीटिंग मानी जा रही है. जिसमें परिसीमन और महिला आरक्षण बिल को लेकर सरकार की तैयारियों पर भी चर्चा हो सकती है. खबर की अनुसार, प्रधानमंत्री वार्षिक भारत-आसियान शिखर सम्मेलन से लौटने के बाद बुधवार सुबह मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे. बैठक में शासन, सुधारों और कल्याण एवं विकास योजनाओं के बारे में महिलाओं तथा युवाओं तक पहुंच बनाने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है. मंत्रिपरिषद की पिछली बैठक सितंबर में हुई थी, जिसे चिंतन शिविर कहा गया था.

एआई से आगे क्या है... हम यहां बनाना चाहते हैं : डीके शिवकुमार

- बेंगलुरु टेक समिट में पेश किया मेगा प्लान

एजेंसी । 17 नवंबर

बेंगलुरु : मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि कर्नाटक खुद को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डीप टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर निर्माण और बायोटेक्नोलॉजी के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है. उन्होंने यह बात बेंगलुरु इंटरनेशनल एजीविशन सेंटर में 'बेंगलुरु टेक समिट' के 29वें संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहीं. 'अकएंड बियॉन्ड' थीम पर आधारित इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में दुनिया भर की टेक कंपनियां, निवेशक, शोधकर्ता, स्टार्टअप और प्रतिनिधि एक साथ आए हैं. शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक के शोध संस्थानों, कुशल कार्यबल, स्टार्टअप इकोसिस्टम और तकनीकी नीतियों ने बेंगलुरु को एक प्रमुख वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में उभरने में मदद की है.

कर्नाटक की तकनीक-स्टार्टअप क्षेत्र में बढ़त

राज्य के आर्थिक योगदान को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत द्वारा सॉफ्टवेयर और सेवाओं के निर्यात से कमाए गए हर पांच डॉलर में से दो डॉलर कर्नाटक से आते हैं. पिछले साल यह निर्यात अनुमानित 173 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था. 2025-26 की पहली छमाही के दौरान राज्य को 9.4 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ, जो भारत में आए कुल विदेशी निवेश का 26.7 प्रतिशत है.

विपक्ष के 48 सवालों वाली अर्जी पर 9 दिसंबर को सुनवाई

विपक्षी गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुनाव आयोग से एसआईआर सहित 48 सवालों का मांगा है जवाब

- सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल नोटिस जारी करने से किया इनकार

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली : स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग के कामकाज पर सवाल उठाने वाली इंडिया गठबंधन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। राहुल गांधी समेत विपक्षी गठबंधन के नेताओं की ओर से दायर नई अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट अब 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। इस अर्जी में चुनाव आयोग से 48 सवालों के जवाब दिलाने की मांग की गई। सुनवाई के दौरान इंडिया गठबंधन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने नई अर्जी का जिक्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट से चुनाव आयोग को नोटिस जारी करने की मांग की। हालांकि, कोर्ट ने फिलहाल नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग पहले इस अर्जी पर अपनी आपत्तियां दाखिल कर सकता है। इसके बाद याचिकाकर्ताओं की पुष्टता और फिर आदेश पारित किया की मांग पर सुनवाई की जाएगी जाएगा।



सांकेतिक तस्वीर

चुनाव आयोग से मांगे हैं जवाब

दरअसल, विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने अपनी नई अर्जी में चुनाव आयोग से 48 लिखित सवालों के जवाब मांगे हैं। इन सवालों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधु तथा विवेक जोशी की एसआईआर से जुड़े फैसलों में भूमिका और उनकी मंजूरी की प्रक्रिया से जुड़े सवाल शामिल हैं। इसके अलावा, मतदाता सूची में बदलाव, ऑनलाइन फॉर्म-6, एडवहएल और मतदाताओं के नाम हटाए जाने से जुड़े मामलों पर भी सवाल उठाए गए हैं। विपक्षी गठबंधन का कहना है कि चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में फैसलों को सर्वसम्मति से लिया गया बताया है, लेकिन उनकी तारीखों, फाइल नोटिंग और मंजूरी की प्रक्रिया का पूरा विवरण नहीं दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट 9 दिसंबर को इन सवालों पर अनुमति देने और चुनाव आयोग की आपत्तियों पर विचार करेगा।

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित

पुरुलिया रेलवे स्टेशन पर भटकती मिली 11 वर्षीय बच्ची

पुरुलिया। पुरुलिया रेलवे स्टेशन पर सोमवार देर शाम रेलवे सुरक्षा कर्मियों ने एक भटकती हुई 11 वर्षीय बच्ची को सुरक्षित परिवार से मिलाया। आवश्यक पूछताछ और सत्यापन के बाद बच्ची को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया। मंगलवार सुबह रेलवे द्वारा दिए जानकारी अनुसार, सोमवार 16 नवंबर 2026 की शाम पुरुलिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन पर एक बच्ची अकेले इधर-उधर भटकती हुई मिली। ड्यूटी पर तैनात पुरुलिया राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकारियों और जवानों की नजर उस पर पड़ी। इसके बाद बच्ची को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया गया। महिला कांस्टेबल (एनसी) 639 सलमा खातून बच्ची को वाइल्ड फ्रेंडली कॉर्नर ले गईं। वहां बच्ची की समझाइश और पूछताछ के दौरान पता चला कि मां की डांट से नाराज होकर वह घर से निकल गई थी।

जुए के अड्डे पर पुलिस की छापेमारी, चार गिरफ्तार

कूचबिहार। धोखसाडांगा थाना क्षेत्र के प्रेमरडांगा ग्राम पंचायत अंतर्गत फेसियाबाड़ी इलाके में गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार देर पुलिस ने छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मौके पर पासा और छकड़ा के जरिए अवैध रूप से जुआ खेला जा रहा था।पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जहांगीर आलम (37), सफियार हुसैन (37), अमिनुर इस्लाम (42) और आतियार हुसैन (39) के रूप में हुई है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान मौके से 15 हजार 910 रुपये नकद जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि इस रकम का इस्तेमाल जुए में दांव लगाने के लिए किया जा रहा था। इसके अलावा तलाशी के दौरान चार आधी जली मोमबत्तियां, एक डब्बू, चार गोटियां, एक छोर और एक बिछाने वाली चादर भी बरामद की गई है।

प्रतापगढ़ की रामकथा में बोले धीरेंद्र शास्त्री

अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी, रामलला के बाद कुंज बिहारी

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। आज प्रतापगढ़ में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वेर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने माहौल बना दिया। प्रतापगढ़ में अगले तीन दिन तक रामकथा होगी। आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की कथा के यजमान हैं, कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया। वैसे तो यूपी में पहले भी धीरेंद्र शास्त्री सैकड़ों बार रामकथा कर चुके हैं लेकिन प्रतापगढ़ में रामकथा की चर्चा इसलिए ज्यादा हो रही है क्योंकि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने धीरेंद्र शास्त्री के विरोध का एलान किया था। प्रतापगढ़ की रामकथा से धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी, रामलला के बाद कुंज बिहारी की बारी है।



धीरेंद्र शास्त्री ने बड़ी चतुराई से विरोधियों को दिया जवाब

धीरेंद्र शास्त्री के बोलने का अंदाज अलग है। उन्होंने बड़ी चतुराई से विरोधियों को जवाब दिया, चूंकि धीरेंद्र शास्त्री की एक कथा का वीडियो सकुलेट करके उनपर भगवान कृष्ण के अपमान का आरोप लगाया गया था। धीरेंद्र शास्त्री को समाज में दरार पैदा करने वाला बताया गया। इसीलिए आज धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वो तो सनातनियों को एकजुट करने की मुहिम में लगे हैं। साथ ही वह सनातन विरोधियों पर प्रहार करने से भी नहीं चुकते हैं।

उत्तराखंड में बड़ा हादसा, टिहरी गढ़वाल में खाई में गिरी बस

8 लोगों की मौत कई हुए घायल

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। उत्तराखंड से मंगलवार को सुबह-सुबह दिल दहला देने वाले हादसे की खबर सामने आ रही है। राज्य के टिहरी गढ़वाल में एक बस पुल से करीब 100 मीटर नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, ये हादसा टिहरी गढ़वाल में गुलार बाजार के पास में हुआ है। पुलिस ने इस हादसे की बारे में जानकारी दी है और बताया है कि हादसे में 8 लोगों की जान चली गई है। जानकारी के अनुसार, ये हादसा ऋषिकेश बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह तकरीबन 4 बजकर 30 पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में 30 से 35 लोग सवार थे जो ऋषिकेश से चमोली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बस गुलर, शिवपुरी के पास अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी> हादसे में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य 20 घायल हो गये। सूचना मिलते ही थाना मुनिकीरेती, चौकी गुलर, चौकी शिवपुरी, चौकी ब्यासी एवं अन्य चौकियों का पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। एसडीआरएफ फायर सर्विस एवं एंबुलेंस को भी सूचित कर मौके पर बुलाया गया। पुलिस, रजब्ब्द एवं फायर सर्विस की टीमें रेस्क्यू कार्य में जुटीं। क्षेत्राधिकारी नरेंद्र नगर एवं थाना प्रभारी मुनि की रेती भी मौके पर मौजूद हैं।



जनता के लिए खोला जाएगा शीशमहल



एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान विवादों में रहे तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी बंगले को लेकर एक बार फिर से चर्चाएं हैं. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सिविल लाइंस स्थित 6 फ्लैग स्टाफ रोड के सरकारी बंगले को शीशमहल बताती है. अब दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है और इसे आम जनता के लिए खोला जाएगा. दिल्ली सरकार में पीडब्लूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि दिल्ली का चर्चित शीशमहल अगले सप्ताह से आम जनता के लिए खोला जाएगा. पहले इसे स्टेट गेस्ट हाउस बनाने का फैसला लिया गया था, लेकिन पत्रकारों और आम लोगों की मांग को देखते हुए अब इसे जनता के लिए खोलने का निर्णय लिया गया है. आम लोगों के यहां आने के लिए ऑनलाइन रिजर्वेशन की व्यवस्था भी की जाएगी.

प्रवेश वर्मा ने बताया कि सबसे पहले देशभर के मीडिया प्रतिनिधियों को शीशमहल का दौरा कराया जाएगा. इसके लिए अगले एक-दो दिन में सूचना जारी की जाएगी. उन्होंने कहा कि मीडिया को शीशमहल के निर्माण और उसके अंदर की सुविधाओं को दिखाया जाएगा, ताकि लोग खुद देख सकें कि इसके निर्माण में किस तरह का खर्च किया गया. पीडब्लू मंत्री ने आरोप लगाया कि कभी बंगला और गाड़ी नहीं लेने का दावा करने वाले व्यक्ति ने कई बंगलों को तुड़वाकर शीशमहल तैयार कराया. उन्होंने कहा कि पहले शीशमहल का केवल एक कमरा दिखाया जाता था,

महाराष्ट्र कैबिनेट के बड़े फैसले : लूटे गए हथियारों की जानकारी देने पर कैश रिवॉर्ड का फैसला



एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई एक अहम बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। कैबिनेट ने आज राज्य के होम डिपार्टमेंट, हायर और टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट, टेक्सटाइल डिपार्टमेंट और लॉ एंड जस्टिस डिपार्टमेंट को लेकर कुछ बड़े फैसलों की घोषणा की. महाराष्ट्र कैबिनेट ने नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों से पहले लूटे गए हथियारों की जानकारी देने वालों के लिए कैश रिवॉर्ड स्कीम शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत, जो व्यक्ति नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियारों की सूचना देगा, उसे नकद ईनाम दिया जाएगा।

हायर और टेक्निकल एजुकेशन की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए बड़ा फैसला

एक अन्य फैसले में, कैबिनेट ने महाराष्ट्र में हायर और टेक्निकल एजुकेशन की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए महाराष्ट्र पब्लिक यूनिवर्सिटीज एक्ट, 2016 में बदलाव करने का फैसला किया है। कैबिनेट ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के हिसाब से एजुकेशन सेक्टर में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए इसमें बदलाव करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार के इस फैसले का उद्देश्य, महाराष्ट्र में शिक्षा के स्तर को नई दिशा प्रदान करना है।

महाराष्ट्र में लिफ्ट इस्तेमाल के नियम हुए सख्त, बच्चों के अकेले जाने पर रोक

12 साल के बच्चे अकेले नहीं कर पाएंगे यूज

महाराष्ट्र में लिफ्ट के इस्तेमाल पर नए नियम सरकार ने लागू कर दिए गए हैं। सरकार ने लिफ्ट, एस्केलेटर और मूविंग वॉक 2026 नियमावली लागू कर दी है। यह नियमावली 1 नवंबर 2026 से ही प्रभावी हो गए हैं। इसमें 12 साल से कम उम्र के बच्चों के अकेले लिफ्ट इस्तेमाल करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट का यह फैसला मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में लागू हो गया है। नए लागू हुए नियम में बिल्डिंग प्रबंधन की जवाबदेही बढ़ा दी गई है।

सरकार ने 12 साल से कम उम्र के बच्चों को माता-पिता के बिना लिफ्ट इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। नए नियम के मुताबिक, बच्चे लिफ्ट या एस्केलेटर अकेले यूज नहीं कर पाएंगे। राज्य सरकार ने पिछले दिनों लिफ्ट से होने वाली दुर्घटनाओं की लगातार बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है। मुंबई, पुणे, नागपुर जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ पूरे महाराष्ट्र में बने रेसिडेंशियल बिल्डिंग्स के लिए ह्यमहाराष्ट्र लिफ्ट, एस्केलेटर और मूविंग वॉक, 2026 नियमावली लागू हो गई है।

निशा भगत मामला : सीबीआई की ज्योत्सना केरकेट्टा और अजय तिर्की के ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी। 17 नवंबर

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में आदिवासी नेत्री निशा कुमारी भगत की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई आत्महत्या के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तेज कर दी है। मामले में अहम साक्ष्य जुटाने के लिए सीबीआई की टीम ने सोमवार को ज्योत्सना केर-केट्टा और अजय तिर्की के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। करीब आठ घंटे तक चली तलाशी के दौरान जांच एजेंसी ने कई दस्तावेज, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सीबीआई की टीम ने दोनों ठिकानों की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। देर रात तक चली इस कार्रवाई के दौरान घर के विभिन्न हिस्सों की बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों ने कुछ संदिग्ध कागजात और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अपने कब्जे में लिए हैं। जब्त उपकरणों की फॉरेंसिक जांच के जरिए मामले से जुड़े डिजिटल साक्ष्य जुटाए जाने की संभावना है। छापेमारी के दौरान सीबीआई अधिकारियों ने ज्योत्सना केरकेट्टा से भी लंबी पूछताछ की। जांच टीम ने निशा भगत के साथ उनके संबंधों को लेकर कई सवाल पूछे। मुख्य रूप से यह जानने का प्रयास किया गया कि ज्योत्सना और निशा की मुलाकात कब और किन परिस्थितियों में हुई थी तथा दोनों के बीच दोस्ती कब से थी। अधिकारियों ने पूछताछ के दौरान मिले जवाबों को रिकॉर्ड किया है। अब जांच एजेंसी जब्त दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का विश्लेषण कर रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अनुशंसा पर झारखंड सरकार ने 10 नवंबर को सीबीआई जांच की अधिसूचना जारी की थी। इसके बाद 14 नवंबर को केंद्रीय एजेंसी ने पिठोरिया थाने में दर्ज कांड संख्या 0114/2026 की जांच अपने हाथ में ले ली।

राजस्थान में पंचायत चुनाव के दौरान हिंसा, पूर्व सरपंच की मौत

झुंझुनूं: राजस्थान के झुंझुनूं से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां के पंचायत चुनाव के दौरान खेतड़ी उपखंड क्षेत्र की विजय नगर ग्राम पंचायत में चुनावी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मतदान समाप्त होने से करीब एक घंटे पहले मतदान केंद्र के पास हुए झगड़े में गंभीर रूप से घायल पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण सैनी की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। मारपीट और तोड़फोड़ से जुड़े वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, विजय नगर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण सैनी चुनावी गतिविधियों में शामिल थे। इस चुनाव में उनकी पुत्रवधू सुमन सरपंच पद की प्रत्याशी हैं। मतदान खत्म होने से करीब एक घंटे पहले मतदान केंद्र के पास चुनाव को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गया। घटना में करीब 5 से 7 लोगों के घायल होने की भी सूचना है।

इसी दौरान लक्ष्मी नारायण सैनी के सिर पर पत्थर लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नीमकाथाना अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

दिल्ली में गैंगवार! गैंग के सदस्य की मौत

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। नई दिल्ली के खजूरी खास में सोमवार देर शाम गैंगवार के दौरान समीर उर्फ भूरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई. वारदात में 25 राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई. पुलिस को अनवर ठाकुर-हारून और नसीम दुर्दानी गैंग के बीच पुरानी रंजिश का शक है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार देर शाम जीरो पुस्ता स्थित कैप कार्यालय के पास फायरिंग की सूचना मिली थी. पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बाइक सवार बदमाशों ने समीर पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और फरार हो गए. पुलिस घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है.

राहुल गांधी ने पहली बार किया अपनी गर्लफ्रेंड का जिक्र



सोनिया गांधी की किताब के लॉन्च इवेंट में सुनाया किस्सा

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' लगातार चर्चा में बनी हुई है। दिल्ली में सोमवार को इस किताब के लॉन्च इवेंट का आयोजन हुआ जिसमें कई नेताओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को राहुल गांधी ने भी संबोधित किया और कहा कि यह किताब उनके माता-पिता के प्रेम और उनकी मां के जीवन की एक महत्वपूर्ण यात्रा को सामने लाती है। कार्यक्रम के दौरान अपनी गर्लफ्रेंड का भी जिक्र किया और उनसे जुड़ी हुई एक याद को साझा किया है।

क्या बोले राहुल गांधी !

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- मेरे माता-पिता के बारे में कई तरह की कहानियां प्रसिद्ध थीं। इनमें से एक कहानी यह थी थी कि वे 'वर्सिटी रेस्टोरेंट' में मिले थे। कई सालों बाद, जब मैं कैम्ब्रिज में था, तो मैंने अपनी गर्लफ्रेंड से कहा, 'चलो, वर्सिटी रेस्टोरेंट चलते हैं।' मैं देखना चाहता था कि मेरे माता-पिता कहां मिले थे।

वह मेरी एक दोस्त है : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने इस कहानी के बारे में बात करते हुए आगे उस रेस्तरां की एक खास डिश चिकन वॉसर का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा- अगर किसी को प्यार में पड़ना है तो उसे वर्सिटी रेस्तरां जाना चाहिए, लेकिन वहां चिकन वॉसर खाने से बचना चाहिए। इसके बाद इवेंट में दिए गए भाषण में 'गर्लफ्रेंड' का जिक्र करने के बारे में पूछे जाने पर, राहुल गांधी ने कहा, वह मेरी एक दोस्त है

इवेंट में अमरिंदर सिंह भी पहुंचे

सोनिया गांधी की बुक लॉन्चिंग इवेंट में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी देखने को मिली। सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा लिखने पर बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि मेरे परिवार के बारे में बहुत कुछ बेबुनियाद कहा गया। सच बताने के लिए मैंने लिखने का फैसला किया। सोनिया गांधी की बुक लॉन्चिंग में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह भी पहुंचे। उन्हें फ्रंट रो में सीट मिली। अमरिंदर ने सोनिया की किताब की जमकर तारीफ की। हालांकि, उन्होंने कांग्रेस में वापसी से इनकार कर दिया। अमरिंदर सिंह ने कार्यक्रम में अपनी मौजूदगी को पारिवारिक और निजी रिश्तों से जुड़ा बताया।



एयरपोर्ट पर घटेगी सीआईएसएफ की तैनाती, प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड संभालेंगे सुरक्षा की कुछ जिम्मेदारियां

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। एयरपोर्ट पर अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती कम करने की तैयारी है. इनकी जगह निजी सुरक्षा एजेंसियों के गार्डों की संख्या बढ़ाई जाएगी. एयरपोर्ट ऑपरेटरों के इस प्रस्ताव पर संबंधित एजेंसियों और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के स्तर पर समीक्षा की गई है. सूत्रों के मुताबिक, इस संबंध में फैसला लिया जा चुका है और प्रस्ताव फिलहाल गृह मंत्रालय को भेजा गया है. इस बदलाव के तहत एयरपोर्ट पर उच्चस्र की मौजूदा तैनाती में हजारों की संख्या में कटौती हो सकती है. सूत्रों के मुताबिक, कुछ बड़े एयरपोर्ट पर एक शिफ्ट में 50 से 60 तक सीआरएसएफ कर्मियों की संख्या कम की जा सकती है. हालांकि, कुल कितने जवानों की तैनाती घटाई जाएगी, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है.



74 एयरपोर्ट्स पर सीआईएसएफ की तैनाती

अधिकारिका जानकारी के अनुसार, देशभर में निजी और राष्ट्रीय एयरपोर्ट मिलाकर कुल संख्या 119 है, जिसमें से 74 हवाईअड्डों पर सीआईएसएफ की तैनाती है. करीब 2 लाख 20 हजार स्वीकृत पद सीआईएसएफ के देशभर में हैं जिनमें से मौजूदा समय में करीब 2 लाख सीआईएसएफ कर्मी सेवा में हैं. इसमें से 55 हजार सीआईएसएफ स्टॉफ एयरपोर्ट्स पर तैनात है ।

वंदे भारत में गलती पड़ी भारी, फंस गए 12 लोग

देना पड़ा 36000 जुर्माना

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। आरामदायक और किफायती सफर की बात आती है, तो सबसे ऊपर भारतीय रेलवे का नाम आता है. अब रेलवे यात्रियों के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस जैसे शानदार और हाईटेक ट्रेनें चला रही है, जिसमें तमाम ऑटोमैटिक फंक्शन मौजूद हैं. ऐसे में इन ट्रेन को आम ट्रेन की तरह ट्रीट करना कभी-कभी महंगा पड़ सकता है. इसका दिलचस्प उदाहरण देखने को मिला है कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर, जहां अपने परिजनों को वंदे भारत एक्सप्रेस से छोड़ने के लिए पहुंचे 12 लोगों को 36000 रुपये का जुर्माना देना पड़ा. पूरा मामला बीते रविवार का है, जब कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर जब वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 22415 सुबह 9:26 बजे रवाना होने को तैयार थी. इस बीच अपने परिजनों को इस ट्रेन में अंदर छोड़ने के लिए चढ़े, लेकिन 9:30 बजे ट्रेन चलने लगी और उसके उतरने से पहले ही ऑटोमैटिक दरवाजे बंद हो गए. ऐसे में वे 12 लोग ट्रेन में ही फंस गए।



औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
Any Stage, Any Type
कैंसर का सबसे बड़ा इलाज — समय पर जांच।
लगातार खांसी, असामान्य गांठ या बिना कारण वजन घटना जैसे लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करें
9297970030 | रंगुनी, भूली, धनबाद-828105

मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम	वर्षा
धनबाद	28	15	00%
देवघर	28	15	00%
हजारीबाग	26	10	00%
आसनसोल	28	15	00%
रांची	25	11	00%
पटना	28	16	00%

1.27 करोड़ हिंदू वोटरों के नाम कटने के सीएम योगी के दावे पर चुनाव आयोग ने दी सफाई

हमारे पास वोटरों के धर्म का कोई डेटा नहीं : चुनाव आयोग

- सीएम योगी के दावे पर सीईओ नवदीप रिणावा ने दिया जवाब

एजेंसी । 17 नवंबर

लखनऊ : उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर सियासत तेज हो गई है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब होने के दावे पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणावा ने जवाब दिया है. उन्होंने साफ किया कि निर्वाचन विभाग के पास मतदाताओं का धर्म के आधार पर कोई आधिकारिक डेटा उपलब्ध नहीं है. ऐसे में यह बताना संभव नहीं है कि कितने हिंदू, मुस्लिम या किसी अन्य धर्म के मतदाताओं के नाम सूची से हटे हैं. सीईओ नवदीप रिणावा ने कहा कि मतदाता सूची में मतदाता का नाम, रिलेशनशिप और उम्र जैसी जानकारियां दर्ज होती हैं. इसमें धर्म का कोई कॉलम नहीं होता इसलिए निर्वाचन विभाग धर्म के आधार पर मतदाताओं की संख्या या उनके नाम कटने का अलग-अलग आंकड़ा जारी नहीं करता.

सीएम योगी ने क्या किया था दावा !

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया था कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद करीब 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम विधानसभा की मतदाता सूची में नहीं हैं. उन्होंने इसके पीछे कई आंकड़े भी गिनाए थे. सीएम योगी के मुताबिक, करीब 66 लाख ऐसे मतदाता हैं, जिनके नाम पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में हैं, लेकिन विधानसभा की मतदाता सूची में नहीं मिले. इसके अलावा करीब 55 लाख ऐसे हिंदू मतदाताओं के नाम विधानसभा की सूची में नहीं होने का दावा किया गया, जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 18 साल से अधिक उम्र के करीब 4.5 लाख युवाओं के नाम भी मतदाता सूची में नहीं होने की बात कही थी. उन्होंने यह भी दावा किया था कि रक्सह के बाद मुस्लिम मतदाताओं की संख्या में 1.65 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है.


सीएम योगी

धर्म का डेटा हमारे पास नहीं : आयोग

सीएम योगी के दावे पर जवाब देते हुए नवदीप रिणावा ने कहा कि निर्वाचन विभाग के डेटाबेस में धर्म या राजनीति से जुड़े आंकड़े नहीं होते, मतदाता सूची में नाम, उम्र और रिलेशनशिप जैसी जानकारियां ही दर्ज होती हैं. ऐसे में विभाग के पास यह बताने का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है कि किस धर्म के कितने मतदाताओं के नाम कटे हैं. रिणावा के मुताबिक, 10 अप्रैल को जारी मतदाता सूची में कुल 13,39,84,792 मतदाता थे. अब 17 नवंबर को जारी ड्राफ्ट सूची में यह संख्या बढ़कर 13,58,68,905 हो गई है. नई सूची में कुल 18,84,113 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है.

सीजेआई के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में आज होगी सुनवाई

- कोर्टरूम में सीजेआई से वकील ने की थी अभद्रता

एजेंसी । 17 नवंबर

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की उस अर्जी पर बुधवार 18 नवंबर को विचार करने के लिए तैयार हो गया जिसमें एक वकील के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी. वकील ने कोर्ट की कार्यवाही के दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी की थी. सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच के सामने याचिका की तुरंत सुनवाई का जिक्र किया गया. एससीबीए के सचिव और जॉइंट सेक्रेटरी, एडवोकेट प्रज्ञा बघेल और मीनेश दुबे ने मामले का जिक्र किया. बेंच को वकील ने बताया कि उन्होंने वकील के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्रवाई शुरू करने की मांग वाली अर्जी दाखिल करने के लिए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से सहमति ले ली है.

सुप्रीम कोर्ट के कोर्टरूम में सीजेआई को कहा था अपशब्द

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक अजीब कोर्टरूम नजारा देखने को मिला, जब एक वकील को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत के खिलाफ कथित तौर पर बेबुनियाद और अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद बाहर निकाल दिया गया. जबकि उसने अपने मामले पर जल्द सुनवाई की मांग की थी. उन्होंने आरोप लगाया कि 2 नवंबर को इस मुद्दे पर भेजे गए उनके संदेश पर उन्हें सीजेआई के कार्यालय से कोई जवाब नहीं मिला है. 15 दिन बाद भी उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया.


सीजेआई

'आप इसके लायक नहीं हैं... '

बेंच ने वकील से इंतजार करने को कहा, यह कहते हुए कि वह मामले की जांच करेगी. हालांकि, वकील ने इंतजार करने से मना कर दिया और सीजेआई के खिलाफ निजी टिप्पणी करने लगे. उन्होंने कहा कि वह इंतजार नहीं कर सकते. वकील ने सीजेआई के खिलाफ टिप्पणी करते हुए कहा कि आप उस कुर्सी पर नहीं बैठ सकते. आप इसके लायक नहीं हैं.... वकील की इन बातों के बाद, कार्रवाई का ऑडियो-वीडियो बंद कर दिया गया. कोर्टरूम में मौजूद वकीलों के मुताबिक, वकील को बाद में बाहर ले जाया गया.

संक्षिप्त खबर

11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से जंगली हाथी की मौत

रांची : सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल वन क्षेत्र के अंतर्गत गुंडा गांव के डीटांड टोला में 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हाथी धान खाने के लिए खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान खेत की मेड़ पार करते समय वह नीचे लटक रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आ गया। करंट लगने से हाथी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली के तार नीचे लटक रहे हैं। यदि समय रहते इनकी मरम्मत कर तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर नहीं रखा गया, तो भविष्य में भी इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने बिजली विभाग से तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

संदिग्ध अवस्था में बेहोश मिले प्रेमी युगल, युवक की हालत गंभीर

रामगढ : शहर के कोइरी टोला स्थित एक मकान में रविवार को एक युवक और युवती संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी की हालत में मिले। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवक के परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा चुके थे। वहीं, पुलिस ने बेहोश युवती को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। युवक गोला का निवासी है, जबकि युवती विधवा बताई जा रही है।

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का बड़ा एलान, कहा

ब्रिगेड मैदान में 29 दिसंबर को 10 लाख लोग करेंगे गीता पाठ

- संघ प्रमुख मोहन भागवत और बाबा रामदेव होंगे शामिल

एजेंसी । 17 नवंबर

कोलकाता : महानगर के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 29 दिसंबर को एक भव्य और ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन होने जा रहा है, जहां 10 लाख लोग एक साथ श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ करेंगे। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने नेताजी इंडोर स्टेडियम में जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज की पहल पर आयोजित सामूहिक 'हनुमान चालीसा' पाठ के मंच से इस वृहद कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह आयोजन सीधे उनके (मुख्यमंत्री के) नेतृत्व और प्रबंधन में होगा, जिसमें 10 लाख कंठों से गीता का पाठ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि 29 दिसंबर की सुबह ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होने वाले इस कार्यक्रम में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत और योग गुरु बाबा रामदेव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज से भी गीता पाठ समारोह में शामिल होने का विशेष आग्रह किया। मुख्यमंत्री शुभेंदु ने राज्य की पूर्ववर्ती वाममोर्चा और टीएमसी सरकारों पर तीखा हमला बोला। कहा कि वाममोर्चा के 34 वर्षों के शासनकाल और इसके बाद के 15 वर्षों के टीएमसी के शासन में सनातन धर्म और धार्मिक रीति-रिवाजों पर बार-बार हमले किए गए।


शुभेंदु अधिकारी

'रामायण' देखते हुए नहीं खा पाएंगे नॉन-वेज

कोलकाता : रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश स्टारर फिल्म 'रामायण' की बॉक्स ऑफिस पर धूम देखने को मिल रही है. वहीं दूसरी तरफ लोगों की श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम बंगाल में एसवीएफ सिनेमा (मल्टीप्लेक्स चेन) ने इस थ्रिलर को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है. इस सिनेमाघर के ऑडिटोरियम में रामायण की स्क्रीनिंग के दौरान खाने में नॉन-वेज डिश नहीं परोसे जाएंगे. ये फैसला उस हिंदू महाशय के प्रति लोगों की श्रद्धा के सम्मान में लिया गया है, जिस पर ये फिल्म आधारित है.

बीरभूम : पुलिस मुठभेड़ में मारा गया कुख्यात अपराधी

बीरभूम : बीरभूम जिले में पुलिस मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल विश्वजीत दास को गोली मारने का आरोपित रतन शेख मारा गया। बीरभूम के एसपी ने घटना की विस्तृत जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हथियार बरामदगी के लिए ले जाने के दौरान आरोपित ने पुलिस टीम पर दोबारा गोली चला दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि, पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर राजनीतिक सवाल भी उठने लगे हैं। अब पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच कराई जा रही है।

ड्रग केस में फंसाने की धमकी देकर मांगे थे 50 लाख, एनसीबी के दो अफसर गिरफ्तार

- सीबीआई ने 12 लाख रुपये लेते पकड़ा

एजेंसी । 17 नवंबर

नई दिल्ली : सीबीआई ने ड्रग केस में झूठा फंसाने से बचाने के नाम पर रिश्वतखोरी के मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के दो सब-इंस्पेक्टरों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ठाणे के एक सब-इंस्पेक्टर ने ड्रग एक मामले में शिकायतकर्ता को झूठा फंसाने से बचाने के बदले 50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। बाद में 25 लाख रुपये में सौदा तय हुआ और 12 लाख रुपये की पहली किस्त लेते हुए उसने दोनों अधिकारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। सीबीआई के मुताबिक, 14 नवंबर 2026 को इस मामले में शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया गया था। शिकायत दिल्ली जोनल यूनिट के एक सब-इंस्पेक्टर और जांच अधिकारी के खिलाफ थी। आरोप था कि अधिकारी ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के एक मामले में शिकायतकर्ता को झूठा आरोपी बनाने से बचाने के लिए 50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

आजम खान परिवार को बड़ी राहत

- फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र मामले में यूपी सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट में खारिज

एजेंसी । 17 नवंबर

नई दिल्ली : फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आजम खान की दोषसिद्धि पर लगी रोक बरकरार रखी है. साथ ही पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला खान को भी यही राहत मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की दोषसिद्धि पर लगी रोक को चुनौती दी गई थी. साथ ही, कोर्ट ने यही राहत उनकी पत्नी और बेटे को भी दे दी. यह फैसला जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की बेंच ने सुनाया. यह फैसला उन अपीलों पर आया है जो हाईकोर्ट के उस आदेश से जुड़ी थीं, जिसमें आजम खान की दोषसिद्धि पर तो रोक लगा दी गई थी, लेकिन उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान को ऐसी ही राहत देने से इनकार कर दिया गया था. मालूम हो कि यूपी सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मई 2024 के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसमें आजम खान की दोषसिद्धि पर रोक लगाई गई थी. वहीं, उनकी पत्नी और बेटे ने हाईकोर्ट द्वारा उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. यह मामला अब्दुल्ला के जन्म की अलग-अलग तारीखों वाले दो प्रमाण-पत्र से जुड़ा है.


आजम खान

चतरा के जंगल में आधा जला अज्ञात महिला का शव बरामद


चतरा : चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भरही-रबदा बॉर्डर स्थित लाली माटी जंगल में एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। शव सड़ी-गली अवस्था में था और उसका करीब 30 से 50 प्रतिशत हिस्सा जला हुआ बताया जा रहा है। जिस स्थान पर शव मिला है, उसके आसपास आग लगने या किसी चीज के जलने के निशान नहीं मिले हैं। इसके बावजूद महिला का शरीर आंशिक रूप से जला हुआ है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कहीं अन्यत्र करने के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को जंगल में लाकर फेंका गया होगा।

सीआरपीएफ पर हमले में शामिल आतंकी उमर निसार मारा गया

- मारे गए आतंकी के पास से एके-47 बरामद
- लतीफ भट की तलाश में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी । 17 नवंबर

श्रीनगर : दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में सोमवार की रात को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया. मारे गए आतंकी की पहचान उमर निसार डार के तौर पर हुई है. बताया जा रहा है कि उमर हाल ही में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हुआ था. वह लश्कर कमांडर लतीफ अहमद भट का साथी था. उसके पास से एक एके-47 भी बरामद की गई है. जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों को दो आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी. जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया. इस दौरान मुठभेड़ में उमर निसार डार की मौत हो गई, जो एक स्थानीय आतंकी था. वह कुलगाम नवपुरा सीआरपीएफ हमले में शामिल आतंकी लतीफ भट का साथी था. 11 नवंबर को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के नौपुरा मीर बाजार में हथियारों से लैस दो आतंकवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक चौकी को निशाना बनाकर गोलीबारी की थी. इस हमले में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हो गए थे.


मारा गया आतंकी

मासूम से दुष्कर्म और हत्या के दोषी की फांसी बरकरार

एजेंसी । 17 नवंबर

कोलकाता : धनंजय चटर्जी मामले के 34 साल बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय (हाईकोर्ट) ने एक बार फिर दुष्कर्म और हत्या के एक जघन्य मामले में मृत्युदंड की सजा की पुष्टि की है। मंगलवार को हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने हुगली जिले के गुड़ाप में पांच साल की मासूम बच्ची के साथ हुए क्रूर दुष्कर्म और उसकी हत्या के दोषी अशोक सिंह की फांसी की सजा को बरकरार रखा है। हालांकि, दोषी को सर्वोच्च न्यायालय में अपनी अपील दायर करने का कानूनी अवसर प्रदान करने के लिए हाईकोर्ट ने अगले तीन महीने तक इस सजा पर अमल को स्थगित रखने का निर्देश दिया है। इससे पहले, हुगली के चिनसुरा (चूंचुड़ा) स्थित निचली अदालत ने दोषी अशोक सिंह को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। इस फैसले को चुनौती देते हुए आरोपित ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मंगलवार को न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा की खंडपीठ ने मामले की गहन सुनवाई के बाद निचली अदालत के मृत्युदंड के फैसले को सही ठहराते हुए उसे बरकरार रखा।

आंध्र प्रदेश के तट से टकराएगा चक्रवात 'अकवान', अलर्ट जारी

- 20 नवंबर को आंध्र प्रदेश तट से टकराने की संभावना
- आंध्र प्रदेश और ओडिशा में होगी जोरदार बारिश बचाव टीमें तैनात

एजेंसी । 17 नवंबर

कोलकाता : बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान अकवन लगातार शक्तिशाली हो रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, तूफान फिलहाल दक्षिण बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय है। इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और 18 नवंबर तक गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप लेने की संभावना है। हालांकि, इसका मुख्य प्रभाव आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में पड़ने का अनुमान है, लेकिन इसके प्रभाव से पश्चिम बंगाल के मौसम में भी बदलाव हो सकता है। 17 नवंबर को यह तूफान चेन्नई से लगभग 610 किलोमीटर पूर्व, विशाखापत्तनम से 670 किलोमीटर और ओडिशा के गोपालपुर से लगभग 790 किलोमीटर दक्षिण में था।


सांकेतिक तस्वीर

आंध्र प्रदेश और यानम के तट से टकराने की संभावना

यह तूफान 19 नवंबर की सुबह तक अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। इसके बाद 20 नवंबर की दोपहर के आसपास आंध्र प्रदेश और यानम के तटवर्ती क्षेत्रों के बीच टकराने की संभावना है। उस समय हवा की अधिकतम निरंतर गति 120 से 130 किलोमीटर प्रति घंटा तथा झोंकों की गति 145 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इससे पश्चिम बंगाल में 19 और 20 नवंबर को कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। झारखंड में 20 और 21 नवंबर को भारी बारिश का अनुमान है। ओडिशा में 19 से 21 नवंबर के बीच भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी है।

झारखंड में 20 और 21 नवंबर को भारी बारिश की आशंका, गिरेगा न्यूनतम तापमान

रांची : रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 20 और 21 नवंबर को कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 20 नवंबर को राज्य के दक्षिणी हिस्से के कुछ इलाकों में, जबकि 21 नवंबर को नौ जिलों में भारी बारिश हो सकती है। भारी बारिश की आशंका वाले जिलों में रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, चतेहार और सरायकेला-खरसावां शामिल हैं। साथ ही अगले दो दिनों में राज्य के न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है।

19 और 20 नवंबर को बंगाल में भारी बारिश

कोलकाता : चक्रवाती तूफान अकवन के कारण पश्चिम बंगाल में 19 और 20 नवंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, कोलकाता, हावड़ा और दक्षिण 24 परगना सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश की स्थिति रहेगी। हालात को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

गुरु नानक कॉलेज की नियुक्ति प्रक्रिया पर जेपीएससी की आपत्ति

ग्यारह महीने की अस्थायी नियुक्तियों पर लगा प्रश्न चिन्ह

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। गुरु नानक कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति, सेवा-विस्तार और नियुक्ति-अनुमोदन के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) को भेजे गए प्रस्तावों से जुड़े उपलब्ध दस्तावेज कॉलेज की प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। मामला केवल कुछ शिक्षकों की नियुक्ति का नहीं, बल्कि उस प्रक्रिया का है, जिसके तहत पदों का विज्ञापन निकाला गया, नियुक्तियां हुईं, सेवाएं बढ़ाई गईं और बाद में अनुमोदन के लिए आयोग से संपर्क किया गया। ज्ञात हो कि 14 अप्रैल 2018 की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में दस शिक्षकीय पदों पर ग्यारह महीने के लिए पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति का निर्णय लिया गया था। इनमें वाणिज्य के तीन तथा अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, गणित और हिंदी के एक-एक पद शामिल थे। नियुक्तियों को प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाने की बात भी दर्ज है, लेकिन उपलब्ध कार्यवाही यह स्पष्ट नहीं करती कि विज्ञापित सभी पद विधिवत स्वीकृत और वास्तव में रिक्त थे या नहीं। यह भी स्पष्ट नहीं है कि इन पदों में से किसी पर पूर्व से कोई सेवा-विवाद, न्यायिक मामला अथवा नियुक्ति संबंधी रोक लंबित थी या नहीं।



2019 में नियुक्ति और सेवा-विस्तार का सिलसिला

वहीं 6 अप्रैल 2019 की बैठक में छह शिक्षकों की नियुक्ति का उल्लेख मिलता है। वहीं 27 अगस्त 2019 की कार्यवाही में पांच शिक्षकों की सेवा अगले ग्यारह महीनों के लिए बढ़ाने और पांच अन्य शिक्षकों को ग्यारह महीने के लिए नियुक्त करने का निर्णय दर्ज है। अब प्रश्न यह है कि नियुक्ति और सेवा-विस्तार की इस पूरी प्रक्रिया में विज्ञापन, चयन-समिति, मूल्यांकन और नियमानुसार अनुमोदन की प्रत्येक अनिवार्य शर्त का पालन किस प्रकार किया गया है? 20 मई 2020 को पांच शिक्षकों के कागजात विश्वविद्यालय के माध्यम से जेपीएससी को भेजने का निर्णय हुआ था। इसके बाद 11 जनवरी 2021 की बैठक में दस शिक्षकों के नियुक्ति-प्रस्ताव आयोग को भेजने के लिए सचिव को अधिकृत किया गया। यहां एक बुनियादी अंतर समझना जरूरी है। आयोग को प्रस्ताव भेजने का निर्णय, आयोग की अंतिम स्वीकृति या नियुक्ति का विधिवत अनुमोदन नहीं होता है।

आयोग का 15 सितंबर 2025 का पत्र और 10 बिंदुओं पर आपत्ति

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का 15 सितंबर 2025 का पत्र, जिसका संदर्भ संख्या 09/श्क/बीबीएमकेयू /जेपीएससी - 45/2022-2420 है, इस मामले को और गंभीर बनाता है। यह पत्र इतिहास विभाग के एक सहायक प्राध्यापक के नियुक्ति-प्रस्ताव की समीक्षा से संबंधित है। आयोग ने इस विशिष्ट मामले में पूर्व अनुमति, विश्वविद्यालय के माध्यम से प्रस्ताव भेजने, आरक्षण रोस्टर, विषय-विशेषज्ञ की स्वीकृति, विज्ञापन में चयन-प्रक्रिया, मूल्यांकन के आधार, साक्षात्कार के अंक और चयन-समिति के सदस्यों के हस्ताक्षरयुक्त टैबुलेशन चार्ट सहित दस बिंदुओं पर आपत्तियां दर्ज की। आयोग ने 11 महीने की अस्थायी नियुक्ति और उसके विस्तार के औचित्य पर भी प्रश्न उठाया।

कॉलेज प्रबंधन का पक्षः अनुच्छेद 30(1) के तहत स्वायत्तता

वहीं कॉलेज प्रबंधन ने अपने जवाब में अल्पसंख्यक संस्थान के रूप में संविधान के अनुच्छेद 30(1) के तहत प्राप्त स्वायत्तता का उल्लेख करते हुए प्रक्रिया को नियमानुकूल बताया है। लेकिन उपलब्ध दस्तावेजों से यह प्रमाणित नहीं होता कि आयोग ने कॉलेज के जवाब को स्वीकार कर लिया या अंतिम अनुमोदन दे दिया। यह भी ध्यान रखना होगा कि आयोग की ये आपत्तियां एक विशिष्ट नियुक्ति-प्रस्ताव से जुड़ी हैं; इन्हें स्वतः सभी दस नियुक्तियों पर लागू नहीं माना जा सकता।

सार्वजनिक धन और जवाबदेही का सवाल

इस पूरे प्रकरण का एक महत्वपूर्ण पहलू सरकारी धन और सार्वजनिक जवाबदेही का भी है। गुरु नानक कॉलेज एक डेफिसिट ग्रांट-इन-एड संस्थान है। जिन स्वीकृत शिक्षकीय पदों पर वेतन का भुगतान सरकारी अनुदान से होता है, वहां नियुक्ति की प्रक्रिया केवल कॉलेज का आंतरिक प्रशासनिक मामला नहीं रह जाता है। सरकारी खजाने से वेतन और अन्य अनुदान दिए जाने का अर्थ है कि सार्वजनिक धन के उपयोग के साथ पारदर्शिता, नियमों का पालन और जवाबदेही भी अनिवार्य रूप से जुड़ी है। यदि किसी पद पर नियुक्ति की जाती है, तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि वह पद विधिवत स्वीकृत था या नहीं, वास्तव में रिक्त था या नहीं और नियुक्ति के लिए आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई थी या नहीं।

कॉलेज प्रबंधन से जवाब अपेक्षित

ऐसे में कॉलेज प्रबंधन से कुछ बुनियादी सवालों का जवाब अपेक्षित है — दस पदों की स्वीकृति के आदेश कहाँ हैं? प्रत्येक पद कब और किन परिस्थितियों में रिक्त हुआ? क्या किसी पद को लेकर न्यायालय में विवाद या स्थगनादेश था? चयन-समिति की पूरी कार्यवाही, विज्ञापन, आवेदन, मूल्यांकन-पत्र और नियुक्ति आदेश सार्वजनिक क्यों नहीं किए जाने चाहिए? आयोग की आपत्तियों के बाद कॉलेज ने क्या जवाब दिया और उस पर आयोग का अंतिम निर्णय क्या हुआ? मुद्दा किसी शिक्षक विशेष की योग्यता या व्यक्तिगत सेवा का नहीं, बल्कि संस्थागत प्रक्रिया का है। जब नियुक्तियाँ सरकारी अनुदान से जुड़े पदों पर हों, तब नियमों का पालन केवल औपचारिकता नहीं, सार्वजनिक जवाबदेही की बुनियादी शर्त है।

समस्याओं के समाधान के लिए 18 से 26 नवंबर तक लगेगा विशेष कैंप

धनबाद। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यभर में आयोजित होने वाले जन समस्या निवारण कार्यक्रम के तहत धनबाद विद्युत आपूर्ति अंचल की ओर से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कैंप लगाया जाएगा। विद्युत अधीक्षण अभियंता कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 18 नवंबर से 26 नवंबर तक जिले के विभिन्न विद्युत प्रमंडलों और अवर प्रमंडलों के कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप का संचालन प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगा। इसके लिए हिरापुर, नया बाजार, कतरास, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, निरसा-1, निरसा-2, चिरकुंडा, झरिया, डिगवाडीह, सिंदरी एवं मुकुंदा स्थित विद्युत कार्यालयों को केंद्र बनाया गया है। शिविर में उपभोक्ताओं की विभिन्न बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसमें नया बिजली कनेक्शन लेने, बिजली बिल में सुधार कराने, बिल नहीं मिलने तथा उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट कराने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने, टोला-मोहल्लों में बिजली की समस्या दूर करने तथा नए बिजली पोल और तार की आवश्यकता से संबंधित शिकायतें भी दर्ज की जाएंगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के संबंधित विद्युत कार्यालय में पहुंचकर कैंप का लाभ उठाएं और बिजली से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराएं।

नया कनेक्शन, बिल सुधार से लेकर खराब ट्रांसफॉर्मर और पोल-तार की समस्याओं का होगा निपटारा

दामोदर फिर दूषित : काले पानी में खड़ी होकर व्रतियों और श्रद्धालुओं को देना पड़ा अर्घ्य



नमामि गंगे परियोजना का हाल-बेहाल, नदी किनारे के ओबी डस्ट और रसायनिक बहाव से खतरे में जन-जीवन

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। कोयलांचल की जीवन रेखा दामोदर नदी एक बार फिर प्रदूषित हो चुकी है। इस साल नदी के काली पानी में ही छठ व्रतियों को अर्घ्य देना पड़ा। दूसरी ओर कई बार प्रदूषित जलापूर्ति की खबर भी अखबारों में आ चुकी है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। कहा जाता है कि नमामि गंगे परियोजना के तहत दामोदर के पानी की स्वच्छता को लेकर भी एक बड़ा बजट तैयार गत वर्ष तैयार किया गया है और इस प्रोजेक्ट पर कार्य भी चल रहा है, जिसके अन्तर्गत जल शोधन का काम भी वर्क लिस्ट में है लेकिन दूसरी ओर जो इस वक्त की स्थिति है, इसका उदाहरण यहां का कालू, चमकलीदा, रसायनिक मिश्रण और ओबी डंपिंग के डस्ट के पानी में मिलने के कारण यहां का काला पानी ही प्रदूषित होने का प्रमाण है। भौंरा और इसके आस-पास के ओबी पानी को और भी गंदा कर रहा है, क्योंकि यह नदी से ही सटा है। दूसरी ओर फिर पहले की तरह झारखंड से लेकर पश्चिम बंगाल तक नदी में औद्योगिक कचरा, कोयले की स्लरी और रासायनिक पदार्थ भारी मात्रा में बहाए जा रहे हैं। छठ महापर्व के दौरान धनबाद के महुलबनी, सुदामडीह और चासनाला स्थित दामोदर नदी घाटों पर पानी की सतह पर काले तेल जैसी मोटी परत तैरती देखी गई। सूत्रों के अनुसार बीसीसीएल के भौरा एरिया में ओबी डंपिंग और आसपास की कोल वाशरीज से निकलने वाले कचरे के कारण नदी का पानी पूरी तरह काला और दूषित हो गया है। इससे श्रद्धालुओं को स्नान करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह भी बताया जा रहा है कि कथारा वाशरी का बांध इसी साल अक्टूबर में लगातार बारिश के टूट गया था, जिससे लगभग 30,000 टन कोयले का कचरा और गंदा पानी दामोदर नदी में समा गया था।

अति प्रदूषित नदियों में सूचीबद्ध है यह देव नद

ज्ञात हो कि पर्यावरण वैज्ञानिकों और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में दामोदर को देश की सबसे प्रदूषित नदियों की सूची में रखा गया है। प्रशासन द्वारा जीरो लिक्विड डिस्चार्ज के नियम लागू करने और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर फैक्ट्रियों की लापरवाही बदस्तूर जारी है।

स्वक्षता के प्रति बरती गई लापरवाही

दूसरी ओर मुनीडीह वाशरी से भी बड़े पैमाने पर गंदा पानी दामोदर में बहाए जाने की पुष्टि हुई थी, जिससे झरिया और आसपास के करीब 9 लाख लोगों की जलापूर्ति छठ से पहले बाधित हुई थी, बावजूद स्वक्षता के प्रति लापरवाही बरती गई। यह बात भी प्रकाश में आ रही है कि पश्चिम बंगाल के आसनसोल, बर्नपुर, रानीगंज और दुर्गापुर क्षेत्र में भी दामोदर नदी का पानी पूरी तरह काला पड़ चुका है। कारण, नदी के किनारे स्पंज आयरन फैक्ट्रियों से निकलने वाला महीन आयरन डस्ट (लोहे का चूरा) और फैक्ट्रियों का दूषित पानी सीधे नदी में बहाया जा रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

पेट्रोलियम कारोबारी राजेश पारकरिया की मां का निधन

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। झरिया के पेट्रोलियम कारोबारी राजेश पारकरिया की माता का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने अहले सुबह करीब चार बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से परिवार और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने के बाद कोयलांचल के कई गणमान्य लोग उनके आवास पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उनका अंतिम संस्कार धनसार स्थित गौशाला में किया गया।

अहले सुबह चार बजे ली अंतिम सांस, धनसार गोशाला में हुआ अंतिम संस्कार

धूमधाम से मनी जलाराम बापा की जयंती, निकली शोभायात्रा



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। श्री श्री जलाराम भक्ति मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में संत शिरोमणि जलाराम बापा की 227 वीं जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम जलाराम मंदिर, शास्त्री नगर में किया गया। सुबह मुख्य यजमान वरुण सामरानी के द्वारा पूजन किया गया तत्पश्चात मंदिर से शोभायात्रा निकली जो शास्त्री नगर, करवला रोड, बैंक मोड़ होते हुए कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज शास्त्री नगर पहुंची। शोभा यात्रा में भारी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल थे। साथ ही, भव्य राम दरबार की झांकी भी थी। शोभा यात्रा के पाश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गय, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किये। अवसर पर पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह,पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, कुम्भनाथ सिंह, पार्षद अमरेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर सिंह सहित अनेकों भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष नितिन भट्ट, सचिव मनोज पांडिय, जयेश रावल, किशोर परमार, नरेश चावड़ा, दीपेश चांचनी, दीपेश धनानी, परेश ठक्कर, हिमांशु दोषी, भावेश ठक्कर, लक्ष्मीकांत चावड़ा, हरीश यादव, यमेश त्रिवेदी, आशीष मेहता, लक्ष्मी बेन, शोभना बेन, हिना संघवी, दक्षा यादव, बानी पांडिया,स्वाति ठक्कर,सहित अनेकों का योगदान रहा। दीपेश यात्रानिक ने बताया कि संत जलाराम बापा जयंती हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है।

तापमान लूढ़क कर 28 डिग्री पर पहुंचा, बढ़ी ठंड बंगाल की खाड़ी में बना गहरा अवदाब

धनबाद समेत अन्य राज्यों में बारिश के संकेत

धनबाद। बंगाल की खाड़ी में बना गहरा अवदाब तेजी से चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की ओर बढ़ रहा है। इसका असर झारखंड के कुछ राज्यों में भी दिख सकता है। 20 नवंबर को राज्य के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वहीं 21 नवंबर को लोहरदगा, गुमला, रांची, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, लातेहार, सरायकेला-खरसावां में कहीं-कहीं पर भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद भी 22 और 23 नवंबर को बादल छाये रह सकते हैं। तापमान की बात करें तो धनबाद के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। वर्तमान में अधिकतम तापमान लूढ़क कर 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है।

आने वाले दिनों में और गिरेगा तापमान


धनबाद के तापमान की बात करें तो मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं 17 नवंबर को अधिकतम 28 व न्यूनतम 16 डिग्री, 18 नवंबर को अधिकतम 28 व न्यूनतम 15 डिग्री, 19 नवंबर को अधिकतम 27 व न्यूनतम 16 डिग्री और 20 नवंबर को अधिकतम 27 व न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने का अनुमान है। 17 नवंबर की शाम तक गहरे अवदाब बे चक्रवाती तूफान का रूप ले लिया है। मौसम विभाग के अनुसार, इसके लगातार तीव्र होने और पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने की संभावना है। 20 नवंबर की दोपहर तक यह अति प्रचंड चक्रवाती तूफान के रूप में नेल्लोर और तुती के बीच आंध्र प्रदेश एवं यानम तट से टकरा सकता है।

अक्षय नवमी पर आज सर्वत्र होगी आंवला वृक्ष की पूजा व परिक्रमा

मान्यताः इस दिन पेड़ के नीचे भोजन व दान-पुण्य करने से प्राप्त होता है अक्षय फल

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर बुधवार को आंवला नवमी मनायी जायेगी। इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है। अक्षय मतलब जिसका क्षय नहीं होता है। हिंदू धर्म में आंवला नवमी का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन दान-पुण्य करना बेहद शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि अक्षय नवमी पर पूजा-पाठ, दान-पुण्य और शुभ कार्य करने से कई गुना अधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। अक्षय नवमी का धार्मिक महत्व यह है कि आंवले के पेड़ में भगवान विष्णु,माता लक्ष्मी और शिव जी का वास होता है। इसलिए अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है तथा इस दिन इस पेड़ के नीचे बैठकर लोग मिष्ठान व अन्य प्रकार के सात्विक भोजन करते हैं। शहर के बैंक मोड़, हीरापुर सहित जहां भी आंवला के पेड़ हैं, उसकी पूजा कर उसकी छांव में प्रसाद ग्रहण किया जावेगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय नवमी के दिन से ही द्वापर युग का आरंभ हुआ था। शास्त्रों के अनुसार, इसी दिन महर्षि च्यवन ने आंवले का सेवन किया था, जिससे उन्हें पुनः नव-यौवन और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हुई थी। पुजारी प्रदीप पांडेय के अनुसार इस दिन प्रातः स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण किए जाते हैं और आंवले के पेड़ की जड़ में जल अर्पित कर हल्दी, कुमकुम, पुष्प और कलावा बांधा जाता है। वृक्ष की परिक्रमा की जाती है और दीपदान किया जाता है। आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर भोजन बनाने और खाने की विशेष परंपरा है। यदि बाहर संभव न हो, तो घर में भोजन बनाकर पेड़ की पूजा करने के बाद ग्रहण किया जाता है। इस दिन अन्न, वस्त्र, और जरूरतमंदों को दान करने का विशेष महत्व है, जिसका अक्षय फल मिलता है। इस दिन गंगा स्नान करने की भी मान्यता है।



बैंक मोड़, हीरापुर माडा क्लब सहित अन्य जगहों में जगद्धात्री पूजा आज

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर बुधवार को जगद्धात्री पूजा अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाई जायेगी। शहर के हीरापुर, सरायढेला, बैंक मोड़, कुसुम विहार, बरवाअड्डा, बरमसिया और गोविंदपुर जैसे प्रमुख इलाकों में भव्य पूजा पंडालों में माता की विशाल प्रतिमाएं स्थापित कर इस साल भी पूजा करने की तैयारी की गई हैं। हीरापुर के माडा क्लब में हर साल यह पूजा की जाती है। मां जगद्धात्री मां दुर्गा का ही एक स्वरूप है, इसलिए प्रायः दुर्गा स्थानों में भी इस माता की पूजा की जाती है। बैंक मोड़ में स्वामी विवेकानंद सोशाइटी द्वारा मंदिर प्रांगण में यह पूजा पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुबह से लेकर शाम तक पूरे विधि-विधान से की जायेगी। यहां खिचड़ी का विशेष भोग लगाया जायेगा। लोग अनुदान देकर मिट्टी के भांड में भोग प्राप्त करेंगे। आयोजक द्वारा कीर्तन-भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। दूसरी ओर कोयलानगर के आद्या मंदिर में भी जगद्धात्री पूजा का आयोजन किया गया है।

कांग्रेस नेता अशोक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, कहा

सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना पर संकट, बकाया भुगतान नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी

पीएम पोषण योजना की राशि समय पर जारी करने की मांग, छह-सात महीने से लंबित भुगतान और स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी का मामला उठा

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व पूर्व जिला परिषद सदस्य अशोक कुमार सिंह ने झारखंड के सरकारी विद्यालयों में संचालित पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के संचालन को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। विद्यालयों में बच्चों को नियमित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, लेकिन योजना के लिए समय पर राशि उपलब्ध नहीं होने और पूर्व के बकाया भुगतान लंबित रहने से विद्यालय प्रबंधन की परेशानी बढ़ रही है। कांग्रेस नेता अशोक कुमार सिंह ने इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने तथा लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित


अशोक कुमार सिंह

कराने की मांग की है। पत्र में श्री सिंह ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सामग्री खरीदने की राशि समय पर नहीं मिल रही है। इसके कारण विद्यालयों को उधार पर खाद्य सामग्री खरीदनी पड़ रही है। बकाया भुगतान लगातार बढ़ने से प्रधानाध्यापकों एवं विद्यालय प्रबंधन पर आर्थिक दबाव पड़ रहा है। इसका सीधा असर बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर पड़ने की आशंका है।

पत्र में श्री सिंह ने एक अन्य महत्वपूर्ण समस्या की ओर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है। बताया गया है कि पुराने बकाया भुगतान के लिए डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जा रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सामग्री की खरीदारी अक्सर स्थानीय छोटे दुकानदारों से की जाती है। इनमें कई दुकानदार जीएसटी पंजीकृत नहीं हैं। ऐसे में छह-सात महीने के संचित बिलों का भुगतान करने में तकनीकी एवं प्रक्रियागत कठिनाइयां सामने आ रही हैं। इस स्थिति के समाधान के लिए पत्र में सरकार से चार प्रमुख मांगें की गई हैं। पहली, जिला एवं विद्यालयवार जारी राशि, लंबित राशि और भुगतान की स्थिति की समीक्षा कर बकाया भुगतान के लिए निश्चित समय-सीमा तय की जाए। दूसरी, छह-सात महीने के संचित बकाया बिलों का पारदर्शी सत्यापन कर शीघ्र भुगतान कराया जाए तथा गैर-जीएसटी पंजीकृत स्थानीय दुकानदारों से हुई वास्तविक खरीदारी के लिए स्वीकार्य दस्तावेजों की स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित की जाए।

तीसरी मांग में भविष्य में भोजन संचालन बाधित नहीं होने देने के लिए विद्यालयों को समय पर अग्रिम अथवा नियमित राशि उपलब्ध कराने और रसोइया-सहायिकाओं के मानदेय सहित सभी लंबित देयकों की समीक्षा करने की बात कही गई है। चौथी मांग के तहत समय पर सरकारी राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रधानाध्यापकों द्वारा बच्चों के भोजन के लिए किए गए खर्च के मामलों में उन्हें अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण देने तथा शिकायतों के समाधान के लिए निगरानी व्यवस्था बनाने का आग्रह किया गया है।

पत्र में कहा गया है कि बच्चों का पोषण और शिक्षा से जुड़ा यह महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करते हुए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए, ताकि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन सुचारु रूप से जारी रहे और बच्चों को नियमित पौष्टिक भोजन मिलता रहे।

आठ दशक की वैज्ञानिक विरासत, अब विकसित भारत के संकल्प को नई उड़ान

सिंफर ने मनाया 80वां स्थापना दिवस, खनन सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और क्रिटिकल मिनरल्स पर अनुसंधान को बताया भविष्य की प्राथमिकता


सिंफर के स्थापना दिवस का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि


समारोह में मौजूद वैज्ञानिकगण और अन्य

- हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के अध्यक्ष अनुपम मिश्रा थे मुख्य अतिथि

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। देश के खनन एवं ऊर्जा अनुसंधान को नई दिशा देने वाले सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर), धनबाद ने मंगलवार को अपना 80वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया। आठ दशकों की वैज्ञानिक उपलब्धियों, तकनीकी नवाचार और औद्योगिक विकास में योगदान का साक्षी बना यह समारोह भविष्य की चुनौतियों और विकसित भारत के संकल्प को समर्पित रहा। समारोह में वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने खनन सुरक्षा, स्वच्छ कोयला तकनीक, महत्वपूर्ण खनिजों की पुनर्प्राप्ति और पर्यावरण संरक्षण को भविष्य के अनुसंधान की प्रमुख प्राथमिकता बताया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अनुपम मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमपीडीआईएल, रांची के निदेशक (तकनीकी) आनंद मोहन उपस्थित रहे। इसके अलावा वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. मुरारी प्रसाद राय ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक जी अमरनाथ ने किया, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी कुमारी अंजलि ने किया।

पूर्ववर्ती पीढ़ियों का समर्पण ही संस्थान की सफलता की नींव : मुख्य अतिथि

मुख्य अतिथि अनुपम मिश्रा ने सिंफर परिवार को 80वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संस्थान की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता उसकी पूर्ववर्ती पीढ़ियों के समर्पण, परिश्रम और दूरदर्शिता की नींव पर खड़ी होती है। संगठनात्मक उत्कृष्टता के लिए नेतृत्व क्षमता, सामूहिक कार्य संस्कृति, आपसी सहयोग और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति जरूरी है। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों एवं पेशेवरों से नई चुनौतियों को अवसर के रूप में स्वीकार करने और अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने 'वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो' की प्रेरणादायक पंक्तियों से उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन किया।

वैज्ञानिक अनुसंधान देश की औद्योगिक प्रगति और तकनीकी आत्मनिर्भरता का आधार : आनंद मोहन

विशिष्ट अतिथि आनंद मोहन ने सिंफर को वैज्ञानिक उत्कृष्टता का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए खान सुरक्षा, स्ट्राटा कंट्रोल, सुरक्षित विस्फोटन तकनीक, कोयला परिष्करण और उन्नत खनन तकनीकों में संस्थान के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान देश की औद्योगिक प्रगति और तकनीकी आत्मनिर्भरता का आधार है। स्वच्छ कोयला तकनीक, कोयला गैसीकरण, कार्बन कैप्चर, महत्वपूर्ण खनिजों की पुनर्प्राप्ति और खनन प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्स्थापन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने खनिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

खान सुरक्षा, स्वच्छ कोयला तकनीक, पर्यावरण संरक्षण में संस्थान का महत्वपूर्ण योगदान : निदेशक

समारोह का शुभारंभ भूमि पूजन से हुआ। इसके बाद राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य कार्यक्रम शुरू हुआ। संस्थान के निदेशक प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण में सिंफर की आठ दशकों की वैज्ञानिक यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोयला विज्ञान, खनन प्रौद्योगिकी, खान सुरक्षा, स्वच्छ कोयला तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और आधारभूत संरचना के विकास में संस्थान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।उन्होंने कहा कि संस्थान की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पण और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए क्रिटिकल मिनरल्स, सुरक्षित एवं आधुनिक खनन तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास के क्षेत्र में अनुसंधान को और गति देने की जरूरत है।

विकसित भारत @ 2047 के लिए उद्योग और वैज्ञानिक संस्थानों में बनेगा बेहतर तालमेल

सीएसआईआर-सिंफर के 80वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट मीट फॉर विकसित भारत @ 2047' का आयोजन किया गया। इसमें उद्योग जगत और वैज्ञानिक संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अनुपम मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर (माइनिंग) धनश्याम दास गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में उद्योगों की जरूरतों और वैज्ञानिक अनुसंधान के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर बल दिया गया। इसका उद्देश्य खनन एवं ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देकर विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान देना है।

कतरास पुलिस की तत्परता से तीन वर्षीय लापता बच्चा सकुशल बरामद

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

कतरास। कतरास बाजार ऊपर मोड़ के पास शिवाजी नगर में पुराना तोपचांची रोड निवासी राजेश तुरी का लगभग तीन वर्षीय नाती अंकुश कुमार मंगलवार की सुबह करीब 7:30 से 8 बजे के बीच अचानक घर से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर परिजनों ने इसकी सूचना कतरास पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे की तलाश शुरू की। इस दौरान स्थानीय स्तर पर खोजबीन में समाजसेवी छोटू पासवान (भंडारीडीह) ने भी सहयोग किया। पुलिस और समाजसेवी के संयुक्त प्रयास से बच्चे को सकुशल खोज निकाला गया और परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चे की वापसी से परिजनों ने राहत की सांस ली और कतरास पुलिस के प्रति आभार जताया। बच्चा के पिता का नाम राहुल तुरी है।


कतरास थाना में बच्चे के साथ परिजन

बच्चा वापस मिलने पर बड़ी मां काली के प्रति अटूट आस्था

परिजनों ने बताया कि हमारे घर के बगल में मां काली का मंदिर है। इस मंदिर पर स्थानीय लोगों की अटूट आस्था है और वह सच भी साबित हो गयी। मां काली की कृपा से ही बहुत जल्द हमारा खोया हुआ बच्चा हमें वापस मिल गया। मां काली को हमलोगों ने बलि भी प्रदान की। मां सच्चे मन से मांगी मुरादें पूरी करती हैं।

मधुबन : बंद खदान में भरभरा कर गिरा मलबा, युवक ने तड़पकर तोड़ा दम


रोते-बिलखते परिजन, इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

- अवैध उत्खनन के दौरान काफी अंदर चला गया था मृतक
- काफी मशक्कत के बाद साथियों ने बाहर निकाला शव

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

फुलारीटांड़। मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत बुदौरा से आशाकोठी खटाल जाने वाले मार्ग पर स्थित एक बंद पड़े खदान में मंगलवार को अवैध कोयला उत्खनन के दौरान चाल धंसने से मलबे में एक 24 वर्षीय युवक दब गया और तड़पकर दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान नवागढ़ केवट टोला निवासी स्व युधिष्ठिर धीवर के पुत्र अमरदीप धीवर के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमरदीप मंगलवार को अपने कुछ साथियों के साथ आजीविका और घर के जलावन के लिए कोयला लाने बंद खदान के पास गया था। कोयला खोदने के क्रम में वह खदान के काफी अंदर चला गया। इसी दौरान खदान के ऊपरी हिस्से का चाल अचानक भरभराकर उसके ऊपर आ गिरा जिससे वह मलबे में पूरी तरह से दब गया। हादसे के तुरंत बाद साथियों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे मलबे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इधर, घटना की सूचना मिलते ही मृतक के स्वजन और आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और शव को उठाकर घर ले आए। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए उसे दामोदर नदी घाट पर ले जाया गया।

परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय, कोयला बेचने और मिस्त्री का काम करता था मृतक

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अमरदीप अविवाहित था और पांच भाइयों में सबसे छोटा था। आजीविका और अपने निजी खर्च के लिए कोयला बेचने और बिजली मिस्त्री का काम कर किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। स्वजनों के मुताबिक, कुछ महीने पहले ही बिजली के खंभे पर काम करने के दौरान 11 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया था, जिसका इलाज ग्रामीणों ने आपस में चंदा जुटाकर करवाया था। इस दर्दनाक हादसे के बाद से मृतक की वृद्ध मां वीणा देवी और अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, जबकि घटना के बाद से ही पूरी बस्ती में मातम पसरा हुआ है।

हाजिरी घर के समीप स्थित कमरे को बनाया निशाना, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

अलकुशा कोलियरी के एग्जिबिशन रूम में सेंधमारी, लाखों की संपत्ति चोरी

- तेल, वील्स और मोबिल समेत कीमती सामान ले उड़े चोर

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

केंदुआ। बीसीसीएल के कुसुंडा क्षेत्र अंतर्गत अलकुशा कोलियरी में चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रविवार की देर रात हाजिरी घर के समीप स्थित एग्जिबिशन रूम की पिछली दीवार काटकर चोर कमरे में घुस गए और वहां रखे तेल, ग्रीस, मोबिल, ट्रांसमिशन ऑयल तथा हाइड्रोलिक से संबंधित कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। वारदात के बाद चोरों ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया, ताकि किसी को घटना की भनक न लगे। सोमवार की सुबह कोलियरी कर्मी जब हाजिरी घर पहुंचे और एग्जिबिशन रूम का दरवाजा खोलने का प्रयास किया,


दीवार में बनी सेंध देखते अधिकारी

तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। इससे कर्मियों को संदेह हुआ। इसके बाद जब वे कमरे के पीछे पहुंचे, तो वहां की दीवार में करीब डेढ़ से दो फीट का बड़ा छेद मिला। दीवार काटकर चोरी किए जाने की जानकारी मिलते ही कर्मियों ने इसकी सूचना कोलियरी प्रबंधन को दी।

चोरी गयी संपत्ति की कीमत का किया जा रहा आकलन

फिलहाल चोरी गए सामानों की सूची तैयार की जा रही है। साथ ही नुकसान की अनुमानित कीमत का आकलन किया जा रहा है। घटना को लेकर स्थानीय कोलियरी कर्मियों में आक्रोश है। कर्मियों का कहना है कि कोलियरी क्षेत्र में सीआईएसएफ की तैनाती और नियमित गश्ती के दावे किए जाते हैं। इसके बावजूद चोरों द्वारा दीवार काटकर इस तरह चोरी की घटना को अंजाम देना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है।

कर्मियों ने की रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग

कर्मियों ने प्रबंधन से कोलियरी परिसर में रात्रि गश्ती बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा चोरी की घटना में शामिल आरोपितों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

मुनीडीह में 15 सीम लांगवॉल तकनीक का शुभारंभ हर दिन 8 हजार टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद/पुटकी। कोल इंडिया की पहली भूमिगत खदान मुनीडीह में अत्याधुनिक 15 सीम लॉन्गवॉल सिस्टम से कोयला उत्पादन का बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने डब्ल्यूजे एरिया के मुनीडीह प्रोजेक्ट में मंगलवार को शुभारंभ कर उद्घाटन किया था। इस आधुनिक प्रणाली को बीसीसीएल और कोल इंडिया के लिए भूमिगत खनन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रही है क्योंकि इस लान्गवाल सिस्टम से प्रतिदिन आठ हजार टन कोयले का उत्पादन होगा। साथ ही भूमिगत खनन के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी। यह लॉन्गवाल सिस्टम बीसीसीएल में कोयला उत्पादन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह सिस्टम बीसीसीएल को उत्पादन, संपेषण में मजबूत बनाएगा जो बीसीसीएल की आर्थिक मजबूती का आधार बनेगा। सीएमडी ने कहा कि लॉन्गवॉल तकनीक भूमिगत खनन में मशीनी तकनीक को बढ़ावा देने वाली अपडेटेड सिस्टम है। इससे कोयला उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ खनन कार्य को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही परिचालन दक्षता बढ़ने से भूमिगत खनन के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी।


उद्घाटन के दौरान सीएमडी और अन्य अधिकारी (फाइल फोटो)

मुनीडीह वाशरी में अब अधिक क्षमता के साथ शुरू होगा काम

सीएमडी ने मुनीडीह वाशरी में मेंटेनेंस के कार्य की जायजा लिया। काम पूरा होते ही 15 दिसंबर से वाशरी में अधिक क्षमता के साथ काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद यहां से वाशड कोल का उत्पादन बढ़ेगा जो बीसीसीएल के साथ मुनीडीह प्रोजेक्ट को भी नये आयाम पर पहुंचाएगा।

लैपटॉप, मोबाइल और नकदी चोरी का आरोपित गिरफ्तार



♦ लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद, आरोपी को भेजा गया जेल

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

कतरास। कतरास थाना क्षेत्र के निचितपुर स्थित एक घर में घुसकर लैपटॉप, मोबाइल फोन और नकद चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए लैपटॉप और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, 22 अक्टूबर 2026 को निचितपुर निवासी लोपामुद्रा बेहरा ने कतरास थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि किसी व्यक्ति ने रात में उनके घर में घुसकर लेनोवो कंपनी का लैपटॉप, इंफीनिक्स कंपनी का मोबाइल फोन तथा अलमारी में रखे 10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए रवि बाउरी (20 वर्ष, पिता स्व. अरुण बाउरी, निवासी न्यू केशलपुर, निचितपुर बस्ती) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया लेनेवो लैपटॉप और इनफिनिक्स मोबाइल फोन बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने अप्राथमिकी अभियुक्त रवि बाउरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में धनबाद मंडल कारा भेज दिया गया।

बलियापुर में दो पक्षों के बीच मारपीट, पुलिस ने भांजी लाठियां

♦ आधा दर्जन युवकों को पुलिस ने दबोचा

बलियापुर। मंगलवार की शाम पांच बजे बलियापुर चौक पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने मामले में आधा दर्जन युवकों को मौके पर से धर दबोचा। पकड़े गए युवक कतरास, अलकडीहा व बलियापुर के बाघमारा गांव के बताए गये हैं। लोगों का कहना है कि बलियापुर के एक होटल में खाने-पीने के दौरान युवकों में आपस में विवाद हो गया। दोनों ओर से गरमा गरम बहस हो गयी। फिर दोनों पक्ष कार व बाइक में सवार होकर बलियापुर चौक पहुंचे। चौक पर वाहनों को रोक आपस में भिड़ गये जिससे चौक अफरा-तफरी मच गई। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करने के लिए युवकों पर लाठियां भंजानी पड़ी। इस दौरान पुलिस ने घटना में संलिप्त आधा दर्जन युवकों को धर दबोचा। प्रभारी थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा युवकों से पूछताछ चल रही है। अभी तक किसी पक्ष ने शिकायत नहीं की है। शिकायत मिलते ही मामले में कार्रवाई की जाएगी।

बाघमारा के आवाम में अमिट छाप छोड़ गया थर्डजेंडर अनूप



♦ अपने कला के फन से बनाई पहचान, निधन से पसरा मातम

♦ दिल्ली व मुरादाबाद से पहुंचे परिजनों ने किया अंतिम दर्शन

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

बाघमारा। चित्रकारी में अच्छे अच्छों की होश उड़ाने वाला, गर्म मिजाज व्यक्ति को पल भर में हंसा देने वाला हर दिल अजीज बाघमारा में रहने वाला थर्डजेंडर अनूप अब इस दुनिया में नहीं रहा। उनकी मौत की खबर सबसे पहले हरिणा बस्ती की गलियारों से निकली, जिसकी गूंज बाघमारा से होते हुए दिल्ली व मुरादाबाद में रहने वाले उनके परिजनों तक पहुंची। जिसका परिणाम है कि सूचना मिलते ही भगिनी पूजा एवं पल्लवी चन्द्रा, भगिन दामाद राजीव कुमार एवं पुनीत कुमार हरिणा पहुंच उनके पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर दाह संस्कार में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि मूल रूप से कतरास निवासी अनूप ने अपना संपूर्ण जीवन बाघमारा क्षेत्र में ही बिताया। हरिणा बस्ती स्थित गौरी धाम के समीप सामुदायिक भवन में रहने वाले अनूप अपनी चित्रकारी की कला और स्वाभिमान के लिए जाने जाते थे। उन्होंने कभी किसी के सामने हाथ नहीं फैलाया, बल्कि अपनी कला से मेहनत की कमाई कर जीवन यापन किया।

सरकारी आवास रह गया सपना

अनूप को करीब से जानने वालों लोगों की मानें तो उसका सपना था कि उसका भी एक अपना ठिकाना हो, पक्का मकान हो जहां वह चैन की नींद सो सके। जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा उसकी फरियाद पर बड़ा पांडेयडीह में सरकारी जमीन व आवास मुहैया कराई गई थी, लेकिन एकांतवास का हवाला देकर अनूप उक्त भूमि पर रहना पसंद नहीं किया। लेकिन थर्डजेंडर होने के बावजूद किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया। अपनी कलाकारी के दम पर दो वक्त की रोटी को ही अपना नसीब समझा।

जनता दरबार में सुनी गई आमजनों की समस्याएं



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार मंगलवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको ने आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए। जनता दरबार में वेतन कटौती, पंचायत भवन की मरम्मत में घटिया ईंटों के उपयोग की जांच, जबरन पेड़ काटने, भूमि विवाद, चिकित्सा सहायता समेत अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

डीसीए चैंपियंस लीग (सीनियर) टूर्नामेंट 19 से जियलगोरा स्टेडियम में

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। धनबाद क्रिकेट संघ (डीसीए) का इमेजिका डायग्नोस्टिक डीसीए चैंपियंस लीग (सीनियर) टूर्नामेंट 19 नवंबर से जियलगोरा स्टेडियम में शुरू होगा। मंगलवार को इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई। सभी मैच जियलगोरा स्टेडियम में खेले जाएंगे। फाइनल 22 नवंबर को खेला जाएगा। इसके लिए डीसीए रेड, डीसीए ग्रीन, डीसीए ब्लू एवं डीसीए येलो टीम की घोषणा भी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 19 नवंबर को सुबह पौने नौ बजे डीसीए रेड व डीसीए ग्रीन एवं साढ़े बारह बजे डीसीए ब्लू व डीसीए येलो के बीच मैच खेले जाएंगे। वहीं 20 नवंबर को सुबह पौने नौ बजे डीसीए रेड एवं डीसीए ब्लू और साढ़े बारह बजे डीसीए ग्रीन एवं डीसीए येलो टीम को 21 नवंबर को सुबह पौने नौ बजे डीसीए रेड एवं डीसीए येलो और साढ़े बारह बजे डीसीए ग्रीन व डीसीए ब्लू के बीच मैच होगा। 22 नवंबर को नौ बजे से फाइनल खेला जाएगा।

टीम इस प्रकार है।

डीसीए ग्रीन: श्रेष्ठ (कप्तान), रोहित कुमार यादव (विकेटकीपर), रोबिन मंडल, आदित्य सिंह, शूरवीर चंद्रा, अनुराग सिंह सेंगर , सुशांत सिन्हा, दीपक कुमार सिंह, जीशान हुसैन, आनंद राज, अभिषेक कुमार, अनमोल प्रताप सिंह, मो. हसन आसिफ और रूद्र शर्मा। कोच : आसिफ फहद।

डीसीए रेड: आदित्य नारायण (कप्तान), रिद्धान चौरसिया (विकेटकीपर), फहद आफताब, राजवीर सिंह, शुभम सिन्हा, राजेश कुमार, सन्नी कुमार यादव, राहुल मिश्रा, आशीष आकाश, अंकित कुमार सिंह, सौविक भट्टाचार्य, प्रियांशु रंजन, कुणाल कुमार सिंह और सोनू कुमार राव। कोचः उमेश श्रीवास्तव।

डीसीए येलो: स्पर्श त्यागी (कप्तान), कृत कमल सिंह (विकेटकीपर), एकलव्य सिंह, रणवीर सिंह, आयुष राज, अरवाज शेख, प्रिंस कुमार पासवान, मोहित कुमार राय, राजा कुमार, मो. मुजम्मिल हुसैन, आदित्य सिंह, विशाल कुमार महतो, दिव्यांशु कुमार और अहान विश्वास। कोचः तारिक अजीज।

डीसीए ब्लू: राहुल प्रसाद (कप्तान), अंकित राज सिंह (विकेटकीपर), गणेश कुमार गुप्ता (विकेटकीपर), सुधीर राय, रोहित कुमार, इंद्रजीत हरि, मो. शाकिब, अमन कुमार सिंह, चंदन शर्मा, विजय प्रताप सिंह, विभूति भास्कर, रणवीर सिंह, सोहैल अहमद कैफ, गुड्डू यादव और युवराज सिंह।

रामसेवक बने झारखंड जदयू के संगठन प्रभारी



धनबाद। बिहार के पूर्व मंत्री सह विधायक रामसेवक सिंह को झारखंड प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) का संगठन प्रभारी बनाए जाने पर धनबाद जिला जदयू के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस संबंध में धनबाद जिला जदयू के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने बयान जारी कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने रामसेवक सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर भी बधाई दी। पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि रामसेवक सिंह को झारखंड का संगठन प्रभारी बनाए जाने से प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी। उनके अनुभव और नेतृत्व में झारखंड में जदयू का संगठनात्मक विस्तार होगा तथा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी के साथ पार्टी झारखंड में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को और गति प्रदान करेगी।

आरएलडी के अध्यक्ष ने निचितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की , डीआरएम को लिखा पत्र

धनबाद। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश (आरएलडी) अध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश सह हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव डी पी लाल ने मंडल रेल प्रबंधक धनबाद मंडल को पत्र लिख कर मंडल के अन्तर्गत निचितपुर रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म का सतह को ट्रेन के पैदान के उंचाई तक का निर्माण करने का आग्रह किया है। उपरोक्त विषय की मंडल प्रबंधक का आकर्षित करते हुए उन्होंने कहना है कि निचितपुर रेलवे स स्टेशन के प्लेटफारम की सतह, ट्रेन के पैदान की सतह की बराबर उंचाई नहीं रहने से यात्रियों को ट्रेन से उतरने एवं चढ़ने में काफी असुविधा होती रही है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से यह सुविधा यात्रियों को उपलब्ध कराना अति आवश्यक है। पत्र में उन्होंने निचितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की सतह को ट्रेन के पैदान की सतह की उंचाई तक निर्माणकरने के लिये संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह जनहित में किया है। इस सन्दर्भ में उन्होंने रेल मंत्री के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, जो कि भारत सरकार शिक्षा राज्य केन्द्रीय मंत्री है, को इस सन्दर्भ में पत्र लिख कर इस पर यथोचित कार्यवाही का आग्रह किया है।

लाइफ अराउंड माइंस आयोजन का आयोजन आज

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे फ्लैश आर्ट अभियान ह्वाकेनवास ऑफ धनबाद के अंतर्गत बुधवार 18 नवंबर 2026 को युवा कलाकारों के लिए एक विशेष भ्रमण कार्यक्रम **एक्सपोजर विजिट :** लाइफ अराउंड माइंस आयोजन होगा। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न कलियरी सहित कोयला उत्पादन सहित अन्य सम्बंधित संस्थानों को परिभ्रमन करवाया जायेगा।

असर्फी का जागरुकता वॉकथॉन : सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सड़कों पर उतरे 150 से अधिक लोग



वॉकथॉन में शामिल लोग

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस पर असर्फी कैंसर इंस्टीट्यूट की ओर से मंगलवार को जागरूकता वॉकथॉन निकाली गई। रणधीर वर्मा चौक से शुरू होकर सिटी सेंटर तक पहुंची इस वॉकथॉन में 150 से अधिक लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ऑन्कोलॉजिस्ट, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, शिक्षक और नर्सिंग विद्यार्थियों ने कंधे से कंधा मिलाकर समाज को जागरूक किया। वॉकथॉन के दौरान प्रतिभागियों ने आम जनता को सर्वाइकल कैंसर के शुरूआती लक्षणों, नियमित स्वास्थ्य जांच, एचपीवी (एचपीवी) टीकाकरण और समय पर चिकित्सकीय परामर्श के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जागरूकता पर्चे भी वितरित किए गए। सिटी सेंटर पहुंचने पर प्रतिभागियों ने महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन में असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह, प्रेसिडेंट (ग्रोथ एंड डेवलपमेंट) शुभांशु रॉय, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ रजत मोहंती और डॉ आशुतोष पराशर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 15 नवंबर आरम्भ हुए विभिन्न कार्यक्रमों का 28 नवंबर आयोजन होगा है। इसी कड़ी में उपायुक्त आदित्य रंजन के निदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित तिथियों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 17 नवंबर को बाघमारा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।इस दौरान 18 यूनिट रक्त संग्रहालय किया गया।वहीं 18 नवंबर को बलियापुर, 19 नवंबर को गोविंदपुर, 21 नवंबर को झरिया, 22 नवंबर को निरसा,



23 नवंबर को सदर, 24 नवंबर को तोपचांची तथा 25 नवंबर को टुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

20 नवंबर को सदर अस्पताल में जिला स्तरीय रक्तदान शिविर: वहीं 20 नवंबर 2026 को सदर अस्पताल, धनबाद में जिला स्तरीय रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दिन किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलग से रक्तदान शिविर का आयोजन नहीं होगा। अधिकाधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रखंड एवं थाना स्तर के पदाधिकारियों तथा कर्मियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

जिला स्तरीय ग्रामीण और स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता हुआ आरम्भ

धनबाद। झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय, के संयुक्त तत्वावधान में मांगलवार से मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में जिला स्तरीय ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता2026 के अंतर्गत आर्चरी (तीरंदाजी) एवं बॉक्सिंग (मुक्केबाजी) खेल प्रतियोगिताओं के प्रथम वरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण,शहरी एवं जनजातीय क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना तथा जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस आयोजन में संबंधित खेलों के तकनीकी पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की सहभागिता से प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया। जिला प्रशासन, धनबाद एवं जिला खेल कार्यालय द्वारा आगामी दिनों में भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों से प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की गई है।

सीपीपी प्लांट गैस रिसाव मामले में लोयाबाद के युवक से थाना में होगी पूछताछ

लोयाबाद। मुनीडीह ओपी पुलिस मंगलवार को सीपीपी प्लांट गैस रिसाव मामले के आरोपी लोयाबाद पांच नंबर के इब्राहिम को नोटिस तामीला करा कर 20 नवंबर को पूछताछ के लिए थाना में हाजिर होने को कहा है। अप्रैल में सीपीपी प्लांट में गैस रिसाव में चार लोगों की मौत के बाद मुनिडीह ओपी पुलिस ने जीएम, सीआईएसएफ के अलावा छह नामजद व पांच छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। नामजद आरोपियों में चार की गैस से मौत हो चुकी है। मालूम हो कि अप्रैल में इस प्लांट में लौह सामग्री चोरी करने के दौरान गैस रिसाव से उक्त घटना घटी थी। मृतकों में लोयाबाद का युवक अजहर उद्दीन भी शामिल था।

तोपचांची : रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक की दूसरे ट्रक से टक्कर, चालक गंभीर

तोपचांची। तोपचांची में एनएच पर रॉन्ग साइड से आ रहे एक ट्रक की सामने से आ रही दूसरी कंटेनर ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं कंटेनर का चालक और उप चालक फरार बताया जा रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक रेलवे का मल लदा ट्रक गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहा था, तभी सामने से आ रहे दूसरे कंटेनर ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक सपन मुखर्जी (50 वर्ष, गोमो सुभाष नगर निवासी) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर तोपचांची पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल चालक को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा गया।

एमपीएल में तकनीकी प्रदर्शनी सह जुगाड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ

♦ सीमित संसाधनों में गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन के 18 मॉडल प्रदर्शित किए गए

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। एमपीएल में गुणवत्ता माह के अवसर पर तकनीकी प्रदर्शनी सह जुगाड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को एमपीएल के सीईओ बासुदेव हांसदा, डीएसटीपीएस के महाप्रबंधक आपरेशन अर्रुंधति मुखर्जी ने किया। मौके पर एमपीएल के चीफ ओएण्डएम सतीश प्रभु, चीफ ओएण्डएम सर्विसेज डीके मंगवाल, डीएसटीपीएस से आए वरीय प्रबंधक योगेश मिलन सहित एमपीएल पदाधिकारीगण उपस्थित थे। एमपीएल में पहली बार आयोजित इस अभिनव पहल का उद्देश्य सीमित संसाधनों और सीमित संसाधनों में स्थानीय तकनीकी उपायों एवं रचनात्मक सोच के माध्यम से उपकरणों को अधिक कारगर, उपयोगी और कार्यशील बनाने के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी कार्य निष्पादन को प्रोत्साहित करना है। प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सीएचपी, द्वितीय स्थान एफएएम तथा तृतीय स्थान पर आपरेशन विभाग की टीम रही। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न विभागों के अभियंताओं द्वारा कुल 18 नवाचारी मॉडल प्रदर्शित किए। इनमें ईएमडी, सीएचपी, एएसपी, एफएएम, रसायन, आपरेशन एवं एमएमडी विभाग के अभियंता अपने जुगाड़ आधारित तकनीकी माडल प्रस्तुत कर निर्णायक मंडली के समक्ष उनकी उपयोगिता, कार्यक्षमता एवं व्यावहारिक लाभों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन लेजर तथा तीसरे दिन डेल्टा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। एमपीएल के सीईओ बासुदेव हांसदा ने कहा कि नवाचार केवल बड़े निवेश या अत्याधुनिक तकनीक का मोहताज नहीं होता, बल्कि यह रचनात्मक सोच, अनुभव और समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने की क्षमता से जन्म लेता है। जुगाड़ आधारित तकनीकी माडल अभियंताओं की इसी नवाचारी सोच और कार्यकुशलता के परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि सीमित संसाधनों में भी सरल, सुरक्षित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान विकसित किए जाएं, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर कार्यस्थल पर तत्काल उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने अभियंताओं से एक-दूसरे के नवाचारों से सीखने और नए प्रयोगों के माध्यम से कार्यक्षमता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर छोटी पहल बड़े बदलाव का आधार बन सकती है। गुणवत्ता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए।



लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत आम जनता का वोट : संतोष सिंह

♦ बाघमारा के घोराठी गांव में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत जन चौपाल, ग्रामीणों को मताधिकार के प्रति किया गया जागरूक

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

धनबाद। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत बाघमारा प्रखंड की खानुडीह पंचायत स्थित घोराठी गांव के पंडेय टोला में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को लोकतंत्र की मजबूती, मताधिकार की रक्षा और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता के प्रति जागरूक किया गया। जन चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा पर विस्तार से चर्चा की। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत आम जनता का वोट है। वोट केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार और उसकी आवाज है। इस अधिकार की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को लेकर लोगों में जागरूकता जरूरी है, ताकि कोई भी योग्य मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। वोट की ताकत को कमजोर करने की किसी भी कोशिश के प्रति जनता को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहें और गांव के प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने को सुनिश्चित करें। पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की बुनियाद है। प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपने और परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में जांचने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या परेशानी होने पर संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने की अपील की। उन्होंने ह्वायोट बचाओ, देश बचाओ अभियान का संदेश गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।



दिव्य गंगा महाआरती : केंदुआ में दिखी बनारस की भव्य छटा

- मंत्रोच्चार से श्रद्धालुओं को हुई आध्यात्मिक अनुभूति
- हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा इलाका, दीपों की रोशनी से जगमगाया जलाशय


गंगा आरती करते पुरोहित

आवाज प्रतिनिधि । 17 नवंबर

केंदुआ। केंदुआ पांच नंबर स्थित ऐतिहासिक छठ तालाब के तट पर बनारस की तर्ज पर भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। कार्तिक मास के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। शंखनाद, वैदिक मंत्रोच्चार, दीपों की जगमगाहट और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। महाआरती के दौरान छठ तालाब का नजारा काशी के गंगा घाटों जैसा प्रतीत हो रहा था। इस अवसर पर बनारस से पहुंचे विद्वान पुजारियों की टीम ने पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक तरीके से गंगा महाआरती संपन्न कराई। पुजारियों द्वारा एक साथ विशाल दीपों से की गई आरती और मंत्रोच्चार ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराई। वहीं, बनारस की प्रियल मंडली के भजन गायक एवं उनकी टीम की भक्तिमय प्रस्तुतियों ने लोगों को भावविभोर कर दिया। भजनों की मधुर धुन और श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा परिसर गूंजता रहा।

केंदुआ के लिए यादगार बन गयी धार्मिक परंपरा

महाआरती के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग पहुंचे। दीपों से सजे तालाब के तट का मनमोहक दृश्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालुओं ने इस अलौकिक पल को अपने मोबाइल कैमरों में भी कैद किया। बनारस की धार्मिक परंपरा को केंदुआ की धरती पर साकार करने वाला यह आयोजन लोगों के लिए यादगार बन गया। कार्यक्रम में एन वत्सव की ओर से आयोजित किया गया। मौके पर अवधेश पासवान, गोलू रवानी, केंदुआडीह थाना प्रभारी शशि रंजन, गोबिंदा राउत, संयोजक रामबालक पासवान, अध्यक्ष राजेंद्र पासवान, कृष्णा रावत, अमर पासवान, अनु पासवान, संजय, विनय वर्मा, महादेव पासवान, दिलीप पासवान, अमित पासवान, अजय पासवान, ऋषि पासवान, विजय पासवान, अजीत पासवान, गुड्डू पासवान, बंटी पासवान, बुधन पासवान, विक्की पासवान, आकाश पासवान, छागुन पासवान एवं रवि पासवान सहित वत्सव के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

गंगा आरती की प्रज्वलित दीपमाला से जगमगा उठा रंगडीह तालाब का हर कोना



गोविंदपुर। रंगडीह जोड़िया में भव्य एवं दिव्य गंगा आरती का आयोजन कौवाबांध एवं रंगडीह छठ पूजा समिति ने मंगलवार की शाम किया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अद्भुत, अद्वितीय, आलौकिक व अविस्मरणीय गंगा आरती के वैदिक मंत्रोच्चार से ऐसा लगा मानो बनारस का गंगा घाट यहां उतर आया हो। सूरज की ढलती रोशनी एवं गंगा आरती की दीपमाला जब प्रज्वलित हुई तो रोशनी से हर कोना जगमगा उठा। बनारस से आए आचार्यों की टोली ने गंगा आरती की प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डीएन सिंह, भाजपा नेत्री तारा देवी, व हरला जोड़ी मंदिर के महंत लक्ष्मी नारायण पुरी विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने आयोजकों का हौसला बढ़ाया। इस आयोजन में डब्लू साव, मनोज साव, प्रदीप गोस्वामी, सोनू सिंह, सिकंदर, बिजेंद्र, दिलीप गोस्वामी, बहादुर, राजेश, सूरज आदि सक्रिय थे।

सोनारडीह से रामराज मंदिर तक सड़क निर्माण पर की गयी टिप्पणी पर पलटवार

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह की मानसिकता सनातन विरोधी : अनूप साव


अनूप साव

आवाज प्रतिनिधि । 17 नवंबर

झरिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह द्वारा सोनारडीह से लेकर रामराज मंदिर तक डीएमएफटी फंड से निर्मित सड़क पर दी गई प्रतिक्रिया पर पलटवार करते हुए झरिया के पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने कहा कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष की मानसिकता ओछी है और वे सनातन विरोधी हैं। अनूप साव ने कहा कि सांसद ढुलू महतो ने जनता के सहयोग से चीटाही में रामराज मंदिर की स्थापना की। पूरे झारखंड प्रदेश में रामराज मंदिर की लोकप्रियता जगजाहिर है, जहां हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन को आते हैं। उन्होंने कहा कि उन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हुए सड़क निर्माण को सांसद ढुलू महतो की पुत्री के विवाह से जोड़ना कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। सड़क की निविदा एवं कार्य आदेश 2023 में ही निकले थे। उस समय तो सांसद की पुत्री का विवाह भी तय नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म अनादि, शाश्वत और अमानवीय-अन्यायपूर्ण ताकतों से परे एक जीवन पद्धति है। सनातन का विरोध करने वालों और इसके अनादर का प्रयास करने वाले संतोष सिंह का वैचारिक, लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक रूप से कड़ा विरोध होना चाहिए।

क्विज और खेल प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले को मुखिया ने किया सम्मानित

- मृत्रिया सुनीता मल्लिक ने किया सम्मानित


प्रतिभागियों के साथ मुखिया सुनीता मल्लिक, उपप्रमुख आशा देवी और अन्य

आवाज प्रतिनिधि । 17 नवंबर

बलियापुर। झारखंड स्थापना दिवस और बाल दिवस पर बलियापुर प्रखंड अंतर्गत दोलाबड़ पंचायत की मुखिया सुनीता मल्लिक के सौजन्य से पंचायत के सभी स्कूलों के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता और खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सुनीता मल्लिक एवं संचालन प्रो वरुण सरकार ने किया। मुखिया सुनीता मल्लिक ने बताया कि हर वर्ष इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और आगे भी किया जाएगा। सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथि प्रखंड उपप्रमुख आशा देवी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में अनुशासन, नैतिक मूल्य और आगे बढ़ने की ललक पैदा करते हैं, जो एक सशक्त समाज के निर्माण के लिए बेहद जरूरी है। क्विज में अंजली दास, रिया कुमारी मंडल, आकाश टुडू, धनंजय बाउरी प्रथम आए। दौड़ में रितेश बाउरी, प्रीति कुमारी, मुकेश हेम्ब्रम, देव कुमार लया, अष्टमी कुमारी, सुशील सोरेन, नंदनी कुमारी अव्वल रहीं। सभी को मेडल, ट्रॉफी और स्कूल बैग देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, सहायिका और पोषण सखी को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश मल्लिक, स्वपन कुमार महतो, सनातन कीर्तनिया, दिलीप गोप, अचिन्तो पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, श्रीकांत महतो, अजीत गोप, उज्ज्वल सेन आदि उपस्थित थे।

धैया में आयोजित श्री खाटू श्याम बाबा के जागरण में शामिल हुए रणविजय सिंह



धनबाद। धैया स्थित तमाशा मैरिज हॉल में आयोजित भव्य श्री खाटू श्याम बाबा के जागरण में हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान सिंह ने बाबा खाटू श्याम के दरबार में माथा टेका और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

चोरी के मामले में भुक्तभोगी ने तीन लोगों पर जताया संदेह, शिकायत दर्ज

बलियापुर। प्रधानखंता सुड़ीकुल्ही में रविवार की रात एक बंद घर का ताला तोड़कर चोरी के बाद भुक्तभोगी किशन कुमार गुप्ता ने मंगलवार को थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। किशन कुमार गुप्ता ने लिखित शिकायत कर प्रधानखंता के ही तीन लोगों पर संदेह व्यक्त किया है। उन्होंने पुलिस से इन संदिग्ध लोगों से घटना को लेकर पूछताछ करने की मांग की है। मालूम हो कि प्रधानखंता सुड़ीकुल्ही निवासी भुक्तभोगी किशन कुमार गुप्ता अपने बड़े के साथ सपरिवार छठ मनाने टिहरी अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। घर फाका देख चोरों ने मुख्य दरवाजे व अलमीरा का ताला तोड़कर नकद तीन लाख रूपए व सोने के आभूषण चोरी ले भागे थे। घटना को ले परिवार सहित पुरा गांव डरा-सहमा हुआ है। थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने कहा कि मामले की लिखित शिकायत की है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

बीबीएमकेयू में कुड़माली के स्नातकोत्तर और पीएचडी शुरू करने की मांग

बलियापुर। कुड़माली छात्र संगठन के दिवाकर महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बीबीएमकेयू धनबाद में कुड़माली विषय में स्नातकोत्तर एवं शोध (पीएचडी) की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की गयी है। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि धनबाद एवं बोकारो जिला में कुड़माली विषय में स्नातक की पढ़ाई के बाद छात्र-छात्राओं को स्नातकोत्तर एवं शोध (पीएचडी) के लिए दूसरे विश्वविद्यालयों में जाना पड़ता है। इससे छात्र-छात्राओं को परेशानी होती है। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांगों पर पहल करने का आश्वासन दिया है।

धनबाद प्रखंड कार्यालय में पांच झारखंड आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

पुटकी। झारखंड स्थापना दिवस पर धनबाद बीडीओ विकास आनंद के नेतृत्व में पुटकी शिवशंकर नगर तालाब में 'रन फॉर क्लीनलीनेस' अभियान के तहत अरलगड़िया पंचायत अंतर्गत शिव शंकर स्थित छठ घाट की व्यापक साफ-सफाई की गयी। वहीं गरभुडीह स्थित प्रखंड कार्यालय में स्थापना दिवस के मौके पर झारखंड आंदोलनकारी रहे आजसू जिला अध्यक्ष सदानंद उर्फ मंटू महतो, दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन डब्लूजे एरिया मुनीडीह के सचिव विनोद सिन्हा, प्रयाग महतो (मुनीडीह बस्ती),राजकुमार महतो (अरलगड़िया) एवं राजेंद्र महतो (कुस्तोर) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख आरती देवी, उप प्रमुख मनीषा सिंह,अरलगड़िया पंचायत मुखिया नीतू सिंह सहित सभी पंचायत के प्रतिनिधि व प्रखंड व अंचल के कर्मी मौजूद थे।

गोपाष्टमी पर मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा ने की गोसेवा और पूजा


गोसेवा में शामिल सदस्य

आवाज प्रतिनिधि । 17 नवंबर

झरिया। गोपाष्टमी के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा झरिया-धनबाद गोशाला में गो सेवा एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोमाता की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ की गयी। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने गोमाता को तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला अर्पित कर उनका पूजन किया। साथ ही गोमाता को गुड़, हरा चारा एवं फल खिलाकर गोसेवा की। इस अवसर पर गाशाला में गोमाता की देखभाल एवं सेवा में समर्पित कर्मचारियों और सेवाकर्मियों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए उन्हें फल एवं मिठाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मंच के सदस्यों ने गौसेवा, गौ संरक्षण एवं समाज के प्रति सेवा भावना का संदेश दिया। सभी सदस्यों ने गोमाता की सेवा एवं संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। मंच के सदस्यों ने कहा कि गौमाता हमारी संस्कृति और श्रद्धा का प्रतीक हैं। उनकी सेवा करना केवल पुण्य का कार्य नहीं, बल्कि मानवता और संस्कारों का परिचय है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष किरण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विनोद कासट, रूपेश तुलस्यान, ममता तुलस्यान, आशा कासट, संयोजक अंकित तुलस्यान, पूनम तुलस्यान, अमित अग्रवाल उपस्थित थे।

डूमरी में प्रभात फेरी में गूंजे 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल'


प्रभात फेरी में शमिल सिख समुदाय के लोग

आवाज प्रतिनिधि । 17 नवंबर

जोरापोखर। जोरापोखर क्षेत्र के डूमरी चार नंबर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रथम दिन अहले सुबह भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में सिख समाज के लोग अपने परिवार के साथ शामिल हुए। आगे-आगे श्रद्धालु निशान साहिब लेकर चल रहे थे,तो पीछे स्त्री सत्संग द्वारा शब्द कीर्तन जिसके सिर ऊपर तू स्वामी सो दुःख कैसा आवे और तुमरी शरण तुम ही आसा तुम ही सजन सुहेले प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। पूरे क्षेत्र में बोले सो निहाल,सत श्री अकाल के जयकारे गूंजते रहे। जगह-जगह प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। प्रभात फेरी डूमरी दो नंबर, कॉ- ऑपरेटिव कॉलोनी, डूमरी तीन नंबर होते हुए डूमरी चार नंबर गुरुद्वारा पहुंची। वहां बाबा के नाम का अरदास किया गया। इसके बाद समूह संगत के बीच प्रसाद और नाश्ते का वितरण किया गया। इसे सफल बनाने में अमरीक सिंह, गुरभेज सिंह, जसपाल सिंह, मोती सिंह, बलविन्द्र सिंह, गगन सिंह सहित अन्य शामिल थे।

गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व को लेकर सिंदरी में निकली पहली प्रभात फेरी



सिंदरी। सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 557 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार, 17 नवंबर को गुरु नानक सिंह सभा, सिंदरी की ओर से पहली प्रभात फेरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान पूरा वातावरण गुरु नानक देव जी के जयकारों एवं गुरुवाणी के मधुर शब्दों से भक्तिमय हो उठा। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज का स्मरण करते हुए संगत के साथ नगर भ्रमण किया। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर संगत ने धन-धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 557 वें प्रकाश गुरुपर्व को लेकर अपनी खुशी व्यक्त की। प्रभातफेरी में गुरुद्वारा के ग्रंथी बलबीर सिंह, सभा के प्रधान जसप्रीत सिंह, रेनू, हरेंद्र सिंह, जगदीश्वर सिंह, जगजीत सिंह, प्रेम सिंह, दलविंदर सिंह, सतविंदर सिंह, बलवीर सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरविंदर सिंह, मनजीत सिंह उप्पल, जसपाल कौर, हरभजन कौर, मनजीत कौर एवं दविंदर कौर, हरजीत कौर सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

बस्ताकोला गोशाला में गोपाष्टमी मेला शुरू, कवि सम्मेलन में देर रात तक झूमे श्रोता

- 106 वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन
- गो माता की महाआरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां


पुस्तक का विमोचन करते सदस्य, मेयर संजीव सिंह, पूर्व सांसद पीएन सिंह और अन्य

आवाज प्रतिनिधि । 17 नवंबर

भगतडीह। श्री झरिया-धनबाद गोशाला, बस्ताकोला में मंगलवार को दो दिवसीय गोपाष्टमी मेला एवं 106वें वार्षिक अधिवेशन का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गोशाला परिसर में वृहद मेले, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परम गोभक्त अशोक सांवरिया एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा सुबह गोपूजन और हवन के साथ की गई। शाम को मेला अध्यक्ष अशोक सांवरिया का मारवाड़ी विद्यालय की स्काउट पार्टी ने स्वागत किया। इसके बाद ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गोशाला परिसर में गो माता की भव्य महाआरती की गई। इसके बाद यशोमति विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर, झरिया के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मंचासीन अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया। वहीं, गोशाला के सचिव मुरलीधर पोद्दार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर संस्था की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। रात्रि में कवि सम्मेलन अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध व्यवसायी तथा परम गौभक्त संदीप झुनझुनवाला के आमंत्रण पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें जबलपुर के सुदीप भोला, आगरा के प्रताप फौजदार, उन्नाव के स्वयं श्रीवास्तव, गोरखपुर के नीर गोरखपुरी, सीहोर की मणिका दुबे एवं दिल्ली के डॉ. प्रवीण शुक्ल ने अपनी हास्य, व्यंग्य एवं ओजपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कवियों की शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शक तालियां बजाते रहे और पूरा परिसर ठहाकों से गूंजता रहा। बुधवार को मेले के दूसरे दिन झूले, चलचित्र, मूर्ति प्रदर्शनी, मनोरंजन, खेल-तमाशे सहित कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में गौशाला अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, सचिव मुरलीधर पोद्दार, द्वारका प्रसाद गोयनका, हरिराम गुप्ता, कैलाश प्रसाद चौधरी, रामप्रसाद कटेसरिया, रमेश रिटोलिया, शिवकुमार खेमका, सत्यनारायण भोजगढ़िया, अनिल खेमका, शारदानंद सिंह, जगदीश तुलस्यान, अशोक सराफ, नवीन कटेसरिया, निशांत गोयनका, अनिल खरकिया, प्रमोद अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, संदीप सांवरिया, बृजमोहन अग्रवाल, विनोद शर्मा, पवन मित्तल, जयंत हेलीवाल सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आंवला नवमी विशेष

जलवायु संकट की आंच गर्भवती मां पर

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब केवल मौसम के असंतुलन, कृषि उत्पादन में गिरावट और समुद्र के बढ़ते जलस्तर तक सीमित नहीं रह गया है। इसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। खासकर गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भ में पल रहे बच्चों के लिए बढ़ता तापमान एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। भीषण गर्मी और लू के कारण समय से पहले प्रसव, मृत शिशु के जन्म तथा नवजात के कम वजन जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। जलवायु सम्मेलन सीओपी-31 में विशेषज्ञों ने इस उभरते स्वास्थ्य संकट की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं का शरीर पहले से ही कई तरह के शारीरिक बदलावों और दबावों से गुजरता है। ऐसे में अत्यधिक गर्मी, पानी की कमी और लगातार तपिश स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को और बढ़ा देती है। सबसे अधिक परेशानी उन महिलाओं को होती है, जो खेतों, निर्माण स्थलों और खुले वातावरण में मजदूरी करती हैं। उनके सामने काम से छुट्टी लेने पर रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। दूसरी ओर, घनी बस्तियों और कम हवादार मकानों में रहने वाली महिलाओं के पास गर्मी से बचने, स्वच्छ पानी और पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं के साधन भी सीमित होते हैं। इस समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने मई 2026 में गर्भावस्था के दौरान गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्यकर्मियों और समुदायों के वास्ते दिशा-निर्देश जारी किए थे। लेकिन केवल दिशा-निर्देश तैयार कर देना पर्याप्त नहीं है। उनकी जमीनी स्तर पर प्रभावी व्यवस्था और निगरानी भी जरूरी है। कामकाजी गर्भवती महिलाओं को विश्राम, छायादार स्थान, पीने का पर्याप्त पानी और अत्यधिक तापमान के दौरान काम से राहत मिलनी चाहिए। साथ ही गर्भावस्था, प्रसव और नवजात शिशुओं से जुड़े स्वास्थ्य आंकड़ों का तापमान संबंधी रिकॉर्ड से मिलान किया जाना चाहिए, ताकि प्रभावित क्षेत्रों और जोखिमग्रस्त महिलाओं की समय रहते पहचान हो सके। जलवायु परिवर्तन से निपटने की योजनाओं में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इसके लिए जलवायु वित्त का एक पर्याप्त हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पतालों और गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा पर खर्च करना आवश्यक है। यह समझना होगा कि गर्भधारण से लेकर बच्चे के दो वर्ष की आयु तक के शुरूआती एक हजार दिन उसके शारीरिक और मानसिक विकास की बुनियाद तैयार करते हैं। इस दौरान प्रतिकूल परिस्थितियों का असर जीवनभर बना रह सकता है। जलवायु अनुकूलन की सफलता केवल बांध, तटबंध, सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण से नहीं आंकी जानी चाहिए। इसका वास्तविक उद्देश्य उन लोगों की सुरक्षा भी होना चाहिए, जो बदलते मौसम का सबसे अधिक खामियाजा भुगत रहे हैं। तपती धूप में काम करने वाली गर्भवती महिला और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसके लिए सरकारों को स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारी, नियमित निगरानी और पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करनी होगी। जलवायु संकट के दौर में अजन्मे बच्चों की रक्षा केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय का भी सवाल है।

पेड़ की छांव में छिपा है सर्दियों से लड़ने का आयुर्वेदिक विज्ञान

-डॉ. बी. एल. बराला



कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाने वाली आंवला नवमी यानी अक्षय नवमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति, स्वास्थ्य और जीवनशैली के गहरे संबंध का संदेश भी देती है। इस दिन श्रद्धालु आंवले के वृक्ष की पूजा करते हैं, उसकी छाया में भोजन करते हैं और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। शरद और हेमंत ऋतु के संधिकाल में आने वाला यह पर्व मानो बदलते मौसम के बीच शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रकृति के अमूल्य उपहार आंवले की याद दिलाता है।

भारतीय संस्कृति में वृक्षों को केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं माना गया बल्कि उन्हें जीवन और आरोग्य का आधार समझा गया है। आंवला नवमी इसी सोच को आगे बढ़ाती है। आंवले का वृक्ष धार्मिक आस्था के साथ-साथ औषधीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसकी छाया, फल और उपयोग से जुड़ी परंपराएं प्रकृति के संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली की ओर संकेत करती हैं।आयुर्वेद में आंवले को आमलकी कहा गया है। इसे 'धात्री' अर्थात माता के समान पोषण देने वाला भी माना गया है। आयुर्वेदिक ग्रंथों में आमलकी को महत्वपूर्ण रसायन द्रव्यों में स्थान दिया गया है। शास्त्रीय आयुर्वेदिक दृष्टि से इसमें मधुर, अम्ल, कटु, तिक्त और कषाय रस बताए गए हैं, जबकि लवण रस का अभाव माना गया है। इसका विपाक मधुर और वीर्य शीत बताया गया है।

आयुर्वेद में आंवले को रसायन, पित्तशामक, नेत्रों के लिए हितकारी, पाचन में सहायक, केश्य तथा ओजवर्धक गुणों वाला माना गया है। यही कारण है कि सदियों से आंवला भारतीय आहार और औषधीय परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

आंवले की एक खास विशेषता यह भी बताई जाती है कि इसमें मौजूद विटामिन-सी टैनिन जैसे घटकों के साथ जुड़ा रहता है। इसी वजह से आंवले को अन्य खट्टे फलों की तुलना में अलग विशेषताओं वाला फल माना जाता है और इसे विभिन्न रूपों में आहार में शामिल किया जाता है। आंवले की चर्चा च्यवनप्राश के बिना अधूरी मानी जाती है। आयुर्वेद में च्यवनप्राश को प्रसिद्ध अवलेह के रूप में वर्णित किया गया है। इसकी परंपरा महर्षि च्यवन से जुड़ी मानी जाती है और इसी कारण इसका नाम च्यवनप्राश पड़ा।

आंवला नवमी के आसपास ताजे आंवले की उपलब्धता बढ़ने के साथ पारंपरिक रूप से च्यवनप्राश तैयार करने का मौसम भी शुरू होता है। इसमें आंवले के साथ विभिन्न औषधीय द्रव्यों और जड़ी-बूटियों का प्रयोग किया जाता है। पिप्पली, अश्वगंधा, गिलोय, शतावरी, मुलेठी, दालचीनी, इलायची और नागकेसर सहित अनेक द्रव्यों को घृत, तैल, मधु और शर्करा के साथ निर्धारित विधि से तैयार किया जाता है।

आयुर्वेद में च्यवनप्राश को बल और ओज के संवर्धन, श्वसन तंत्र के स्वास्थ्य तथा सामान्य स्वास्थ्य संरक्षण के लिए उपयोगी माना गया है। हालांकि इसके सेवन को व्यक्ति की प्रकृति, आयु, मात्रा और स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप रखना आवश्यक है। आधुनिक पोषण विज्ञान में भी आंवले को पोषक तत्वों से भरपूर फल माना जाता है। इसमें विटामिन-सी के साथ पॉलीफेनॉल, फ्लेवोनॉयड और टैनिन जैसे जैव सक्रिय घटक पाए जाते हैं। ये शरीर में एंटीऑक्सीडेंट की भूमिका निभाते हैं।

आंवले के पाचन, चयापचय, हृदय स्वास्थ्य तथा त्वचा और बालों से जुड़े संभावित लाभों को लेकर भी वैज्ञानिक अध्ययन किए जा रहे हैं।

हालांकि विशेषज्ञ यह भी स्पष्ट करते हैं कि किसी भी औषधीय फल या च्यवनप्राश को किसी बीमारी के निश्चित उपचार अथवा चिकित्सकीय दवा के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसके लाभ व्यक्ति की प्रकृति, आयु, स्वास्थ्य स्थिति, मात्रा और सेवन की विधि पर निर्भर कर सकते हैं।

आंवला नवमी का संदेश केवल पूजा और परंपरा तक सीमित नहीं है। यह पर्व प्रकृति संरक्षण, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली की ओर भी प्रेरित करता है।

पहला संदेश है कि औषधीय वृक्षों का संरक्षण और संवर्धन किया जाए। दूसरा संदेश स्थानीय और मौसमी फलों को उचित मात्रा में आहार का हिस्सा बनाने का है। तीसरा संदेश आयुर्वेद की उस जीवनशैली को अपनाने का है, जिसमें केवल बीमारी होने के बाद उपचार नहीं, बल्कि आहार, विहार, ऋतुचर्या, दिनचर्या और स्वास्थ्य संरक्षण को भी महत्व दिया जाता है।

आज पूरी दुनिया प्राकृतिक जीवनशैली और स्वास्थ्य संवर्धन की ओर फिर से आकर्षित हो रही है। ऐसे समय में आंवला नवमी की परंपरा और उसका संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकृति और स्वास्थ्य एक-दूसरे से अलग नहीं हैं।

इसलिए इस आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा के साथ यदि एक औषधीय पौधा लगाया जाए, उसका संरक्षण किया जाए और मौसमी आहार तथा संतुलित जीवनशैली को अपनाया जाए, तो पर्व का वास्तविक उद्देश्य भी सार्थक होगा। आंवला भारतीय परंपरा में प्रकृति की उस शक्ति का प्रतीक है, जो स्वाद, पोषण और स्वास्थ्य- तीनों को एक साथ जोड़ती है।

आज का राशिफल



मेष पश्चिम प्रवास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का पश्चिम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7



वृष जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना ले तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9



मिथुन लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। पश्चिम प्रवास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9



कर्क किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8



सिंह भागदौड़ में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में अग्रानकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी की परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9



कन्या शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में असफलता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होगा। शुभांक-5-7-9



तुला लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने सकल्प को पुरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गोरख जागेइ' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9



वृश्चिक कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रस्नन्ताए भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8



धनु कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5



मकर सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लोभदायक कार्य के लिए व्यवकाश स्थितिया पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7



कुंभ विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भ्रंश तथा शुत्रहानि की आशंका रहेगी। जैसीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेगी। बने हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8



मीन कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

जब बटुकेश्वर दत्त और भगत सिंह ने हिला दिया था ब्रिटिश सरकार को

अनित कुमार राय टिंकू

महान स्वतंत्रता सेनानी बटुकेश्वर दत्त का जन्म आज ही की तारीख में अर्थात 18 नवंबर 1910 को पश्चिम बंगाल के बर्धमान में हुआ था। उन्होंने अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के साथ मिलकर अंग्रेज सरकार को नेस्तनाबूद करके रख दिया था। इनके साथ अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद,अशफाक उल्ला खान, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, रामप्रसाद बिस्मिल, जतिन दास, रोशन सिंह और उधम सिंह जैसे अन्य अनेक युवाओं ने भारत मां को आजाद कराने के लिए जान की बाजी लगा दी थी। 8 अप्रैल 1929 को बटुकेश्वर दत्त और भगत सिंह ने दिल्ली के केन्द्रीय विधानसभा में धमाकेदार बमबारी करते हुए ब्रिटिश सरकार को हिला कर रख दिया था। अमर शहीद भगत सिंह और उनके साथी बटुकेश्वर दत्त का उद्देश्य किसी की हत्या करना नहीं था। वे सिर्फ नापाक सरकार को सबक सिखाने के लिए केन्द्रीय विधानसभा में बमबारी किए थे। उस घटना में किसी की मौत भी नहीं हुई थी। लेकिन भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त को आजीवन कारावास की सजा दी गई थी और उन्हें अंडमान के सेलुलर जेल भेज दिया गया था। बाद में जॉन सांडर्स की हत्या के लिए भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को 23 मार्च 1931 को फांसी दे दी गई थी। चूंकि विधानसभा बम कांड में मैं किसी की मृत्यु नहीं हुई थी, इसी कारण बटुकेश्वर दत्त को मौत की सजा नहीं दी गई थी। सैंडर्स हत्याकांड में बटुकेश्वर दत्त शामिल नहीं हो पाए थे।लेकिन जब अपने साथी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को मौत की सजा सुनाई गई थी तो बटुकेश्वर दत्त ने अपने लिए भी फांसी की सजा मांगी थी। उनकी मृत्यु 20 जुलाई 1965 को हुई थी। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनका दाह संस्कार पंजाब के फिरोजपुर के निकट हुसैनीवाला नामक स्थान में किया गया था जहां भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु के समाधिस्थल है।

शिक्षा/कॅरियर

पश्चिम बंगाल : सरकारी नौकरी के आवेदन शुल्क होंगे माफ

2027 से आयु सीमा में दो साल की छूट, सीएम ने की घोषणा

पश्चिम बंगाल में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को बड़ी राहत मिलने वाली है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार, 16 नवंबर को घोषणा की कि राज्य सरकार सरकारी भर्ती परीक्षाओं में आवेदन शुल्क माफ करेगी। इससे उन बेरोजगार युवाओं को आर्थिक राहत मिलेगी, जो एक से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं और उनमें आवेदन करते हैं। पश्चिम मेदिनीपुर जिला पुलिस की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आवेदन शुल्क माफ करने का वादा भाजपा के चुनावी घोषणापत्र 'संकल्प पत्र' में किया गया है। उन्होंने कहा, स्यह हमारे 'संकल्प पत्र' में शामिल है। हम उचित समय पर आवेदन शुल्क माफ करेंगे।

2027 से भर्ती परीक्षाओं में आयु सीमा की छूट कितनी मिलेगी-मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में दो साल की छूट देने की भी घोषणा की। यह छूट वर्ष 2027 से लागू होगी। इससे उन अभ्यर्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है, जो मौजूदा आयु सीमा के कारण भर्ती परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पाते।

'भरोसा' योजना के तहत युवाओं को कितने साल तक मिलेगी आर्थिक सहायता-मुख्यमंत्री ने स्नातक और गैर-स्नातक युवाओं के लिए प्रस्तावित 'भरोसा' योजना की जानकारी भी दी। इसके तहत अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कम से कम पांच साल तक आर्थिक सहायता दी जाएगी। अधिकारी ने कहा, हकई वित्तीय चुनौतियों के बावजूद हमने पहले ही कई पहल शुरू की हैं। कर्मचारियों के विभिन्न वर्गों के वेतन में भी कुछ हद तक बढ़ोतरी की गई है।

योजना के बारे में उन्होंने कहा, भरोसा योजना शुरू करने की तैयारियां चल रही हैं। हम जल्द ही इसकी विस्तृत जानकारी की घोषणा करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत अभ्यर्थियों को परीक्षाओं की तैयारी में मदद के लिए कम से कम पांच साल तक आर्थिक सहायता दी जाएगी

छात्राओं के लिए 'भगिनी निवेदिता' योजना कब शुरू होगी-मुख्यमंत्री ने छात्राओं के लिए 'भगिनी निवेदिता' योजना शुरू करने की भी घोषणा की। यह योजना जनवरी 2027 से शुरू होगी। इसके तहत बोर्ड परीक्षा पूरी करने के बाद उच्च शिक्षा हासिल करने की इच्छुक छात्राओं को तीन साल में कुल 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।


पांच साल में एक लाख नौकरियां देने का लक्ष्य-मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की रोजगार रणनीति तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होगी। इनमें सरकारी विभागों में भर्ती, निजी उद्योगों के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा करना और युवाओं को अपना कारोबार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अगले पांच साल में विभिन्न विभागों में प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से एक लाख नौकरियां देने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इसमें पुलिस और शिक्षा विभाग सहित कई विभाग शामिल होंगे। अधिकारी ने कहा कि सरकार सार्वजनिक भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। नियुक्तियों में राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल सेवा आयोग और लोक सेवा आयोग में नए अधिकारियों की नियुक्ति के लिए भी कदम उठाए गए हैं।

पुलिस विभाग में कितनी भर्तियां होंगी-मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग में होने वाली नियुक्तियों का कार्यक्रम भी साझा किया। उन्होंने बताया कि: अगले महीने राज्य पुलिस में 1,331 सब-इंस्पेक्टर नियुक्त किए जाएंगे।

जनवरी में कोलकाता पुलिस में 4,000 कांस्टेबलों की नियुक्ति होगी।

पश्चिम बंगाल पुलिस की भर्ती के लिए अधिसूचना इसी महीने जारी होने की उम्मीद है।

बीएसएफ कांस्टेबल ट्रेडसमैन एडमिट कार्ड 2026 आधिकारिक वेबसाइट पर जारी, आसान स्टेप में करें डाउनलोड



भारतीय सीमा सुरक्षा बल (BSF) द्वारा आयोजित होने वाली कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। बीएसएफ द्वारा कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2026 के एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में शामिल होने वाले उम्मीदवार अब ऑफिशियल पोर्टल पर जाकर अपने हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड के लिए उम्मीदवार स्टोरी में दिए गए आसान स्टेप को फॉलो करें और अपने लॉगिन क्रेडेंशियल के मदद से इसे डाउनलोड करें।

कब होगी परीक्षा

बीएसएफ में 3588 कांस्टेबल पदों को भरने के लिए परीक्षा का आयोजन 2 दिसंबर को किया जाएगा। अभ्यर्थियों को बता दें कि परीक्षा विभिन्न शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 9 से 11 बजे, दूसरी शिफ्ट दोपहर 1 बजे से 3 बजे और तीसरी शिफ्ट शाम 5 से 7 बजे के बीच आयोजित की जाएगी।

कैसे करें बीएसएफ कांस्टेबल एडमिट कार्ड 2026 डाउनलोड

स्टेप 1 – उम्मीदवार सबसे पहले bsf.mha.gov.in पर जाएं।

स्टेप 2 – होमपेज पर दिए गए कांस्टेबल एडमिट कार्ड के लिंक पर क्लिक करें।

स्टेप 3 – अब, नए खुले पेज पर लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करें।

स्टेप 4 – सबमिट के बटन पर क्लिक करने के बाद आपकी स्क्रीन पर आपका एडमिट कार्ड आ जाएगा।

स्टेप 5 – उम्मीदवार इसे डाउनलोड करें और इसका प्रिंट आउट भी लें।

नोट – एडमिट कार्ड पर दी गई जानकारी को ध्यान से चेक करें और इसमें किसी भी प्रकार की गलती होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर +91-9513251955 या मेल माध्यम से संपर्क करें ताकि गलती में समय से सुधार किया जा सके।

असम राइफल्स में निकली 354 पदों पर नियुक्ति, उम्मीदवार 14 दिसंबर तक करें अप्लाई

सरकारी नौकरी पाने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए डिफेंस सेक्टर में करियर बनाने का अच्छा मौका सामने आया है. असम राइफल्स ने टेक्निकल और ट्रेड्समैन भर्ती रैली 2026 के तहत कुल 354 पदों पर आवेदन मांगे हैं. इस भर्ती में अलग-अलग तकनीकी और गैर-तकनीकी ट्रेड शामिल किए गए हैं. खास बात यह है कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास से लेकर 12वीं, आईटीआई और डिप्लोमा तक रखी गई है. ऐसे में अलग-अलग अकादमिक बैकग्राउंड वाले योग्य उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार पदों के



लिए आवेदन कर सकते हैं. भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 15 नवंबर 2026 से शुरू हो चुकी है. इच्छुक उम्मीदवार 14 दिसंबर 2026 रात 11:59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं. भर्ती का संचालन डायरेक्टरेट जनरल असम राइफल्स, शिलॉन्ग की ओर से किया जा रहा है.

इन पदों पर होगी भर्ती

असम राइफल्स की इस भर्ती में कुल 354 ग्रुप-3 पद शामिल हैं. इनमें सबसे ज्यादा 124 पद वारंट ऑफिसर (सिफर) के लिए निर्धारित किए गए हैं. इसके अलावा राइफलमैन (इलेक्ट्रिकल फिटर सिग्नल) के 32, राइफलमैन (आर्मरर) के 29, राइफलमैन (मेसन) के 29 और राइफलमैन (इलेक्ट्रिशियन मैकेनिक व्हीकल) के 22 पद हैं. अन्य पदों में लाइनमैन फील्ड, इंजीनियर इक्विपमेंट मैकेनिक, रिकवरी व्हीकल मैकेनिक, मेटलस्मिथ, वैल्डर, ड्राफ्टसमैन, फिजियोथेरेपिस्ट और ऑपरेशन थिएटर टैक्नीशियन जैसे ट्रेड शामिल हैं. यानी इस भर्ती में तकनीकी काम से लेकर मेडिकल और दूसरे क्षेत्रों से जुड़े उम्मीदवारों के लिए भी अवसर हैं.

आयु सीमा हैं पद के हिसाब से अलग-अलग

आयु सीमा भी पद के हिसाब से निर्धारित की गई है. अधिकांश पदों के लिए न्यूनतम उम्र 18 साल और अधिकतम उम्र 23 साल रखी गई है. कुछ पदों, जैसे सिफर और ड्राफ्ट्समैन के लिए अधिकतम उम्र 25 साल है. उम्र की गणना 1 जुलाई 2026 के आधार पर की जाएगी. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट मिलेगी. एससी और एसटी वर्ग को अधिकतम उम्र में पांच साल और ओबीसी वर्ग को तीन साल की छूट दी जाएगी. वहीं ग्रुप-3 पदों के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है. हालांकि एससी, एसटी और एक्स-सर्विसमैन उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट दी गई है. फीस का भुगतान निर्धारित ऑनलाइन माध्यम या नोटिफिकेशन में दिए गए एसबीआई बैंक काउंटर के विकल्प से किया जा सकता है. भुगतान की रसीद संभालकर रखना जरूरी है.

यह उम्मीदवार कर सकते हैं आवेदन

इस भर्ती के लिए उम्मीदवार का भारतीय नागरिक होना जरूरी है. आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार सभी विज्ञापित ट्रेड पुरुष उम्मीदवारों के लिए हैं. इसके अलावा आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का वैध डोमिसाइल अथवा परमानेंट रेजिडेंट सर्टिफिकेट (PRC) होना चाहिए. शैक्षणिक योग्यता पद के अनुसार अलग-अलग है. कुछ पदों के लिए केवल 10वीं पास होना पर्याप्त है, जबकि कुछ तकनीकी पदों के लिए 10वीं के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई सर्टिफिकेट जरूरी है. वहीं सिफर ट्रेड के लिए 12वीं के साथ रेडियो एंड टेलीविजन या इलेक्ट्रॉनिक्स में दो साल का आईटीआई सर्टिफिकेट और इलेक्ट्रॉनिक्स या आईटी में ग्रेजुएशन की योग्यता मांगी गई है.

ऐसे होगा उम्मीदवारों का चयन

असम राइफल्स में चयन के लिए उम्मीदवारों को कई चरणों से गुजरना होगा. सबसे पहले फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट और फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट आयोजित किया जाएगा. इसके बाद योग्य अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होना होगा. नोटिफिकेशन के मुताबिक सामान्य क्षेत्र के पुरुष उम्मीदवारों को पांच किलोमीटर की दौड़ 24 मिनट में पूरी करनी होगी. सीधीटी कुल 100 अंकों की होगी. इसमें सामान्य और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 35 परसेंट, जबकि एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 33 परसेंट अंक निर्धारित हैं. इसके बाद ट्रेड स्किल टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल जांच होगी. अंतिम चयन मेरिट और उपलब्ध पदों के आधार पर किया जाएगा.

ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले असम राइफल्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं. वेबसाइट के होमपेज पर दिए गए ONLINE APPLICATION विकल्प पर क्लिक करें. अब आपके सामने भर्ती का आवेदन फॉर्म खुल जाएगा. इसमें मांगी गई सभी जानकारियां जैसे नाम, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता, पता और अन्य जरूरी जानकारी भरें. आवेदन में अपना चालू मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जरूर दर्ज करें, क्योंकि भर्ती से जुड़ी आगे की जानकारी इन्हीं माध्यमों से भेजी जाएगी. अपनी कैटेगरी और संबंधित ट्रेड का चयन सावधानी से करें. अब निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करें. फीस जमा करने के बाद भुगतान की रसीद या चालान की कॉपी ऑनलाइन अपलोड करें. अब भरे हुए आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें.

गंगा गोशाला में गोपाष्टमी महोत्सव का शुभारंभ


गोपूजन करती देवी चित्रलेखा, पार्षद मधुमाला और अन्य श्रद्धालु


कार्यक्रम में शामिल लोग



मूर्ति घर, सुरभि गोगृह और आधुनिक कार्यालय का किया गया उद्घाटन

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

कतरास। श्री गंगा गोशाला कतरास-करकेंद में मंगलवार को सात दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव सह वार्षिकोत्सव का विधिवत ध्वजारोहण एवं गोपूजन के साथ हुआ। पुरोषोत्तम हेलीवाल एवं मीना हेलीवाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर महोत्सव की शुरूआत की। इस दौरान गौभक्तों के धार्मिक जयकारों से पूरा गोशाला परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बारी-बारी से गोमाता की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर आचार्य रोहित पांडेय एवं धरणीधर पांडेय सहित अन्य आचार्यों ने मुख्य यजमान अधिवक्ता दीनानाथ चौधरी एवं उषा चौधरी से कामधेनु पूजन एवं हवन कराया। वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण आध्यात्मिक हो गया। महोत्सव के दौरान गोशाला परिसर में कई नवनिर्मित एवं विकसित सुविधाओं का उद्घाटन भी किया गया। समाजसेवी श्रवण खेतान एवं उनकी पत्नी मीना खेतान ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजन के बाद मूर्ति घर का उद्घाटन किया। यहां देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। दिनेश अग्रवाल, चंदा देवी एवं उमेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से सुरभि गोगृह का उद्घाटन किया। गोशाला कार्यालय के आधुनिकीकरण के बाद संजय केजरीवाल, रीता केजरीवाल, कमल अग्रवाल एवं सुशीला अग्रवाल ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। मेहरीवाल परिवार के सदस्यों ने नवनिर्मित पानी टंकी का उद्घाटन किया।

551 पौधे लगे आम बगान का उद्घाटन

स्व. गोपीचंद डोकानियां की स्मृति में उनके पुत्र किशन डोकानियां, पुत्रवधू प्रीति डोकानियां एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने गोशाला परिसर में विकसित नए आम बगान का विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद उद्घाटन किया। इस बगान में करीब 551 आम के पौधे लगाए गए हैं। मौके पर गोशाला कमेटी के अध्यक्ष अनीश डोकानियां, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, महासचिव महेश अग्रवाल, प्रदीप खेमका, कमलेश सिंह, कृष्ण कन्हैया राय, प्रदीप सोनी, पंकज सिन्हा, राजेश स्वर्णकार, तापस डे, उदय वर्मा, चुन्ना यादव, पार्षद डॉ. मधुबाला, राजेश बंसल, सुशील चौधरी एवं डॉ. स्वतंत्र कुमार सहित बड़ी संख्या में गोभक्त एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

विधायक अरूप चटर्जी ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास


फोटो- शिलान्यास करते अरुप चटर्जी और अन्य

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

कालूबथान। कलियासोल प्रखंड अंतर्गत कलियासोल पंचायत के सिमुलदन गांव के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय के समीप पीडब्ल्यूडी रोड जोरिया (लखीपुर) तक दो किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण विधायक अरुप चटर्जी ने शिलान्यास किया। यह सड़क डीएमएफटी मद से बनेगी। कार्यक्रम में विधायक के अलावा जिला परिषद सदस्य बसुन्धरा पाल, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी, गोपाल भारती, कलियासोल मंडल अध्यक्ष आस्तिक मंडल, भाकपा माले कलियासोल प्रखंड सचिव सपन कुमार गोराई, मुखिया राजीव मंडल, रितेश खेरपाल, राजेश मंडल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित सभी मुख्य अतिथि को फुल माला पहनाकर अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ जनता को बेहतर चुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित श्री गणेश ट्रेडिंग के प्रियांशु राज सर्वेदक को मानक के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में माधव मंडल, श्रीकांत मंडल, बापी मंडल, शैलेन मंडल, शिव पद मंडल, संजय मंडल, राकेश मंडल, सुनील मंडल आदि के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सीएचसी बाघमारा में रक्तदान शिविर का आयोजन, 16 यूनिट रक्त संग्रह


शिविर में मौजूद लोग

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

बाघमारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा में मंगलवार को पुजसस व लायंस क्लब बाघमारा के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 23 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें से कुल 16 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन करते हुए थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की जिंदगी बचानी चाहिए। रक्तदान करने वालों को आयोजन समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बाघमारा अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कु, बीडीओ एल यादव, सीएचसी प्रभारी डॉ श्रीनाथ द्वारा अस्पताल में भर्ती सात प्रसव मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। शिविर के दौरान अस्पताल के पारा मेडिकल वर्कर प्रीतम कुमार रवानी द्वारा 25 वीं बार रक्तदान किये जाने पर अतिथियों ने जमकर प्रशंसा करते हुए सम्मानित करने का काम किया।

26 साल बाद मिला झारखंड आंदोलनकारी प्रमोद दुबे को सम्मान आंसुओं में अधूरे सपने का छलका दर्द


सम्मान ग्रहण करते प्रमोद दुबे


तोपचांची। झारखंड राज्य आंदोलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय गणेश चन्द्र दुबे के पौत्र एवं झारखंड आंदोलनकारी तथा समाजसेवी प्रमोद कुमार दुबे को 26 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। हालांकि यह सम्मान उनके लिए खुशी से अधिक आत्ममंथन और भावुकता का विषय बन गया। तोपचांची प्रखंड प्रमुख आनंद महतो एवं उप प्रमुख हेमलाल महतो के द्वारा प्रमोद दुबे को प्रखंड कार्यालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने के बाद प्रमोद कुमार दुबे ने आखों में आंसू लिए कहा कि हमने प्रशस्ति पत्र लेने के लिए झारखंड आंदोलन नहीं किया था। हमने आंदोलन इसलिए किया था ताकि अलग झारखंड राज्य का निर्माण हो, यहां के स्थानीय लोगों को उनका अधिकार मिले, युवाओं को रोजगार मिले और झारखंड की जल, जंगल एवं जमीन की रक्षा हो। लेकिन दुर्भाग्य है कि हमने जिस झारखंड की कल्पना की थी, वह सपना आज भी अधूरा है।

कुंथोल में कृषि विभाग की जमीन से हो रही धड़ल्ले से मिट्टी कटाई

निरसा। निरसा प्रखंड के कुंथोल गांव के समीप स्थित कृषि विभाग की जमीन से धड़ल्ले से मिट्टी की कटाई कर उसकी बिक्री की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि सरकारी जमीन से मिट्टी हटाये जाने और विभागीय संपत्ति के गायब होने की जानकारी कृषि विभाग और अंचल कार्यालय को भी नहीं है. मामले को लेकर स्थानीय क्षेत्र में चर्चा तेज है। जमीन पर 1990 के दशक में कृषि विभाग की ओर से पौधे और बीज उत्पादन के लिए शेड का निर्माण कराया गया था, लेकिन वर्तमान में शेड का कोई अता-पता नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी की कटाई के दौरान मिट्टी निकालने वालों ने शेड को भी तोड़कर हटा दिया, शेड में लगे लोहे के एंगल भी गायब हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मिट्टी हटाने के दौरान शेड को तोड़कर जमीन के बराबर कर दिया गया। ग्रामीणों ने आशंका जतायी कि शेड में लगे लोहे के एंगल भी बेच दिये गये हैं. हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रमेश चंद्र चक्रवर्ती ने बताया कि फिलहाल वह एसआइआर के कार्य में व्यस्त हैं। उन्हें कृषि विभाग की जमीन से मिट्टी कटाई और पौधाशाला का शेड गायब होने की जानकारी नहीं हैअ उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी लेकर जांच करायी जायेगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा में झारखंड स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन

युवाओं को दिया गया विकसित झारखंड का संदेश


कार्यक्रम में शामिल लोग

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

निरसा बाजार। झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं वर्तमान सरकार के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक, निरसा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ. गणेश प्रसाद के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक एवं कर्मचारीगण एसएन. रॉय, दीपक प्रसाद गोंड, नरेश हेम्ब्रम, गोमती कुमारी, अभय साधु, राकेश रंजन सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दीपक प्रसाद गोंड ने मंच संचालन की जिम्मेदारी संभालते हुए पूरे कार्यक्रम को प्रभावशाली एवं उत्साहपूर्ण ढंग से आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने संबोधन में झारखंड की मजबूती, प्राकृतिक संसाधनों, खनिज संपदा, सांस्कृतिक विविधता और मेहनतकश लोगों की शक्ति पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि झारखंड केवल खनिज संपदा के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी प्रतिभा, संस्कृति, परंपरा और युवा शक्ति के लिए भी देश में विशिष्ट पहचान रखता है। राज्य की वास्तविक मजबूती शिक्षा, तकनीकी दक्षता, नवाचार और युवाओं की सक्रिय भागीदारी में निहित है। सात दिवसीय (17 नवंबर से 23 नवंबर) कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड के इतिहास, भगवान बिरसा मुंडा के योगदान, जनजातीय संस्कृति, भाषा एवं साहित्य, स्वच्छता अभियान, हरित परिसर, तकनीकी नवाचार, एआई रोबोटिक्स, डिजिटल टेक्नोलॉजी, माइनिंग टेक्नोलॉजी , मैकेनिकल इलेक्ट्रल एवं सिविल इंजीनियरिंग से संबंधित मॉडल और प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, खेलकूद, वाद-विवाद, पोस्टर, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ राज्य के विकास में अपनी भूमिका समझने का अवसर मिल रहा है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. गणेश प्रसाद ने सभी शिक्षक, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा झारखंड की समृद्ध विरासत को संरक्षित करते हुए तकनीकी एवं शैक्षणिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

डीवीसी ग्रीड कुमारधुबी में ब्लैक आउट, चिरकुंडा क्षेत्र में साढ़े चार घंटे गुल रही बिजली

चिरकुंडा। चिरकुंडा के नेहरू रोड स्थित डीवीसी ग्रीड कुमारधुबी में अचानक ब्लैक आउट हो जाने के कारण मंगलवार को विद्युत विभाग चिरकुंडा क्षेत्र में करीब साढ़े चार घंटे तक बिजली बाधित रही।जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह अचानक डीवीसी ग्रीड में ब्लैक आउट हो जाने के कारण करीब साढ़े नौ बजे क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। इस कारण डीपीएस कुमारधुबी से जुड़े सभी फिडरों से जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई। डीवीसी के कर्मियों द्वारा ठीक किए जाने के बाद अपराह्न करीब दो बजे क्षेत्र में बिजली बहाल हुई। इस संबंध में डीवीसी ग्रीड के अधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि डीवीसी ग्रीड में अचानक ब्लैक आउट हो गया जिस कारण क्षेत्र में बिजली बाधित हुई।

सेंद्रा चार नंबर में मधुमक्खियों ने लोगों और जानवरों पर किया हमला

लोयाबाद। सेंद्रा चार नंबर के पास मंगलवार को मधुमक्खियों ने लोगों और जानवरों पर हमला कर दिया। जिससे वहां पर भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों ने कनकनी कोलियरी में पंप ऑपरेटर पर कार्यरत मुनिलाल रविदास, सुरज भुइयां सहित आधा दर्जन लोगों को काट कर जख्मी कर दिया। लोगों के चेहरे सूज गए । पीड़ित लोगों ने अपना उपचार निजी क्लिनिक में कराया। सेंद्रा में नीम के पेड़ पर मधुमक्खियों का खोता लगा हुआ है। लोगों ने बताया कि एक चील ने मधुमक्खियों के खोते में चोंच मार दिया था। इससे पहले भी सेंद्रा नौ नंबर के समीप मधुमक्खियों के के हमले में ओवरमैन सोमनाथ तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेम, धर्म, और लोककल्याण का संदेश दिया : देवी चित्रलेखा


प्रवचन करती देवी चित्रलेखा



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

कतरास। गंगा गौशाला कतरास-करकेंद में आयोजित सात दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव के तहत मंगलवार को श्रीकृष्ण कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के पहले दिन प्रसिद्ध कथावाचिका देवी चित्रलेखा ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं उनके जीवन दर्शन का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान उन्होंने 'पैया मैया बुला रही है, कान्हा आ जाओ...' भजन प्रस्तुत किया, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। कथा के दौरान देवी चित्रलेखा ने कहा कि ज्ञान ही जीवन का सबसे बड़ा धन है। यह ऐसा अक्षय धन है, जो हर परिस्थिति में मनुष्य के साथ रहता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को अहंकार त्यागकर जीवन में विनम्रता अपनाने की सीख देते हुए कहा कि ऊंचा वही होता है, जो भीतर से हल्का होता है। अहंकार मनुष्य के जीवन का नाश कर देता है। इसलिए व्यक्ति को हमेशा विनम्र रहकर दूसरों के प्रति प्रेम और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सदैव प्रेम, धर्म, करुणा, सेवा और लोककल्याण का संदेश दिया है। जीवन में परिस्थितियां कैसी भी हों, मनुष्य को ईश्वर के प्रति अपना प्रेम और विश्वास बनाए रखना चाहिए। भगवान पर सच्ची आस्था रखने से जीवन को सही दिशा मिलती है। मौके पर गौशाला के अध्यक्ष अनीश डोकानियां, महासचिव महेश अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता डीएन चौधरी, सुरेंद्र अग्रवाल, उद्योगपति प्रदीप खेमका, मनोज खेमका, डॉ. बीएन चौधरी, महेश बजानिया, विकास बजानिया, गोविंद खंडेलवाल, प्रदीप सोनी, दिलीप अग्रवाल उर्फ दीपू, महेंद्र चौधरी, कृष्ण कन्हैया राय, उदय वर्मा, पार्षद मधुबाला, मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष प्रियंका चौधरी, संगीता जालान, उषा चौधरी, रितु अग्रवाल, अंशु, पुष्पा, संगीता, रेनू, राखी, प्रीति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

चिरुडीह : शिक्षक करीम अंसारी की पुत्री के निकाह में पहुंचे मंत्री हफीजुल अंसारी


परिजनों और अतिथियों के साथ हफीजुल अंसारी

कालूबथान। कलियासोल प्रखंड अंतर्गत आसनलिया पंचायत के चिरुडीह गांव निवासी सहायक शिक्षक करीम अंसारी के एक मात्र पुत्री तमन्ना परवीन के शादी समारोह में झारखंड सरकार के अल्प संख्यक कल्याण सह जल संसाधन मंत्री हाफीजुल हसन अंसारी गांव पहुंचते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाज सेवी तथा ग्रामीणों ने गर्मजोशी से फूल-माला पहनाकर , पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मंत्री ने तमन्ना परवीन को सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। मौके पर पूर्व जिपसदस्य दिल मोहम्मद, मुखिया पुत्र फारुख अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी (बीडीओ)करीम अंसारी, फिरोज अंसारी पंसस प्रतिनिधि वशीर अंसारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

लंबित जमीन के बदले नियोजन के मामले में जल्द निष्पादन पर चर्चा

निरसा। ईसीएल मुगमा क्षेत्र में वर्षों से लंबित जमीन के बदले नियोजन के मामलों को लेकर शुक्रवार को क्षेत्रीय सभागार में प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मंडल के नेतृत्व में हुई वार्ता में लंबित नियोजन मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विस्तार से चर्चा की गयी। प्रबंधन ने संबंधित प्रस्ताव जल्द मुख्यालय भेजने और प्रक्रिया में तेजी लाने का आश्वासन दिया। बैठक में शासनबेड़िया के उमेश मंडल और सुलक माजी तथा सांगामहल के नेपाल मंडल के जमीन के बदले नियोजन के लंबित मामलों को प्रमुखता से उठाया गया. अशोक मंडल ने प्रबंधन के समक्ष रैयतों की समस्या रखते हुए कहा कि प्रभावित परिवार वर्षों से नियोजन की उम्मीद में इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में मामलों का जल्द निष्पादन होना चाहिए, ताकि रैयतों को उनका अधिकार मिल सके। वार्ता के दौरान ईसीएल मुगमा क्षेत्र के महाप्रबंधक (ऑपरेशन) सतानंद शर्मा ने मामलों की गंभीरता को देखते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित प्रस्ताव शीघ्र मुख्यालय भेजे जायेंगे। उन्होंने कहा कि लगातार फॉलोअप कर नियोजन प्रक्रिया को जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जायेगा। इस मुद्दे पर जल्द ही दोबारा बैठक बुलाने की भी बात कही गयी। सकारात्मक वार्ता से प्रभावित रैयतों में उम्मीद बैठक को सकारात्मक बताते हुए अशोक मंडल ने उम्मीद जतायी कि प्रबंधन अपने आश्वासन के अनुरूप लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करेगा और प्रभावित रैयतों को न्याय मिलेगा। बैठक में प्रबंधन की ओर से एरिया कार्मिक प्रबंधक संतोष कुमार प्रधान, एलआरई वीके शाह, कार्मिक प्रबंधक विजय कुमार, कार्मिक प्रबंधक (एडमिनिस्ट्रेशन) आशुतोष अवस्थी, चिरंजीव दास और अभिषेक पाल उपस्थित थे। ग्रामीणों की ओर से कमल बनर्जी, नईम शेख, पार्षद चटर्जी, मुखिया कविता माजी, तोतन गोप, सुबल मंडल, उमेश मंडल, तुलक माजी, सुभाष माजी और कैलाश माजी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फिलीपींस दौरा

पीएम मोदी को भेंट की गई खास किताब



एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलीपींस के दौरे पर हैं. इस दौरान उनको एक ऐसी किताब भेंट की गई, जो भारत और फिलीपींस के दशकों पुराने सांस्कृतिक रिश्तों की कहानी बयां करती है. इस किताब का नाम 'बॉम्बेः अ टू-ब्लू फिलिपिनो' है. यह मनीला के पूर्व मेयर रेमन डी. बागास्सिंग सीनियर की जीवनी है, जिनकी जड़ें भारत के पंजाब से जुड़ी थीं. पीएम मोदी ने इस किताब को भारत और फिलीपींस के बीच गहरे मानवीय संबंधों की याद दिलाने वाला बताया है. प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर किताब मिलने की जानकारी साझा करते हुए बताया कि मनीला में उन्हें इसकी एक प्रति भेंट की गई. यह किताब रेमन डी. बागास्सिंग सीनियर के बेटे रेमन एस. बागास्सिंग जूनियर और उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें दी. रेमन जूनियर भारत में फिलीपींस के राजदूत रह चुके हैं. पीएम मोदी ने कहा कि रेमन डी. बागास्सिंग का जीवन साहस, समर्पण और व्यापक जनसेवा की मिसाल है. उन्होंने बताया कि रेमन डी. बागास्सिंग सीनियर के पिता पंजाब से थे. बेहद साधारण शुरूआत करने वाले बागास्सिंग ने अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना किया. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना किया और आगे चलकर मनीला की सबसे प्रतिष्ठित सार्वजनिक हस्तियों में अपनी जगह बनाई. पीएम मोदी के मुताबिक, उनका असाधारण सफर भारत और फिलीपींस के बीच मौजूद गहरे मानवीय और सांस्कृतिक संबंधों की याद दिलाता है.

आसियान समिट में शामिल होने मनीला पहुंचे हैं पीएम मोदी

पीएम मोदी 16 और 17 नवंबर को फिलीपींस के दौरे पर हैं. वह फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के निमंत्रण पर मनीला पहुंचे हैं. यहां 17 नवंबर को आयोजित 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें ईस्ट एशिया समिट में हिस्सा ले रहे हैं. फिलीपींस इस साल आसियान की अध्यक्षता कर रहा है. आसियान-भारत समिट में दोनों पक्षों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा होगी. इसमें 2026-2030 के लिए आसियान-भारत कार्ययोजना के साथ व्यापार, कनेक्टिविटी और समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी. वहीं, ईस्ट एशिया समिट में क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सहयोग जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा. भारत के लिए यह दौरा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ अपने रणनीतिक और आर्थिक संबंध मजबूत करने के लिहाज से अहम है.

दुष्कर्म मामला : कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा मामले में जेएमएम ने स्टैंड किया साफ

♦ निष्पक्ष जांच के साथ दोषी पर हो सख्त कानूनी कार्रवाई

एजेंसी। 17 नवंबर

रांची: नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में फंसे सिमडेगा के कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा को लेकर सियासत जारी है. एक तरफ प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी लगातार विधायक की गिरफ्तारी की मांग कर रही है, वहीं दूसरी ओर सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर नैरेटिव सेट करने का आरोप लगाते हुए पलटवार किया है. पिछले कुछ दिनों से इस मुद्दे पर चल रहा सियासत आज मंगलवार को भी जारी रहा. बीजेपी एसटी मोर्चा के नेताओं व कार्यकताओं ने लोकभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश की, तो वहीं सत्तारूढ़ जेएमएम बचाव में उतर आया. जेएमएम कैंप कार्यालय में



प्रेस वार्ता के दौरान तमाड़ विधायक विकास मुंडा और जेएमएम नेता सुदीप गुड़िया ने पुलिसिया जांच को सही बताते हुए धैर्य रखने की बात कही. उन्होंने कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज होते ही पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाई है और नाबालिग का बयान दर्ज कर कार्रवाई करने में जुटी है. बीजेपी द्वारा विधायक की गिरफ्तारी की मांग पर जेएमएम विधायक विकास मुंडा ने कहा कि यह न्यायालय तय करेगा. उन्होंने कहा कि मेरा और पार्टी का स्पष्ट मानना है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच हो और जो भी दोषी है उन पर कानूनी रूप से सही कार्रवाई हो. विकास मुंडा ने कहा कि इस मामले में साजिश की बू आ रही है. इसलिए इस विषय पर भी जांच की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि जिस तरह से राज्य में इस विषय को विरोधी दल के द्वारा राजनीतिक रूप दिया जा रहा है मुझे लगता है कि जांच होने तक उन्हें प्रतीक्षा करनी चाहिए, क्योंकि जब तक किसी पर आरोप सिद्ध नहीं हो जाता है, तब तक उसे दोषी नहीं कहा जा सकता है. इस मामले में एक पक्षकार के खिलाफ हो रही पुलिस की कार्रवाई के सवाल पर विकास मुंडा ने कहा कि चुकी इस केस में वह भी एक शिकायतकर्ता हैं, ऐसे में जब कभी भी कोई कांड दर्ज होता है तो पुलिस शिकायतकर्ता से जानकारी हासिल करती है और पूछताछ करती है. ऐसे में पुलिस को पूरा सहयोग करना चाहिए, उन्होंने कहा कि उनका स्पष्ट मानना है कि जब तक जांच पूरा नहीं हो जाती है, तब तक ना तो पक्षकार को दोषी ठहराया जा सकता है और ना ही विधायक को.

चतरा तक पहुंचा दिल्ली के ड्रग्स नेटवर्क का तार, तीन लोगों को स्पेशल सेल का नोटिस

एजेंसी। 17 नवंबर

रांची: दिल्ली में पकड़े गये हेरोइन तस्करी के एक मामले की जांच अब झारखंड के चतरा जिले तक पहुंच गई है. ड्रग्स नेटवर्क की पड़ताल कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने चतरा के तीन लोगों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 67 के तहत नोटिस जारी किया है. इनमें चतरा वशिष्ठनगर और प्रतापपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले लोग शामिल हैं. पुलिस ने तीनों को 22 नवंबर को दिल्ली पहुंचकर जांच में शामिल होने का निर्देश दिया है. स्पेशल सेल की टीम ने वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी भानु, बेदौली गांव के दिलीप महतो और प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हारा गांव निवासी दीपक यादव को नोटिस सौंपा है. नोटिस में इन्हें मामले से जुड़ी जानकारी देने और जांच में सहयोग करने के लिए दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-4 स्थित विशेष स्टाफ कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है. दिल्ली पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से तीनों तक नोटिस पहुंचाया. इस कार्रवाई में जोरी और प्रतापपुर थाना की पुलिस ने सहयोग किया. दरअसल, इस जांच की कड़ी दिल्ली के रोहिणी जिले के बेगमपुर थाना क्षेत्र में हुई गिरफ्तारी से जुड़ी है. वहां पुलिस ने हरियाणा निवासी लक्ष्मण को गिरफ्तार किया था. उसके पास से करीब 300 ग्राम हेरोइन और तीन लाख रुपये नकद बरामद हुए थे. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की. इसी दौरान मिले सुराग के आधार पर चतरा जिले के मानामाता निवासी प्रकाश महतो को भी गिरफ्तार किया गया. खुलासा तब हुआ जब होटल में जमा किए गए उनके असली पहचान पत्रों की बदौलत पुलिस और एटीएस ने दोनों को धर दबोचा. पहली नजर में किसी सामान्य होटल के कमरे जैसा दिखने वाला यह वीडियो दरअसल उस खतरनाक साजिश का हिस्सा है, जिसे अंजाम देने दोनों आरोपी श्रीगंगानगर पहुंचे थे. वीडियो में महकदीप कौर हाथ में सिगरेट लेकर धुएं के छल्ले उड़ाती नजर आ रही है, जबकि देवेंद्र सिंह शीशे के सामने खड़ा होकर अपने बाल संवार रहा है. साथ ही देवेंद्र भी सिगरेट के कश उड़ाता दिखा.पुलिस जांच के मुताबिक, रेलवे ट्रैक पर विस्फोटक लगाने से एक दिन पहले दोनों आरोपी पंजाब के गुरदासपुर से ट्रेन के जरिए बठिंडा पहुंचे थे. वहां से पुलिस की निगाहों से बचने के लिए उन्होंने एक निजी टैक्सी किराए पर ली और श्रीगंगानगर की ओर रवाना हो गए. किसी की नजर में न आने के लिए उन्होंने सूरतगढ़-विजयनगर मार्ग पर एक साधारण और सुनसान होटल को ठहरने के लिए चुना था.खुद को बेहद शातिर समझ रहे इन आरोपियों की एक छोटी सी चूक उन पर भारी पड़ गई. पुलिस द्वारा इलाके के होटलों और धर्मशालाओं में की जा रही रूटीन जांच के दौरान एक सतर्क कांस्टेबल की नजर होटल के रिकॉर्ड पर पड़ी. जांच में खुलासा हुआ कि होटल में ठहरे इन दोनों आरोपियों ने अपनी असली पहचान के दस्तावेज (आईडी) जमा करवाए थे. यही रिकॉर्ड पुलिस के लिए उन तक पहुंचने की सबसे बड़ी और अहम कड़ी साबित हुआ. इसके बाद श्रीगंगानगर पुलिस ने एटीएस और अन्य खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया. इस पूरी घटना ने सीमावर्ती जिले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है. जांच का दायरा केवल रेलवे ट्रैक पर हुए विस्फोट तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इन्हें निर्देश कौन दे रहा था, विस्फोटक कहां से उपलब्ध कराए गए और इस स्लीपर सेल या नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं.

श्रीगंगानगर रेलवे ब्लास्ट साजिश : होटल में बेखौफ सिगरेट पीते दिखे देवेंद्र-महकदीप, वीडियो से खुला राज

एजेंसी। 17 नवंबर

श्रीगंगानगर। राजस्थान के सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है. रामसिंहपुर रेलवे ट्रैक पर धमाका कर दहशत फैलाने की साजिश रचने वाले दोनों मुख्य आरोपी, महकदीप कौर और उसका साथी देवेंद्र सिंह वारदात से ठीक पहले विजयनगर के एक सुनसान होटल के कमरे में बेहद बेफिक्र अंदाज में नजर आए. सामने आए एक एक्सक्लूसिव वीडियो में महकदीप आराम से सिगरेट पीती और देवेंद्र आईने के सामने बाल संवारता दिखाई दे रहा है. पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के इशारे पर रची गई इस साजिश का खुलासा तब हुआ जब होटल में

रांची के तीन शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण, व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

रांची। राज्य नोडल पदाधिकारी (एनयूएचएम) डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मंगलवार को राजधानी के तीन शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया गया। इसका उद्देश्य शहरी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। इस दौरान शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राशलदह, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेरुआ-हेहल और यूपीएचसी हेहल का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी के निर्धारित समय पर चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने पेयजल और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा कम अवधि में समाप्त होने वाली दवाओं का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने और सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) सामग्री का प्रभावी इस्तेमाल करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि शहरी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली में सुधार जरूरी है। दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लाभार्थियों को चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने के लिए सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
Department of Forest, Environment & Climate Change, Jharkhand
Office of The Divisional Forest Officer
Bokaro Forest Division
Block-A, Van Bhawan, Purulia Road, Chas, Bokaro-827013
E-mail: dfo-bokaro@gov.in, bokarodfo@gmail.com
Phone/Fax No: +91-6542-265142

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)
RFP No.: 06/2026-27

The Divisional Forest Officer, Bokaro Forest Division, Government of Jharkhand, invites proposals from eligible and experienced firms/consultants for the following assignment:
Selection of Technical Agency for Drone Based High Accuracy Survey/DGPS Survey for approximately 800 acres of land in Bokaro District.
The detailed Request for Proposal (RFP) document containing the scope of work, eligibility criteria, evaluation methodology, terms & conditions and bid submission procedure may be downloaded from the Department's official website https://forest.jharkhand.gov.in/


Particulars	Schedule
RFP No.	06/2026-27
Bid Document Downloading	From https://forest.jharkhand.gov.in/
Date of Issue of RFP Document	18.11.2026 (10:00 AM)
Start Date for Receiving of Bid Offers	19.11.2026 (10:00 AM)
Pre-Bid Discussion	01.12.2026 (11:00 AM)
Last Date & Time for Submission of Bids	03.12.2026 (04:00 PM)
Opening of Technical Bids	05.12.2026 (11:30 AM)
Opening of Financial Bids	05.12.2026 (03:30 PM)

The Divisional Forest Officer reserves the right to accept or reject any or all proposals, wholly or partially, without assigning any reason whatsoever. Any corrigendum/addendum, if issued, shall be published only on the Department's official website.
Sd/-
Divisional Forest Officer
Bokaro Forest Division
PR 393954 Forest, Environment and Climate Changes (26-27)_D

असम में ट्रिपल मर्डर : घर में मिले पति पत्नी और बेटी के शव, मची सनसनी

एजेंसी। 17 नवंबर

डिब्रूगढ़। असम के डिब्रूगढ़ जिले के डुलियाजान स्थित कमलाबाड़ी में सोमवार को एक ही परिवार के तीन सदस्य अपने घर के अंदर मृत पाए गए, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. मृतकों की पहचान चंद्रकांत भुइयां, उनकी पत्नी एलिजा भुइयां और उनकी बेटी निहारिका भुइयां के रूप में हुई है. तीनों शव घर के अंदर से बरामद किए गए. जानकारी के अनुसार, जब शव मिले, तब घर के दरवाजे और खिड़कियां बंद थीं. इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है और स्थानीय लोगों में भारी दहशत का माहौल है. शुरूआती जानकारी के आधार पर कहा जा रहा है कि अज्ञात बदमाशों ने घर के अंदर ही परिवार के तीनों सदस्यों की हत्या



की. सोमवार शाम को एक किरायेदार छठ पूजा का प्रसाद देने परिवार के घर पहुंचा, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला. इसके बाद पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी.घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डिब्रूगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिजीत गौरव दिलीप ने कहा कि पुलिस ने दरवाजा तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया तो अलग-अलग कमरों में पति-पत्नी और बेटी के शव पड़े मिले. चंद्रकांत भुइयां ऑयल इंडिया लिमिटेड के सेवानिवृत्त अधिकारी थे. फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया. साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं.सीसीटीवी कैमरा बंद था. पुलिस उपकरणों से उसका डेटा हासिल करने की कोशिश कर रही है. पुलिस ने पता लगाने में जुटी है कि ये हत्याएं कैसे की गईं. इस ट्रिपल मर्डर के पीछे का मकसद और इसमें शामिल लोगों की पहचान अभी तक पता नहीं चल पाई है. पुलिस घटनाओं के क्रम का पता लगाने और दोषियों की पहचान करने के लिए जांच जुटी हुई है.

यूपी से पंजाब तक विधानसभा चुनाव की तैयारी

♦ कांग्रेस ने 5 राज्यों की स्क्रीनिंग कमेटी का किया गठन

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पांच राज्यों की स्क्रीनिंग कमेटियों का तत्काल प्रभाव से गठन किया है. जिसमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर शामिल हैं. पार्टी ने इन पांच राज्यों में चुनाव तैयारियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने और उम्मीदवारों के चयन की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है. उत्तर प्रदेश के लिए बनी कमेटी का नेतृत्व अजय माकन करेंगे, जबकि पंजाब पैनल के अध्यक्ष के रूप में सिरिवेल्ला प्रसाद को नियुक्त किया गया है. उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के लिए भी कमेटियां बनाई गई हैं. हर पैनल में एक अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य शामिल हैं. चुनाव से पहले पार्टी की स्क्रीनिंग प्रक्रिया की जिम्मेदारी इन्हीं कमेटियों की होगी.उत्तर प्रदेश के लिए, माकन के साथ असलम शेख और बी.वी. श्रीनिवास होंगे. पंजाब कमेटी का नेतृत्व सिरिवेल्ला प्रसाद करेंगे, और इसमें सचिन सावंत तथा निवेदिथ अल्वा सदस्य होंगे.उत्तराखंड में, दीपा दासमुंशी पैनल की अध्यक्षता करेंगी. इस पैनल में अनिल चौधरी और पाल भाई अंबालिया भी शामिल हैं. मणिपुर के लिए, बी.एम. संदीप को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. इस कमेटी के अन्य सदस्य हिबी ईडन और राजेश ठाकुर हैं. स्क्रीनिंग कमेटियों के गठन के बीच, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सोमवार को दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की.

दिल्ली के विवेक विहार इलाके में पुराने घर की छत गिरी, मलबे में दबने से 3 साल की बच्ची समेत 2 लोगों की दर्दनाक मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के विवेक विहार के जाता नगर इलाके में एक पुराने मकान की छत गिरने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में मलबे के नीचे दबने से 3 साल की एक मासूम बच्ची और 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग और पुलिस की टीमों ने राहत और बचाव कार्य चलाते हुए मलबे में फंसे अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। फिलहाल मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया गया है। पुलिस से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, विवेक विहार थाने में सुबह लगभग 10:09 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें बताया गया कि जाता नगर की गली नंबर 6 में एक मकान ढह गया है और मलबे के नीचे कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है।

अलगाववादी नेता अली शाह गिलानी की पोती ज्वाइन करेगी पीडीपी !

♦ महबूबा मुफ्ती ने दिए संकेत

एजेंसी। 17 नवंबर

जम्मू। अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गीलानी की पोती रुवा शाह, पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) में शामिल हो सकती हैं. PDP चीफ महबूबा मुफ्ती ने कहा कि रुवा मेरी बेटी जैसी हैं. पार्टी के दरवाजे उनके लिए खुले हैं. महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के पढ़े-लिखे युवाओं को पार्टी में शामिल होने और मेनस्ट्रीम पॉलिटिकल बातचीत में शामिल होने का खुला न्योता दिया है. इस न्योते ने जम्मू-कश्मीर में मेनस्ट्रीम पॉलिटिक्स में रुवा शाह की संभावित एंट्री में दिलचस्पी बढ़ा दी है. रुवा शाह के पीडीपी में शामिल होने से पहले ही सियासत गर्म हो गई है. अधिकतर राजनीतिक दल उनकी विचारधारा पर टिप्पणी कर रहे हैं. नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता एडवोकेट शौकत अहमद मीर ने कहा कि अगर किसी अलगाववादी नेता की पोती मेनस्ट्रीम में आ रही है, ये बहुत अच्छी बात है. मीर ने कहा, 'यह अकल हमें पहले आती जो इतना खून-खराबा हुआ, जो हमारी बहने विधवा हो गईं, हमारे बच्चे यतीम हो गए, यह न होता. चलो देर आए दुरुस्त आए, अब आगे क्या होगा, लेट अस क्रॉस द ब्रिज व्हेन वी रीच इट. वक्त ही साबित करेगा.बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि पीडीपी और अलगाववादी संगठन हुर्रियत एक ही हैं जो बीजेपी बहुत पहले से कहते आई हैं. अल्ताफ ठाकुर ने कहा, 'हम बहुत पहले तो कहते थे, पीडीपी और हुर्रियत एक ही है.

दिल्ली-एनसीआर की हवा में सुधार, ग्रैप-3 की पाबंदियां हटीं; एक्यूआई 204 पर पहुंचा

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में सुधार के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप-3) के तीसरे चरण यानी ग्रैप-3 की पाबंदियां हटा दी गई हैं. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) की उप-समिति ने मंगलवार को यह फैसला लिया. आयोग के मुताबिक, दिल्ली का अदक घटकर 204 पर पहुंच गया है और इसमें लगातार गिरावट के रुझान को देखते हुए ग्रैप-3 को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का निर्णय लिया गया है. हालांकि ग्रैप-1 और ग्रैप-2 के तहत लागू पाबंदियां जारी रहेंगी. इसके अलावा 30 अक्टूबर को जारी आदेश के तहत लगाए गए



प्रतिबंधों का भी पालन करना होगा. यानी प्रदूषण से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन दिल्ली-एनसीआर में अभी सभी पाबंदियां खत्म नहीं हुई हैं.CAQM के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-1 और ग्रैप-2 के तहत लागू सभी पाबंदियां पहले की तरह जारी रहेंगी. लोगों और संबंधित एजेंसियों को इन नियमों का पालन करना होगा. इसके अलावा 30 अक्टूबर को जारी आयोग के विशेष आदेश के तहत लगाए गए प्रतिबंध भी लागू रहेंगे. ऐसे में प्रदूषण के स्तर में सुधार के बावजूद निर्माण कार्यों और कार्यालयों से जुड़े कुछ नियमों में फिलहाल राहत नहीं मिलेगी. आयोग ने 5 नवंबर से 20 नवंबर तक दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए विशेष एहतियाती उपाय लागू करने का निर्देश दिया था. इसके तहत पूरे ठठफ में धूल उड़ाने वाली निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर रोक लगाई गई है. यह प्रतिबंध बाहरी निर्माण कार्यों पर लागू रहेगा. इसमें राजमार्ग, सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज, बिजली ट्रांसमिशन लाइन, पाइपलाइन और दूरसंचार से जुड़ी परियोजनाएं भी शामिल हैं. हालांकि, कुछ जरूरी परियोजनाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है.

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो
(जिला पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Email:-dsobokaro1@gmail.com

—: प्रेस विज्ञप्ति :—

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य स्थापना दिवस–2026 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, बोकारो द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य जिले में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना, पारंपरिक एवं अन्य खेल विधाओं को बढ़ावा देना तथा जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक–19 एवं 20 नवंबर 2026 को प्रातः 10:00 बजे से मुख्यमंत्री उत्कृष्ट राम सेक्टा +2 उच्च विद्यालय चास, बोकारो / लुटु बुरू घांटा बाड़ी घोरोम गाड़ ललपनिया फुटबॉल मैदान गोमिया , बोकारो में किया जाएगा। प्रतियोगिता में 14 से 40 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी भाग लेने के पात्र होंगे।

उक्त प्रतियोगिता के अंतर्गत निम्नलिखित खेल विधाओं का आयोजन किया जाएगा–

क्र० सं०	प्रतियोगिता का नाम	प्रतिभागियों की संख्या / स्वरूप	आयोजन स्थल	आयोजन दिनांक
1	तीरंदाजी (हैंडिकैप राउंड) (पुरुष / महिला)	एकल स्पर्धा	मुख्यमंत्री उत्कृष्ट राम सेक्टा +2 उच्च विद्यालय चास, बोकारो	19.11.2026
2	शूटिंग (पुरुष / महिला)	एकल स्पर्धा	लुटु बुरू घांटा बाड़ी घोरोम गाड़ ललपनिया फुटबॉल मैदान	20.11.2026
3	सरपट दौड़ (पुरुष / महिला)	एकल स्पर्धा	लुटु बुरू घांटा बाड़ी घोरोम गाड़ ललपनिया फुटबॉल मैदान	20.11.2026
4	भार दौड़ (पुरुष / महिला)	एकल स्पर्धा	लुटु बुरू घांटा बाड़ी घोरोम गाड़ ललपनिया फुटबॉल मैदान	20.11.2026
5	फुटबॉल (पुरुष / महिला)	टीम स्पर्धा– प्रत्येक टीम में अधिकतम 18 खिलाड़ी	लुटु बुरू घांटा बाड़ी घोरोम गाड़ ललपनिया फुटबॉल मैदान	20.11.2026

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवश्यक नियम एवं शर्तें निम्नवत् हैं–

1. प्रतियोगिता में 14 से 40 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी ही भाग लेने के पात्र होंगे।
2. प्रतिभागियों को आयु प्रमाण–पत्र तथा आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान–पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा।
3. प्रतिभागियों / टीमों को निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर पंजीकरण कराना होगा।
4. प्रत्येक खेल विधा में प्रतिभागियों / टीम के सदस्यों की संख्या उपर्युक्त तालिका में निर्धारित सीमा के अनुरूप होगी। निर्धारित सीमा से अधिक प्रतिभागियों को अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. प्रतियोगिता के दौरान आयोजक समिति एवं निर्णायक मंडल द्वारा जारी निर्देशों तथा संबंधित खेल विधा के लागू नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
6. प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु किसी प्रकार का प्रवेश / पंजीकरण शुल्क देय नहीं होगा।
7. प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं पंजीकरण हेतु जिला खेल कार्यालय, बोकारो से संपर्क किया जा सकता है। मो०–7488389981, 9798550155

जिला प्रशासन, बोकारो की ओर से जिले के सभी योग्य एवं इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की जाती है कि वे उक्त प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर भाग लें तथा राज्य स्थापना दिवस– 2026 के आयोजन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

जिला खेल पदाधिकारी,
बोकारो।

PR.NO.394010 Art Culture Sports and Youth Affairs(26-27):D

मथुरा में बीजेपी ने रची यूपी जीत की पटकथा, तीन अहम मुद्दों पर तीसरी बार बनेगी सरकार, हो गई तैयारी



एजेंसी। 17 नवंबर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ मथुरा में भाजपा उत्तर प्रदेश की संगठनात्मक बैठक (योजना बैठक) के दूसरे दिन की अध्यक्षता की। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगे की रूपरेखा तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई।मथुरा की बैठक में यूपी के चुनाव को लेकर योजना बनी, जिसमें तय किया गया है कि इन तीन मुद्दों के साथ बीजेपी उत्तर प्रदेश के चुनाव में उतरेगी।

1. विकास
2. कानून व्यवस्था /सुरक्षा
3. सांस्कृतिक पहचान /राष्ट्रवाद

बाकी अभी और मुद्दे बाकी हैं, जिसमें बीजेपी तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुद्दे को प्रमुख राजनीतिक और वैचारिक एजेंडे के रूप में आगे बढ़ाने की तैयारी में है। कार्यकर्ता ही सर्वपरि है , बूथ पर यूथ को अपनी तरफ खींचना है। कार्यकताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना है । बूथ बूथ पर संदेश देना है की राधे राधे , कमल खिला दे का संदेश देना है । इसके अलावा संगठनात्मक विषयों में कई नेताओं ने कार्यकताओं की नाराजगी का उठाया मुद्दा। नेताओं ने कहा, बिना कार्यकताओं की नाराजगी दूर करे चुनाव में हो सकती है परेशानी। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने कहा कि पार्टी के प्रमुख मुद्दों में से यूपी में अभी सिर्फ राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का काम हुआ है पूरा। योगी ने कहा कि हमने हर वर्ग के लिए काम किया है और आपको सभी लाभार्थी वर्गों तक पहुंचाना है और सरकार के काम को पहुंचाना है। दूसरा अखिलेश सरकार के जंगल राज को बताना है ताकि जनता जंगलराज बनाम सुसाशन की तुलना कर सके।

मथुरा में भाजपा की बड़ी बैठक के बाद दिल्ली निकलेंगे सीएम योगी, गृह मंत्री अमित शाह से करेंगे मुलाकात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में साल 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में बहुत बड़ा मंथन कर रही है। मथुरा में इस वक्त सीएम योगी समेत बीजेपी के 45 दिग्गज नेता जुटे हैं। दोनों डिप्टी सीएम, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, यूपी चुनाव के प्रभारी विनोद ताड़डे ये सब इस समय मथुरा में मौजूद हैं। वहीं, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी मथुरा मंथन में शामिल हो रहे हैं। इस बीच खबर सामने आई है कि सीएम योगी आदित्यनाथ इस बैठक के बाद दिल्ली रवाना होंगे और यहां पर गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। खबर है कि सीएम योगी मथुरा मीटिंग के बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगे। सूत्रों के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ आज शाम दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन और गृह मंत्री अमित शाह से मिलेंगे। फिलहाल योगी अभी मथुरा में हैं जहां 27 के चुनाव की रणनीति पर कल से मंथन हो रहा है। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में चुनावी तालमेल, टिकट वितरण, सोशल मीडिया रणनीति, विपक्ष के पीडीए पैरेटिव की काट और सबसे अहम एएसआईआर में कटे नामों पर चर्चा हो रही है। मथुरा में चल रही बीजेपी की इस मीटिंग के पहले दिन सतो में वापसी के लिए राजनीतिक, सामाजिक और संगठनात्मक समीकरण साधने पर चर्चा हुई। बैठक में राजनीतिक एजेंडे में सबसे अहम चुनौती विपक्ष की पीडीए राजनीति की काट तलाशना है। पार्टी का पूरा फोकस अखिलेश यादव के चुनावी एजेंडे को फेल करना है। यूपी विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के चुनाव मंथन का आज दूसरा दिन है। बीजेपी का ये चुनावी चिंतन भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में हो रहा है। इस बार मथुरा में बीजेपी की बैठक के कई मतलब निकाले जा रहे हैं। क्या इस बार बीजेपी मथुरा के मुद्दे पर चुनाव लड़ने जा रही है? क्योंकि केशव प्रसाद मौर्य ने क्या बड़ी बात कही है।



ग्रेटर नोएडा में महिला सब इंस्पेक्टर का बाथरूम में मिला शव, हार्ट अटैक की आशंका

एजेंसी। 17 नवंबर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में तैनात एक महिला सब इंस्पेक्टर का शव मंगलवार को उनके कमरे के बाथरूम में मिला है। इससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मृतक महिला सब इंस्पेक्टर की पहचान रश्मि गौतम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वे वर्ष 2023 बैच की सब इंस्पेक्टर थीं। साल 2024 से जारचा थाने में उनकी तैनात थी। शुरूआती तौर पर हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उनके परिवार में भी गम का माहौल है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह रश्मि गौतम के पिता ने उन्हें कई बार फोन किया। लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। जब बात नहीं हो सकी तो इसके बाद रश्मि के पिता ने साथ में रहने वाली एक अन्य सब इंस्पेक्टर से संपर्क कर उनसे बात कराने को कहा। जब दूसरी साथी पहुंची तो काफी देर तक रश्मि के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। इस पर मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दी गई। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो रश्मि बाथरूम में मृत अवस्था में पड़ी मिली। इससे पुलिस टीम भी एक बार सकते में आ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। रश्मि गौतम मूल रूप से कानपुर नगर की रहने वाली थी। उनके पिता भी उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी।

अखिलेश पर धीरेंद्र शास्त्री का तंज, पहले यज्ञ में हड्डियां डालते थे, अब डालते हैं पोस्ट



एजेंसी। 17 नवंबर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गोंडा में राजन महाराज की कथा में पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बिना नाम लिए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पहले जब यज्ञ हुआ करते थे, तब राक्षस और दैत्य यज्ञ में हड्डियां डालकर बाधा पहुंचाते थे, लेकिन अब लोग सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हैं. उनके इस बयान को अखिलेश यादव पर तंज के तौर पर देखा जा रहा है. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, पहले जब यज्ञ होते थे तो राक्षस यज्ञ में हड्डियां डालते थे, अब लोग पोस्ट डालते हैं, बस इतना ही अंतर है. हालांकि, उन्होंने किसी नेता का नाम नहीं लिया. उन्होंने यह भी कहा, हम किसी राजनेता के लिए बोलते नहीं हैं. धीरेंद्र शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि राम और कृष्ण की भूमि पर धार्मिक आयोजन और संतों का समागम महत्वपूर्ण है, उन्होंने सनातन के विरोध को पुराना बताते हुए कहा कि विरोध करने वाले अपना काम कर रहे हैं और संत अपना काम कर रहे हैं. उनके बयान में किसी राजनीतिक नेता का नाम नहीं था, लेकिन यज्ञ में बाधा डालने और अब सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की तुलना को अखिलेश यादव पर तंज के रूप में देखा जा रहा है.

आदिकाल से होता रहा है सनातन का विरोध

कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने सनातन धर्म और धार्मिक आयोजनों का विरोध करने वालों पर भी टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि सनातन का विरोध आदिकाल से होता रहा है. कुछ लोग अपना काम कर रहे हैं और हम अपना काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा, हाथी अपना काम कर रहे हैं, हम अपना काम कर रहे हैं. धीरेंद्र शास्त्री ने यह भी कहा कि राम और कृष्ण की भूमि पर संतों को सुनने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है.

गोंडा में राजन महाराज की कथा का आयोजन

गोंडा में आलोक दास जी महाराज की और से राजन महाराज की कथा का आयोजन कराया जा रहा है. इस आयोजन में बाबा रामदेव की भी मुख्य भूमिका बताई गई है. बाबा रामदेव के भी आज गोंडा में मौजूद रहने का कार्यक्रम है. धीरेंद्र शास्त्री ने गोंडा के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के निवासियों को संतों के विचार सुनने का अवसर मिल रहा है. उन्होंने 4, 5 और 6 दिसंबर को संतों के महाकुंभ के आयोजन का भी जिक्र किया और कहा कि फिर से शंखनाद होगा.

बरेली में हथियार फैक्ट्री से खुला पाकिस्तानी नेटवर्क का कनेक्शन, शहजाद भट्टी के हैंडलर के संपर्क में थे आरोपी

- दो के हाथ पर एक जैसा टैटू

एजेंसी। 17 नवंबर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बरेली के बहेड़ी में अवैध हथियार फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद अब इस मामले में एक बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की आशंका जताई जा रही है. पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि गिरफ्तार किए गए चार युवक सिर्फ हथियार बनाने और सप्लाई करने में शामिल थे या उन्हें किसी बड़ी साजिश के लिए तैयार किया जा रहा था. जांच में टारगेट किलिंग की साजिश का अंदेशा भी सामने आया है. पुलिस को गिरफ्तार आरोपियों में से दो के हाथ पर एक जैसे टैटू मिले हैं. दोनों के हाथ पर अंग्रेजी में ट्रस्ट नो वन लिखा है. इसका मतलब है कि किसी पर भरोसा मत करो. अब पुलिस इस टैटू के पीछे की वजह और आरोपियों के आपसी संबंधों की भी पड़ताल कर रही है. दरअसल, बहेड़ी पुलिस और एसओजी ने अवैध हथियार फैक्ट्री पर कार्रवाई कर चार युवकों को गिरफ्तार किया था. पूछताछ में इनके तार पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी के हैंडलर अजमल गुर्जर से जुड़े होने की जानकारी सामने आई. चारों आरोपियों को जेल भेजने के बाद पुलिस अब इनके मोबाइल फोन, सोशल मीडिया अकाउंट और बातचीत के रिकॉर्ड खंगाल रही है. जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि आखिर इन युवकों को अपने नेटवर्क में शामिल करने के पीछे क्या मकसद था. जांच में सामने आया है कि बहेड़ी के सुखराज का सोशल मीडिया के जरिये अजमल गुर्जर से संपर्क हुआ था. दोनों के बीच बातचीत भी हुई थी. सुखराज ने बातचीत के दौरान एक लाइव वीडियो की स्क्रीन रिकॉर्डिंग की थी, जो पुलिस को मिल गई है.

गन्ना किसानों की समृद्धि और चीनी उद्योग का विकास सरकार की प्राथमिकता : सम्राट चौधरी

एजेंसी। 17 नवंबर

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष के सामने आयोजित कार्यक्रम में गन्ना उद्योग विभाग की ओर से शुरू किए गए गन्ना विकास रथ-2026 अभियान का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के लिए गन्ना विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में गन्ना किसानों की समृद्धि, गन्ना उत्पादन में वृद्धि और चीनी उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में फिलहाल 10 चीनी मिलें कार्यरत हैं, जबकि पांच और चीनी मिलें जल्द शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि ह्रासमृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार के संकल्प



के साथ शुरू किया गया यह अभियान किसानों तक आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक खेती और सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नई चीनी मिलों की स्थापना और बंद पड़ी पुरानी चीनी मिलों के पुनरुद्धार के माध्यम से राज्य के चीनी उद्योग को सशक्त बनाया जाएगा। गन्ने की खेती किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम होने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने में भी सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि गन्ना विकास रथ-2026 किसानों को आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ बिहार में गन्ना उत्पादन तथा चीनी उद्योग के विकास को नई दिशा देगा। गन्ना विकास रथों के माध्यम से किसानों को गन्ने की उन्नत किस्मों, वैज्ञानिक खेती, जैविक खाद और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।

घर और गोदाम में लगी भीषण आग करोड़ों के सामान जलकर राख

एजेंसी। 17 नवंबर

सहरसा। शारदा नगर वार्ड 34 में सोमवार शाम करीब 7 बजे प्रभु टेंट हाउस के संचालक अरुण प्रसाद सिंह के घर और गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई. आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते घर और गोदाम में रखा टेंट का करोड़ों का सामान जलकर राख हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब सात बजे अचानक आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और घर के साथ गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया. गोदाम में टेंट से संबंधित काफी सामान रखा हुआ था. आग की भयावहता के कारण देखते ही देखते पूरा सामान जलने लगा और घर में रखा अन्य सामान भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गया. आगजनी के संबंध में अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई. सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम चार दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची. साथ ही सदर थाना पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची. दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का लगातार प्रयास किया, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि चारों दमकल गाड़ियों का पानी खत्म होने के बावजूद भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका. करीब दो घंटे तक दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे रहे. इसके बावजूद आग की लपटें उठती रहीं. हालांकि 4 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ पंकज कुमार सिंह और सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार पासवान भी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया.

पीएम मोदी के जाते ही बिहार आएंगे अमित शाह ताबड़तोड़ दौरा से राज्य में बढ़ी सियासी सरगर्मी

एजेंसी। 17 नवंबर

पटना। बिहार में विकास कार्यों को रफ्तार देने और बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से चालू करने को लेकर सरकार ने बड़ी तैयारी की है. इसी कड़ी में 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार दौरे पर आ रहे हैं. पीएम मोदी के दौरे के ठीक बाद 11 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बिहार आएंगे. दोनों शीर्ष नेताओं के ताबड़तोड़ दौरों को लेकर राज्य में सियासी और प्रशासनिक सरगर्मी तेज हो गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 नवंबर को बिहार आ रहे हैं और वैशाली जिले के राजापाकर प्रखंड स्थित जाफरपट्टी औद्योगिक क्षेत्र में उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है. इस दौरान पीएम मोदी कच्ची दरगाह-राघोपुर-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल



(नीतीश सेतु) का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही वे कई अन्य विकास कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे. कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री जाफरपट्टी मैदान में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा बिहार में एनडीए सरकार के कार्यकाल के लिहाज से भी बेहद अहम माना जा रहा है. बिहार में एनडीए सरकार और बीजेपी के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यकाल का एक साल पूरा हो रहा है. ऐसे में सरकार अपनी उपलब्धियों को जनता के बीच रखने की तैयारी में है. पीएम मोदी की जनसभा के जरिए एनडीए अपने विकास मॉडल और एक साल के कामकाज का सदेश देगी. पीएम मोदी के दौरे के बाद 11 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार दौरे पर आएंगे. केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा बिहार में पांच नई चीनी मिलों की शुरूआत की जाएगी, जिसकी जानकारी गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने दी है. विपक्ष लगातार बंद पड़ी चीनी मिलों को लेकर सरकार पर सवाल उठा रहा है. इस पर गन्ना उद्योग मंत्री ने दावा किया है कि सरकार गन्ना किसानों और उद्योग के लिए लगातार काम कर रही है. मुख्यमंत्री ने 2026 में पांच चीनी मिल शुरू करने की घोषणा की थी, जिसकी शुरूआत हम लोग करने जा रहे हैं.

बिहार में एंबुलेंस से ढोई जा रही शराब, चालक गिरफ्तार

एजेंसी। 17 नवंबर

कैमूर (मोहनिया)। बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब तस्कर पुलिस और उत्पाद विभाग की आंखों में धूल झोंकने के लिए लगातार नये-नये तरीके अपना रहे हैं. इसी बीच एंबुलेंस से 218.655 लीटर अवैध विदेशी शराब की तस्करी करने का मामला सामने आया है. बरामद शराब की अनुमानित बाजार कीमत करीब पांच लाख रुपए बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार बिहार में शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने और शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की ओर से लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इसी दौरान उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली कि झारखंड नंबर की एक एंबुलेंस से शराब की बड़ी खेप बिहार में प्रवेश करने वाली है. सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग की टीम सतर्क हो गई और मोहनिया समेकित जांच चौकी पर निगरानी बढ़ाते हुए वाहनों की सघन जांच शुरू की, तभी झारखंड निबंधन संख्या JH10BT1636 वाली संदिग्ध एंबुलेंस जांच के लिए रोकी गई. जब उत्पाद विभाग की टीम ने एंबुलेंस की बारीकी से तलाशी ली तो उसके अंदर छिपाकर रखी गई 218.655 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुई. एंबुलेंस जैसे आपातकालीन सेवा के वाहन में शराब की खेप देखकर जांच टीम भी हैरान रह गई. इसके बाद टीम ने शराब के साथ एंबुलेंस को जब्त कर चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार चालक की पहचान हरियाणा के सोनीपत जिले के चिड़ाना गांव निवासी सत्यवान (42 वर्ष) के रूप में हुई है.

जदयू में बड़े पैमाने पर की गई फेरबदल



एजेंसी। 17 नवंबर

पटना। जनता दल यूनाइटेड यानि जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देशानुसार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान ने जेडीयू के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और विभिन्न प्रदेशों के प्रभारियों की घोषणा की है.राष्ट्रीय स्तर पर अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कई बड़े फेर बदल किए हैं. दिल्ली, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों के प्रभारी बदले गए हैं. चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष बनाया गया है उन्हें अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी भी दी गई है. इसके अलावा पार्टी ने कई विधायकों को भी बड़ी जिम्मेदारी दी है. पार्टी के महासचिव व विधायक श्याम रजक को महाराष्ट्र की जिमेदारी दी गई है. वहीं दूसरे महासचिव विधायक रामसेवक सिंह को पार्टी ने झारखंड का जिम्मा सौंपा है. इसके अलावा महासचिव रमेश सिंह कुशवाहा को उत्तर प्रदेश का सह प्रभारी बनाया गया है. उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार पहले से प्रभार में हैं. पूर्व सांसद और महासचिव कहकशां परवीन को महिला विंग का प्रभारी बनाया गया है. महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार को दिल्ली का प्रभार दिया गया है, जबकि महासचिव गुलाम रसूल बलियावी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी गई है. उनके अलावा महासचिव राज सिंह मान को हरियाणा की जिम्मेदारी दी गई है. महासचिव मनीष कुमार वर्मा को उड़ीसा का जिम्मा मिला है, महासचिव हर्षवर्धन सिंह को गोवा की जिम्मेदारी दी गई है. इसके अलावा पार्टी ने महासचिव राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी पहले से दी हुई है. महासचिवों के अलावा पार्टी ने सचिवों को भी अहम जिम्मेदारी सौंपी है. सचिव रविंद्र कुमार सिंह को छत्तीसगढ़ की, सचिव विद्यासागर निषाद को मध्य प्रदेश की, सचिव दयानंद राय को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की, सचिव संजय कुमार को कर्नाटक की और सचिव मोहम्मद निसार को तमिलनाडु की जिम्मेदारी दी गई है.

शैलेंद्र कुमार को पंजाब की जिम्मेदारी

इसके अलावा पार्टी ने सचिव शैलेंद्र कुमार को पंजाब की जिम्मेदारी दी है . पहले इनके पास दिल्ली का प्रभार था. सचिव रूही वांगूम को असम की जिम्मेदारी दी गई है . सचिव धर्मेंद्र तिवारी को पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी दी गई हैसचिव निवेदिता कुमारी को प्रभारी महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी गई है .

अनिल प्रसाद हेगड़े बने उत्तर पूर्व के सह प्रभारी

साथ ही पार्टी ने अनिल प्रसाद हेगड़े को उत्तर पूर्व का सह प्रभारी बनाया गया है . अशोक राम को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है . वहीं राष्ट्रीय स्तर पर तीन नए प्रवक्ता भी बनाए गए हैं जिनमें निखिल मंडल, विधायक कोमल सिंह और शालिनी पटेल शामिल हैं .

खेसारी लाल यादव के कार्यक्रम में चली कुर्सियां और ईंट-पत्थर, बीच में शो छोड़कर भागे

एजेंसी। 17 नवंबर

नालंदा। बिहार के नालंदा में भोजपुरी के चर्चित कलाकार खेसारी लाल यादव के कार्यक्रम में बीती रात जबरदस्त बवाल हो गया. हंगामा इतना बढ़ गया कि बेकाबू भीड़ ने कार्यक्रम स्थल पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए और वहां रखी दर्जनों कुर्सियां तोड़ डालीं. इस दौरान मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया. माहौल बिगड़ता देख खुद खेसारी लाल यादव बीच में ही कार्यक्रम छोड़कर मंच से उतर कर निकल गए, वह पूरा मामला नालंदा जिले के इस्लामपुर प्रखंड स्थित शेखल्ली गांव का है, जहां बीती रात एक निजी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खेसारी लाल यादव पहुंचे थे, जिन्हें करीब से देखने और उनकी एक झलक पाने के लिए दर्शक धक्का-मुक्की करने लगे. देखते ही देखते वहां भीड़ काफी बढ़ गई, लेकिन भीड़ के हिसाब से सुरक्षा और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई थी. इसी अव्यवस्था के कारण स्थिति अनियंत्रित हो गई और भीड़ पूरी तरह बेकाबू हो गई. हालात बेकाबू होने पर मौके पर तैनात पुलिस बल भी भीड़ को संभालने में असफल रहा. इसी बीच गुस्साए दर्शकों ने हंगामा करते हुए कुर्सियां तोड़नी शुरू कर दीं और ईंट-पत्थर चलाए, जिससे कार्यक्रम स्थल पर भारी अफरा-तफरी मच गई. स्थिति को गंभीर होता देख खेसारी लाल यादव ने सुरक्षा के लिहाज से तुरंत मंच छोड़ दिया. बवाल के बाद आयोजकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच भी काफी देर तक हड़कंप मचा रहा, जिसके चलते स्थिति सामान्य करने के लिए कार्यक्रम को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा.

गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व को लेकर गिरिडीह में शुरू हुई प्रभात फेरी

पंजाबी मुहल्ला स्थित गुरुद्वारा से गुरूबाणी कीर्तन के साथ निकली प्रभात फेरी

♦ 23 नवंबर को निकलेगा भव्य नगर कीर्तन, 24 को होगा शब्द कीर्तन और लंगर





आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

गिरिडीह। सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व को लेकर गिरिडीह में धार्मिक आयोजनों की शुरूआत हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को श्री गुरु सिंह सभा के द्वारा शहर के पंजाबी मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा से प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें सिख समुदाय के काफी संख्या में लोग शामिल हुए और नगर भ्रमण किया। प्रभात फेरी बंगाल रूबी, नवजीवन नर्सिंग होम और शांति भवन होते हुए मकतपुर स्थित राजकुमार सलूजा के आवास पहुंची। जहाँ श्रद्धालुओं का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। प्रभात फेरी में शामिल सिख महिला-पुरुष श्रद्धालु पूरे रास्ते गुरबाणी कीर्तन करते हुए चल रहे थे। गुरबाणी की मधुर धुन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए राजकुमार सलूजा और कुशल सलूजा की ओर से जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सेवक डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया ने बताया कि गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर 22 नवंबर तक लगातार प्रभात फेरी निकाली जाएगी। वहीं, 23 नवंबर को स्टेशन रोड स्थित मुख्य गुरुद्वारा से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा। इसके बाद 24 नवंबर को गुरुद्वारा में विशेष शब्द कीर्तन और लंगर का आयोजन होगा। उन्होंने गिरिडीह के सभी लोगों से प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। इस दौरान प्रभात फेरी में सचिव नरेंद्र सिंह शमी, डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा, मनजीत सिंह सलूजा, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा, गुरभेज सिंह कालरा, कुशल सलूजा, परमजीत सिंह कालू, दिवंकल सिंह, शबद सिंह, जॉनी सिंह, प्रिंस सलूजा, सनी शर्मा, हरप्रीत सिंह, सुखदीप कौर, सोनम कौर, मंजीत कौर, स्मित कौर, सहित काफी संख्या में सिख समुदाय के महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

20 नवंबर को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

गिरिडीह। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 20 नवंबर को नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन के विस्तार और आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी की भूमिका को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में पार्टी की भावी रणनीति और संगठन को मजबूत बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। राजकुमार राज ने बताया कि इस बैठक में पार्टी के सभी पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। उन्होंने कहा कि यह बैठक संगठनात्मक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इसमें लिए जाने वाले निर्णयों से पार्टी की आगामी राजनीतिक दिशा और गतिविधियों को गति मिलेगी।

भारत मित्र कार्यालय में पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में प्रेस क्लब गिरिडीह ने जताया आक्रोश, मुख्यमंत्री के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

गिरिडीह। रांची के भारतमित्र न्यूज कार्यालय में हुई पुलिसिया कार्रवाई और पत्रकार अभिषेक भारती के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के विरोध में मंगलवार को प्रेस क्लब गिरिडीह ने अपना विरोध दर्ज कराया। प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने गिरिडीह उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने पूरे मामले पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सरकार और जिला प्रशासन से हस्तक्षेप करने की मांग की। प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश सिन्हा ने कहा कि पत्रकार अभिषेक भारती के खिलाफ जिस तरह मामला दर्ज कराया गया है, वह उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष समीक्षा करते हुए अभिषेक भारती पर दर्ज मुकदमे को अविलंब वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चैथे स्तंभ हैं और उनके साथ किसी भी तरह की अनुचित कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पत्रकारों के सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा करना जरूरी है। मौके पर गिरिडीह के अधिकतर पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर पत्रकारों के हितों की रक्षा और पूरे मामले में न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की। डीसी को ज्ञापन सौंपने के दौरान महासचिव अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष प्रवीण राय, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल, प्रमोद चैधरी, सुरेन्द्र सिन्हा, अभिषेक सहाय, सुनील मंथन शर्मा, अमरनाथ सिन्हा, श्रीकांत, बिनोद शर्मा, रिंकेश कुमार, जगजीत सिंह बग्गा, पीयूष मिश्रा, गौरव कुमार, जगजीत सिंह बग्गा, अजय सिंह, विकास सिंह, मनोज कुमार, योगेश्वर दास, आशीष विश्वकर्मा, संतोष तिवारी, गौतम कुमार, शाहिद कयूम, नमन नवनीत, राजीव शाहा, विवेक गुप्ता, विनोद कुमार, अजित कुमार सहित अन्य कई पत्रकार मौजूद थे।

डुमरी में एसआईआर को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक

♦ 18 नवंबर के कैंप को सफल बनाने की अपील



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

गिरिडीह। डुमरी अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में 18 नवंबर को आयोजित होने वाले एक और अवसर कैंप को सफल बनाने, सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ और बीएलए-2 के साथ छठी बैठक तथा चुनाव पाठशाला की छठी बैठक को सफल बनाने पर चर्चा हुई। एसडीएम ने अपील की कि जिन पात्र नागरिकों की उम्र 01-10-2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म-6 भरवाया जाए। एसडीएम ने बताया कि 33-डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 68,150 मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया था। इसमें नो-मैपिंग में 9,193 और विसंगति में 58,957 नोटिस थे। इनमें से अधिकांश की सुनवाई कर विसंगति का निराकरण किया जा चुका है।वर्तमान में नो-मैपिंग में 1,330 और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी (विसंगति) में 2,875 नोटिसों की सुनवाई शेष है, जिसे 2 दिनों में शत-प्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही बताया गया कि नोटिस वाले कुछ मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दोबारा दर्ज है, कुछ अन्य राज्य में चले गए हैं और वहां की मतदाता सूची में भी नाम है, तथा कुछ की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्हें प्रक्रिया के अनुसार विलोपित किया जाएगा।

छठ पूजा के समापन पर सम्मान समारोह का आयोजन

विभिन्न दलों के लोग हुए शामिल



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

गिरिडीह। छठ महापर्व के समापन के अवसर पर सोमवार को चंद्रवंशी नवयुवक समिति की ओर से सम्मान समारोह सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक उपाध्याय तथा जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के सुभाष पांडा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु राम, सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद राम, भीम राम पत्रकार आशीष कुमार,, सुधीर द्विवेदी पवन कुमार राम, राहुल राम उज्ज्वल साहा, शिक्षक दिगंबर प्रसाद दिवाकर, शिक्षक सुखदेव महतो, भाकपा माले के जिला सचिव अशोक पासवान, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अजय द्विवेदी शंकर राम, वीरू राणा अजय मोदी, मनोज मोदी, अशोक तुरी एवं आनंदी तुरी सहित कई गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अशोक उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र की सेवा के साथ मानवता की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं भाकपा माले के जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भाव बनाए रखना बेहद जरूरी है। जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने कहा कि छठ महापर्व ऐसा पावन त्योहार है, जो समाज में समानता, आपसी सद्भाव और स्वच्छता का संदेश देता है।

मधुबन पंचायत के भोला टांड़ फुटबॉल मैदान में भाजपा का मिलन समारोह आयोजित



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

गिरिडीह। गिरिडीह विधानसभा के पीरटांड़ प्रखण्ड के बांध पंचायत और मधुबन पंचायत के भोलाटांड़ फुटबॉल मैदान में भाजपा का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता गिरिडीह सुरेश साव शामिल हुए। रशिक लाल हेम्ब्रम और सुशील मुर्मू के नेतृत्व में भाजपा नेता सुरेश साव की मौजूदगी में सैकड़ों आदिवासी युवाओं, महिलाओं और ग्रामीणों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुरेश साव ने सभी को भाजपा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सुरेश साव ने राज्य की झामुमो-कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पीरटांड़ प्रखंड के गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले में से बाबूराम हेम्ब्रम, कारमाचान्द सोरेन, शिखर मुर्मू, रामचन्द्र हेम्ब्रम, बिनोद सोरेन, अरविन्द सोरेन, पतिराम सोरेन, बुधन मरांडी, सानू मरांडी, बिनोद मरांडी, सुन्दर लाल मरांडी, सुशील हांसदा, गणेश सोरेन, पंकज मुर्मू, मुन्शी हांसदा, रसीला सोरेन, शनीचर हांसदा, महेन्द्र मुर्मू, भोला टुडू, सूरजमुनी देवी, बुडबी देवी शामिल हुए। मौके पर श्याम प्रसाद, बुधन हेम्ब्रम, माँझी हडाम भीम लाल सोरेन, अर्जुन हेम्ब्रम, अमर तुरी उपस्थित रहे।

अभाविप ने फूंका मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

गिरिडीह। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गिरिडीह नगर इकाई द्वारा झंडा मैदान से टावर चैक तक विरोध मार्च निकालकर टावर चैक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। 14 साल की एक नाबालिग बच्ची का कांग्रेस पार्टी के सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा द्वारा निरंतर यौन उत्पीड़न किया जा रहा था। इस मामले को एक न्यूज चैनल ने उजागर किया था। एक फुटेज एवं वीडियो सामने आई थी, जिसके बाद अभाविप एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने इस मामले को गंभीरता और आक्रामकता से उठाया। इस दौरान अभाविप के प्रदेश सह मंत्री मंटू मुर्मू ने कहा कि बीएनएसएस की धारा 183 के तहत यह मामला दर्ज हुआ है। यह सीधे-सीधे पोस्को का मामला है और नियमों एवं कानून के मुताबिक, पोस्को केस में पीड़िता को किसी भी सूरत में आरोपी के सामने नहीं लाया जा सकता, यहां तक कि कोर्ट में भी नहीं। बल्कि कानून कहता है कि पीड़िता को सीधे मजिस्ट्रेट के पास ले जाकर उसका बयान दर्ज कराया जाता है। अनीश राय ने कहा कि आप समझ सकते हैं कि पोस्को कानून का कितना बड़ा उल्लंघन यहां हुआ है। यह सीधे-सीधे हेमंत सोरेन की देखरेख में हुआ है। यह उल्लंघन हेमंत सोरेन की सरकार ने कराया है। मौके पर नगर सह मंत्री अभिजीत सिन्हा, रितेश पांडे, प्रशांत कुमार , निक्कू सिंह, सूरज कुमार,संस्कार साहू, अमित गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विकास कप क्रिकेट टूर्नामेंट के 28वें सीजन का शानदार आगाज

♦ उद्घाटन मैच में परवीन 11 गुमगी विजयी



आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

गिरिडीह। विकास युवा क्लब हीरोडीह के तत्वावधान में आयोजित विकास कप क्रिकेट टूर्नामेंट के 28वें सीजन का शानदार आगाज मंगलवार को हीरोडीह थाना के पीछे स्थित नए खेल मैदान में हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिले भर से पहुंचे कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान अतिथियों को क्लब की ओर से सम्मानित भी किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला परवीन-11 गुमगी और माही कार गैरेज जमुआ के बीच खेला गया। टॉस जीतकर माही कार गैरेज जमुआ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित छह ओवर में 60 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी परवीन-11 गुमगी की टीम ने 65 रन बनाकर नौ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ परवीन-11 ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमुआ विधायक मंजू कुमारी उपस्थित रहीं। इनके अलावा विकास युवा क्लब के अध्यक्ष पवन कुमार साहू, देवरी उपप्रमुख आशीष कुमार, जमुआ के पूर्व प्रमुख परवीन कुमार, पत्रकार सुधीर द्विवेदी एवं उज्ज्वल कुमार साहा, जिला परिषद सदस्य विजय पांडेय, भाकपा माले जिला सचिव अशोक पासवान, विश्व हिंदू परिषद के सदस्य सुभाष पांडा, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश राणा, आजसू नेता मो. सहाबुद्दीन, मुखिया प्रदीप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर राय एवं मंडरो के मंतोष उपाध्याय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन गौतम कुमार ने किया।

जिले के सभी मतदान केंद्रों पर आज लगेगा एक और अवसर विशेष कैंप : डीसी

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उपायुक्त ने एसआईआर-2026 की प्रगति की समीक्षा की

- बीएलओ-बीएलए-2 की छठी बैठक और छठी चुनाव पाठशाला का भी होगा आयोजन
- एएसडीसी सूची में शामिल छूटे पात्र मतदाताओं की होगी पहचान, आज तैयार होगी सूची

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय नाथ झा ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नोटिस के निष्पादन एवं छूटे हुए पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने को लेकर विस्तार से चर्चा की। डीईओ सह डीसी ने बताया कि आज जिले के सभी मतदान केंद्रों पर एक और अवसर विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही बीएलओ एवं बीएलए-2 की छठी बैठक तथा छठी चुनाव पाठशाला का भी आयोजन होगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्र में ऐसे मतदाताओं की पहचान करने में बीएलओ को सहयोग करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहे। एसआईआर के तहत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2,79,044 नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें 2,35,121 मामलों में सुनवाई की प्रक्रिया पूरी की गई है। 2,24,207 मामलों को अंतिम प्रक्रिया के लिए रखा गया है।



प्रपत्र-6 के 45,398 आवेदन प्राप्त

जिले में 5 अगस्त से 16 नवंबर 2026 तक प्रपत्र-6 के कुल 45,398 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें गोमिया विधानसभा क्षेत्र से 12,977, बेरमो से 9,067, बोकारो से 16,019 तथा चंदनकियारी से 7,335 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

पात्र नागरिक प्रपत्र-6 भरकर मतदाता सूची में दर्ज कराएं नाम

डीईओ सह डीसी ने बताया कि वैसे सभी पात्र भारतीय नागरिक, जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है तथा जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे प्रपत्र-6 भरकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क करने के साथ ही ईसीआईनेट मोबाइल ऐप अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट [https://voters.eci.gov.in] (https://voters.eci.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। डीईओ सह डीसी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से विशेष कैंप में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता आवश्यक है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहे।

बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, ईआरओ चंदनकियारी अनुराधा कुमारी व विभिन्न राजनीतिक पार्टियों - झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से रतनलाल माझी, कांग्रेस से जवाहरलाल महता, भाजपा से संजय त्यागी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से घनश्याम चौधरी, बुद्ध नारायण यादव एवं संदीप पासवान, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से मो. सुल्तान, आजसू पार्टी से वांकु बिहारी सिंह तथा आम आदमी पार्टी (आप) से विधान चंद्र राय, समीर कुमार एवं समसेर सहित अन्य उपस्थित थे।

विधानसभा क्षेत्रवार जारी नोटिस और सुनवाई की स्थिति इस प्रकार

- **गोमिया :** 58,124 नोटिस, 56,450 मामलों में सुनवाई।
- **बेरमो :** 66,561 नोटिस, 56,647 मामलों में सुनवाई।
- **बोकारो :** 1,08,121 नोटिस, 80,512 मामलों में सुनवाई।
- **चंदनकियारी :** 46,542 नोटिस, 41,512 मामलों में सुनवाई।

छूटे हुए पात्र मतदाताओं को मिलेगा एक और अवसर

डीईओ सह डीसी ने कहा कि कैंप के दौरान एएसडीसी सूची में शामिल वैसे पात्र मतदाताओं को चिह्नित किया जाएगा, जो संबंधित मतदान केंद्र क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास कर रहे हैं, लेकिन अब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं। इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर एएसडीसी सूची उपलब्ध रहेगी। बीएलओ एवं बीएलए-2 आपसी समन्वय से ऐसे मतदाताओं की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

सुनवाई और सत्यापन के बाद तैयार होगी बूथवार सूची

डीईओ सह डीसी ने बताया कि सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अपात्र पाए गए व्यक्तियों की नामवार सूची मतदान केंद्रवार प्रपत्र-3 में तैयार की जाएगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

- समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध निष्पादन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दिया आवश्यक निर्देश

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

बोकारो। समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त ने हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम के तहत आमजनों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराते हुए आवेदन सौंपे। कार्यक्रम में कुल 35 मामलों की सुनवाई की गई। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की जांच करते हुए नियमानुसार त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी संबंधित पदाधिकारी जनशिकायतों के निष्पादन में संवेदनशीलता एवं तत्परता बरतें, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, प्रभारी पदाधिकारी हेमलता बून, एडीएसएस सुचिता किरण, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

सद्गुरु सदाफलदेव आदर्श गोशाला में गोपाष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन

- रक्तदान शिविर में 10 लोगों ने किया रक्तदान

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

बोकारो। चास के बहादुरपुर स्थित सद्गुरु सदाफलदेव आदर्श गौशाला ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को गौशाला परिसर में गौपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्वेत ध्वजारोहण और स्ववेद पाठ से हुआ। इसके बाद सद्गुरु सदाफलदेव विश्वशांति वैदिक महायज्ञ संपन्न हुआ। महोत्सव के अवसर पर सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान के अध्यक्ष एवं सद्गुरु उत्तराधिकारी संत प्रवर पूज्य श्री विज्ञानदेव जी महाराज के जन्मोत्सव (28 अक्टूबर) के उपलक्ष्य में आयोजित विश्वव्यापी रक्तदान अभियान के तहत रक्तदान शिविर लगाया गया। सदर अस्पताल के सहयोग से आयोजित शिविर में 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक सेवा का संदेश दिया। शिविर का संचालन रक्तकोष पदाधिकारी डॉ० जीएस मालटो, डॉ० अरविंद कुमार, धनंजय कुमार, संजय कुमार, महेश कुमार और अरुण कुमार की देखरेख में हुआ। रक्तदान करने वालों में सुबीर देवव्रत, विवेक कुमार, शिवम राय, संजय राय, संजय महादानी, शुभ्रांशु कुमार, अभिषेक कुमार, रवि कुमार, भिश्रदेव राणा और मुकेश कुमार शामिल थे। उल्लेखनीय है कि सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान की ओर से देशभर में कई गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है। बहादुरपुर स्थित इस गौशाला की देखरेख सद्गुरु सदाफलदेव आदर्श गौशाला ट्रस्ट करता है। यहां सैकड़ों गिर नस्ल की गायों का पालन-पोषण किया जाता है। गौपाष्टमी महोत्सव के दौरान मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य लोगों ने हवन के बाद विधि-विधान से गौपूजन किया और गायों को अन्न खिलाकर सुख-समृद्धि की कामना की।



महुआटांड़ में निर्माणाधीन मकान से 5,500 लीटर अवैध स्पिरिट जब्त

बोकारो। पुलिस अधीक्षक बोकारो नाथु सिंह मीणा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक बेरमो रविन्द्र कुमार सिंह के दिशा निर्देशण में पुलिस निरीक्षक अनिल कच्छप के नेतृत्व में एक टीम का गठन की गई। उक्त सूचना के सत्यापन / छापामारी हेतु गठित टीम में थाना प्रभारी महुआटाँड थाना प्रभारी जगेश्वर विहार, थाना प्रभारी ललपनिया एवं सभी थानों के सशस्त्र बल को शामिल किया गया। महुआटाँड़ थाना अंतर्गत ग्राम- धरमपुर स्थित झाड़-जंगल के किनारे क्रेसर खदान के पास निर्माणधीन संदिग्ध मकान को चिन्हीत कर मकान में छिपाकर रखे अवैध स्पिरिट रासायनिक द्रव्य पदार्थ को गठीत टीम द्वारा विधीवत घेराबंदी कर उक्त स्थल का सर्च किया गया सर्च करने के दौरान सिन्टेक्स एवं ड्रम में भरे उक्त द्रव्य पदार्थ की जाँच कि गई तो पता चला कि सभी सिन्टेक्स एवं ड्रम में भरे रासायनिक द्रव्य पदार्थ शराब निर्माण में उपयोग किये जाने वाले अवैध स्पिरिट पाया गया। उक्त स्थल से बरामद तीन सिन्टेक्स में कुल 2700 लीटर अवैध स्पिरिट एवं 14 नीले रंग के ड्राम में कुल 2800 लीटर अवैध स्पिरिट रासायनिक द्रव्य पदार्थ को बरामद कर विधिवत जति- सूची बनाकर जप्त किया गया। अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्ति, पुलिस बल को देखकर जंगल झाड़ी एवं अंधेरे और घने जंगलो का फायदा उठाते हुए भाग गये। संलिप्त व्यक्तियों को पुलिस बल के द्वारा काफी खोजबिन की गई। इस संबंध में महुआटाँड़ थाना कांड सं0-50/2026, दि0- 17/11/2026 धारा- 274/275 बीएनएस 2023 एवं 47(ए)/49/52/45 झारखण्ड राज्य उत्पाद अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध के अवैध स्पिरिट शराब निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं बिक्री करने के आरोप में कांड दर्ज किया गया है।

बीएसएल में कार्यरत ठेका श्रमिकों को समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत दी जायेगी 10 लाख की बीमा राशि

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) प्रबंधन संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं उनके परिवारों के हितों के संरक्षण के प्रति सदैव संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध रहा है। ठेका श्रमिक संयंत्र की उत्पादन एवं परिचालन गतिविधियों का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके योगदान को महत्व देते हुए बीएसएल प्रबंधन उनके साथ-साथ उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में भी निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी पहल के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बीएसएल में कार्यरत ठेका श्रमिकों हेतु समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना (Group Personnl Accident Insurance Scheme – GPAIS) के नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 नवंबर 2026 से 17 नवंबर 2027 तक की अवधि के लिए ठेका श्रमिकों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य किसी अप्रत्याशित दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों के परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना तथा कठिन परिस्थितियों में उनकी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायता करना है। यह बीमा पॉलिसी बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट (बोकारो स्टील प्लांट के ठेकेदारों का पंजीकृत ट्रस्ट) के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के तहत आई.पी. नंबर से निर्गत सक्रिय गेट पास वाले प्रत्येक ठेका श्रमिक को बीमा सुरक्षा के दायरे में लाना अनिवार्य किया गया है। पॉलिसी की अवधि के दौरान कार्यस्थल अथवा कार्यस्थल के बाहर किसी भी दुर्घटना के कारण श्रमिक की मृत्यु होने की स्थिति में उनके नामित आश्रित (Nominee) को 10 लाख की बीमा राशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार, यह योजना किसी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना की स्थिति में प्रभावित परिवार को संभावित आर्थिक संकट से उबरने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगी। योजना के अंतर्गत प्रति श्रमिक वार्षिक प्रीमियम की कुल राशि 991.20 निर्धारित की गई है। इसमें से 584.10 का वार्षिक अंशदान ठेका श्रमिक द्वारा वहन किया जाएगा, जबकि शेष राशि संबंधित ठेकेदार द्वारा वहन की जाएगी। बीएसएल प्रबंधन एक सुरक्षित, समावेशी एवं श्रमिक-हितैषी कार्यसंस्कृति के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना इसी प्रतिबद्धता की एक सार्थक अभिव्यक्ति है।

धोरोमगढ़ महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में 24 नवंबर को सीएम हेमंत करेंगे शिरकत

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

बोकारो। उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले लुगुबरू घांटोबाड़ी धोरोमगढ़ महोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई. बैठक में पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा भी शामिल हुए. जहां 24 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित आगमन सहित विभिन्न तैयारियों की समीक्षा की गई. उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया. जिसमें पहाड़ पर एक स्थायी स्वास्थ्य केंद्र और मेला क्षेत्र में पर्याप्त मेडिकल टीम एवं स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया. साथ ही पहाड़ एवं मेला क्षेत्र में सभी स्वास्थ्य केंद्रों की जानकारी देने वाले साइनेज 20 नवंबर तक लगाने का निर्देश दिया. इसके अलावा चिल्ड्रेन पार्क एवं अन्य महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थलों तक



पहुंचने के लिए भी उचित दिशा-सूचक बोर्ड लगाए जाएं. उपायुक्त ने कहा कि महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन एवं विश्राम के उद्देश्य से मधुर गीत-संगीत, भक्ति गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की व्यवस्था की जाए. इसके लिए सांस्कृतिक टीमों का गठन कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालु कुछ समय रुककर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद ले सकें. उपायुक्त ने मेला क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए विस्तृत ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करने को कहा. पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित करते हुए वाहन पार्किंग एवं निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें. मेला क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर अनावश्यक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया. ठंड को देखते हुए उपायुक्त ने मेला क्षेत्र एवं श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले प्रमुख स्थलों पर जगह-जगह अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया. साथ ही स्वास्थ्य, प्रशासनिक एवं पुलिस शिविरों में शेड, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा. पूरे मेला क्षेत्र, प्रमुख मार्गों एवं पार्किंग स्थलों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा सफाई कर्मियों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात रखने का निर्देश दिया.

पुल के बगल में बालू का अवैध उत्खनन निर्माण की मजबूती पर उठे सवाल



बोकारो। जिले में बालू का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है. पेटरवार प्रखंड के चांपी में दामोदर नदी पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि पुल के ठीक बगल में दिन के उजाले में धड़ल्ले से बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है. पुल के पिलर खड़े होने के बावजूद आसपास लगातार हो रहे अवैध खनन से पुल की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं.ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से निर्माणाधीन पुल के दोनों तरफ ट्रैक्टर लगाकर बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है. इसकी सूचना कई बार प्रशासन को दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. अब जब पुल का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच रहा है, तब भी अवैध खनन जारी है. ग्रामीणों का कहना है कि पुल के आसपास इस तरह बालू का उत्खनन होने से उसके पिलर की नींव कमजोर हो सकती है. इससे भविष्य में पुल की उम्र और सुरक्षा पर खतरा पैदा हो सकता है. ग्रामीणों ने अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है. ग्रामीणों के साथ भाजपा ने भी इस मामले को लेकर सवाल उठाए हैं. वहीं, इस मामले में बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिले में अवैध उत्खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. चांपी में अवैध खनन का मामला संज्ञान में आया है.

आशियाना उजाड़ने से पहले बसाने पर हो विचार : नीतू सिंह

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

चंद्रपुरा। चंद्रपुरा के जिला परिषद सदस्य नीतू सिंह ने डीवीसी के चेयरमैन राजेश पांडेय को पत्र देकर चंद्रपुरा में बनने वाले 1600 मेगावाट के नए थर्मल पावर प्लांट का स्वागत किया है। वहीं स्थानीय कई समस्याओं को उनके समक्ष उठाते हुए इसके निराकरण का आग्रह भी किया है। उन्होंने चेयरमैन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि डीवीसी कालोनी के भीतर गरीब, बीपीएल एवं असहाय परिवार जो 30-35 वर्षों से निवास कर रहे हैं तथा यहां पर छोटा व्यवसाय, दैनिक मजदूरी कर गुजर-बसर करते हैं। उनकी झुग्गी-झोपड़ी घर आशियाना उजाड़ा जा रहा है। इसलिए तोड़ने से पहले उनको बसाने पर विचार किया जाए। जिप सदस्य ने कहा कि चंद्रपुरा प्लांट के बगल का राजाबेड़ा एक विस्थापित गांव है। डीवीसी से विस्थापित हुए छह दशक से अधिक हो गया है। परन्तु यह विस्थापित गांव पूर्ण रूप से मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां पर बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, पानी एवं शिक्षा की बहुत कमी है। यह गांव ऐश पौंड के निकट है जिससे यहां के ग्रामीण छाई से प्रभावित होते रहते हैं और कई बीमारी के शिकार बनते हैं। उन्होंने राजाबेड़ा के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को डीवीसी प्लांट में अस्थाई रोजगार उपलब्ध कराने सहित अन्य मांग की है ताकि ग्रामीणों का विकास हो सके।

रुपया बचाने के लिए छंटनी करना अमानवीय : बी के चौधरी

आवाज प्रतिनिधि। 17 नवंबर

बोकारो। अपने खुन पसीना से बोकारो स्टील मे 90% स्थायी नेचर का काम करने वाले स्थानीय मूल निवासीयों जिनके योगदान से उत्पादन और मुनाफा मे कीर्तिमान स्थापित हो रहा है उसमे अफरातफरी का माहोल बना हुआ है। आज इनके सामने परिवार का भरण-पोषण एवं बाल बच्चों के पढ़ाई लिखाई भी छूटने लगा है। गत पिछले महिनों से बोकारो स्टील चालू वित्तिय वर्ष मे 5000 करोड का शुद्ध लाभ मोदी सरकार के चरणों मे अर्पित करने का लक्ष्य बना लिया है जिसके लिये बिना जरूरी काम का टेन्डर कर बंदरबांट पर रोक नही लगाकर अति आवश्यक काम मे लगे ठेकाकर्मियों को हर नया टेन्डर मे दर्जनों का छंटनी कर



कोस्ट कंट्रोल का सीधा और आसान तरीका चुन लिया है। यह बातें आज कोक ओवेन बैटरी नम्बर 3 से मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय तक हुए जुलूस प्रदर्शन के बाद महती सभा को सम्बोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने कहा । अध्यक्षता सी के एस मुण्डा ने जबकि संचालन संयुक्त महामंत्री अनिल कुमार ने किया ।मोदी सरकार और प्रबंधन के खिलाफ हजारों की संख्या मे उपस्थित मजदूरों ने बीच बीच मे मोदी सरकार हाय हाय,भ्रष्ट प्रबंधन मुर्दाबाद, छंटनी बन्द करो नही तो होगा प्लांट का चक्का जाम का गगनभेदी नारा लगाता रहा । आगे महामंत्री बि के चौधरी ने कहा कि पहले से मजदूरों से मनीकट, ईल बोनस का बंदरबांट, विरोध करने पर गेटपास रोके जाने से मजदूर आर्थिक और मानसिक शोषण झेलकर भी बाल बच्चों का भरण-पोषण हेतु बर्दाश्त कर रहा था लेकिन बोकारो स्टील बनाने के लिए पूर्वजों द्वारा खेत खलिहान दे दिए जाने के बाद अब उसके लिए एकमात्र सहारा प्लांट मे मजदूरी करने के अतिरिक्त कोई रास्ता नही बचा है। मोदी सरकार और प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि आँख और कान खोलकर देख सुन ले कि छंटनी पर अविलम्ब रोक लगाते हुए कम मेनपावर मे अत्यधिक वर्क लोड के कारण हो रहे दुर्घटना पर रोक, कोस्ट कंट्रोल के लिए साजिश के तहत मेडिकल जांच मे कर रहे बिलम्ब को रोकने इत्यादी 11 सूत्री मांगो पर त्वरित फैसला करे अन्यथा आने वाले समय मे यही 90% उत्पादन करने वाले मजदूर प्लांट का जाम करने पर मजबूर हो जायगा ।

Before: The Notary Public,Dhanbad.

AFFIDAVIT

We,(1) Yugal Prasad Gupta (2) Kartick Prasad Gupta, both are Sons of Sri Bajrang Prasad Gupta, both are Resident of Manaitand, Near Singhada Talab, P.S:- Dhansar, P.O: & District:- Dhanbad (Jharkhand), do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

(1) That, our mother's name is **"जमीला देवी " and our father's** name is "Bajrang Prasad Gupta ".

(2) That, in our Aadhaar Card our father's name hasbeen mentioned as "Bajrang Prasad Gupta " but in Online Register-II record in Volume:- 2, Page No:- 665, our father's name has recorded as **"जमीला देवी, पति- बजरंग साव"**.

(3) That, "Bajrang Prasad Gupta" and or **"बजरंग साव"** both are same and one person i.e our father.

(4) That, we are swearing this affidavit for avoid future complication in our father's name and for our needful purpose.

Sl. No. 56 Dated- 17.11.2026

BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT DHANBAD

AFFIDAVIT

I, RAM SEVAK PRASAD DASONDHI, S/O LATE GUHAN DASONDHI, Aged about 81 years, by faith- Hindu, resident of VIII & P.O.- Yadavpur, P.S.- Barwadda, Dist-Dhanbad, (Jharkhand), PIN-826004, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows;

1.That, the actual name of my father is LATE GUHAN DASONDHI as per my Aadhar card No. 9989 0767 3229.

2.That, my father name has been mentioned in Panji-II & Khatian as GOHAN DASAONDHI **(गोहन दसौंधी)** in place of GUHAN DASONDHI

3.That, GUHAN DASONDHI and GOHAN DASAONDHI **(गोहन दसौंधी)** both names are one & same person i.e.my father.

4. That, my appended below signature is my own, mine, which is true and correct.

5. That, the statements made above are true to the best of my knowledge and I have concealed nothing.

6. That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concerned and for needful.

Sl. No. 23 Dated- 17 NOV 2026

मार्केट सूचकांक

भारतीय

निफ्टी
25387.40 +96.30

सेंसेक्स
82532.19 +427.40

अमेरिका

नैस्डेक
24,509.76 -626.51

डाओ जोंस
51,318.20 -289.97

यूरोप

FTSE
10,770.98 -110.57

BRITAIN

CAC
8,267.90 -86.60

FRANCE

एशिया

NIKKEI 225
58,860.43 -801.59

JAPAN

शंघाई
3,584.58 -17.99

CHINA

कमोडिटी

सोना 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति
136690.00 -2450.00

चांदी प्रति किलो
170,508.00 +2,645.00

अल्यूमीनियम प्रति किलो
326.6 +0.40

तांबा प्रति किलो
1,279.35 -3.90

लेड प्रति किलो
194.1 +0.60

जिंक प्रति किलो
402.65 +0.60

मेंथा तेल प्रति लीटर
1327.9 -0.10

मुद्रा

डॉलर प्रति रुपये
93.49 -0.49

पाउंड प्रति रुपये
123.30 -0.62

यूरो प्रति रुपये
102.69 -0.61

दीनार प्रति रुपये
300.08 -1.73

रियाल प्रति रुपये
24.88 -0.08

ऑस्ट्रेलियन डॉलर प्रति रुपये
62.92 -0.35

सिंगापुर डॉलर प्रति रुपये
72.51 -0.35

दिरहम प्रति रुपये
25.55 -0.14

क्रूड ऑयल

डब्ल्यूटीआई क्रूड बैरल/ यूएस $
86.56 +0.84

ब्रेंट क्रूड बैरल/ यूएस $
93.61 +1.17

मरबन क्रूड बैरल/ यूएस $
91.39 -4.03

सरकार का बड़ा फैसला : डीजल और एटीएफ के एक्सपोर्ट पर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स, पेट्रोल पर राहत बरकरार

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। सरकार ने 16 नवंबर से शुरू हुए पखवाड़े के लिए डीजल और एटीएफ (विमान ईंधन) के एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स (अप्रत्याशित लाभ कर) बढ़ा दिया है। जबकि, पेट्रोल पर विंडफॉल टैक्स जीरो ही रखा गया है। एटीएफ के एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स को बढ़ाकर 12.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो इससे पिछले पखवाड़े के लिए 11 रुपये प्रति लीटर था। इसी तरह, डीजल के एक्सपोर्ट पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी (SAED) और रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस की दर अब बढ़ाकर 14 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जो पहले 11.5 रुपये प्रति लीटर थी।

16 नवंबर, 2026 से लागू हुई नई दरें

वित्त मंत्रालय ने 16 नवंबर को देर रात जारी किए गए एक सर्कुलर में कहा कि विंडफॉल टैक्स में ये बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने 27 मार्च को डीजल और एटीएफ के एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स लगाया था और हर पखवाड़े इसकी दरों में जरूरत के आधार पर बदलाव किया जाता है। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल की मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।


सांकेतिक तस्वीर

पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए लगाया गया था विंडफॉल टैक्स

बताते चलें कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच घरेलू स्तर पर ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। इसका उद्देश्य एक्सपोर्टरों को कीमतों के अंतर का गलत फायदा उठाने से रोकना भी है क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई थीं। पश्चिम एशिया संकट के बीच एक्सपोर्ट को केंद्रीत कर पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ये टैक्स लगाया गया था।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी

हालांकि, पश्चिम एशिया में हालातों में सुधार होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें काफी हद तक नियंत्रण में हैं। oilprice.com के मुताबिक, मंगलवार को WTI Crude की कीमतें लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.87 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रही थी। इसके अलावा, Brent Crude का भाव भी 0.87 प्रतिशत टूटकर 91.64 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू बाजार, एमसीएक्स में 18 दिसंबर की डिलीवरी वाले कच्चे तेल का भाव 1.61 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 7880 रुपये प्रति बैरल पर था।

ओपनएआई पर कैलिफोर्निया सरकार का मुकदमा

एआई मॉडल से साइबर अटैक कराने का लगा गंभीर आरोप

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपनएआई की मुश्किलें बढ़ गई हैं. कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा ने कंपनी के खिलाफ मुकदमा दायर किया. कंपनी पर आरोप है कि उसने पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम और निगरानी के बिना खतरनाक ओक प्रोडक्ट विकसित किया, जिसके मॉडल ने कथित तौर पर खुद ही साइबर हमले किए. यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राज्य ने एआई मॉडल से जुड़े साइबर हमलों को लेकर ओपनएआई के खिलाफ मुकदमा दायर किया है. यह मामला जुलाई में सामने आए एक साइबर अटैक से जुड़ा है. उस समय ओपनएआई के एडवांस अकमॉडल से संचालित एक ऑटोनॉमस एजेंट ने सुरक्षा परीक्षण के दौरान निर्देशन से बाहर होकर एआई स्टार्टअप हगिंग फेस के सिस्टम को हैक कर लिया था. यह घटना एक सुरक्षा परीक्षण के दौरान हुई थी. सैन फ्रांसिस्को की स्टेट कोर्ट में दायर मुकदमे में ओपनएआई पर कैलिफोर्निया के उपभोक्ता संरक्षण कानून का उल्लंघन करने और सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालकर लोगों के लिए परेशानी पैदा करने का आरोप लगाया गया है.

ओपनएआई ने सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की बात कही, नियमन का दबाव बढ़ा

हगिंग फेस से जुड़ी घटना के बाद ओपनएआई ने अपने ब्लॉग में इसे अत्याधुनिक साइबर क्षमताओं से जुड़ी अभूतपूर्व घटना बताया था। कंपनी ने माना कि अक के नियंत्रण से बाहर होने वाली गतिविधियों पर ज्यादा पारदर्शिता की जरूरत है। इसके बाद सुरक्षा उपाय मजबूत करने की बात कही। 16 सितंबर को ओपनएआई ने ऐसी घटनाओं की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए नया फ्रेमवर्क जारी किया। कंपनी ने कहा कि गंभीरता को लेकर संदेह होने पर भी यह पारदर्शिता को प्राथमिकता देगी।वहीं, ओपनएआई और दूसरी एआई कंपनियों पर सुरक्षा सवाल लगातार बढ़ रहे हैं। कई कंपनियों ने अपने एआई एजेंट के नियंत्रण से बाहर होने की घटनाओं का खुलासा किया है। कुछ मामलों का पता स्वतंत्र शोधकर्ताओं की जांच के बाद चला।

जेनसन हुआंग की Nvidia में वापसी पर लगा ब्रेक, ट्रंप और मस्क की पैरवी भी नहीं आई काम

नई दिल्ली। दुनिया की दिग्गज चिप कंपनी Nvidia के पूर्व CEO जेनसन हुआंग की वापसी की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। कंपनी का बोर्ड फिलहाल उन्हें दोबारा CEO बनाने पर विचार नहीं कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बोर्ड का पूरा ध्यान हुआंग से जुड़े आरोपों की जांच पर है। Nvidia ने जांच के लिए लॉ फर्म वाचटेल लिप्टन को नियुक्त किया है। जांच में देखा जाएगा कि हुआंग के कथित आचरण से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा या कंपनी के व्यापारिक रहस्यों को नुकसान पहुंचा है या नहीं। हुआंग ने 33 साल उएड रहने के बाद पिछले हफ्ते इस्तीफा दिया था। उनकी वापसी के लिए ऑनलाइन याचिका पर करीब 1.80 लाख हस्ताक्षर हो चुके हैं। टेस्ला CEO एलन मस्क, वाई कॉम्बिनेटर उएड गैरी टैन और एपिक गेम्स CEO टिम स्वीनी ने भी समर्थन किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा कि उन्हें हुआंग की वापसी से कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, बोर्ड नए CEO की तलाश में सर्च फर्म चुनने की प्रक्रिया में है। हुआंग को चीनी महिला से संबंध के चलते इस्तीफा देना पड़ा था, जिस पर जासूस होने का शक जताया गया है।

पीयूष गोयल ने मांगे 1000 विमान, लेकिन एयरबस-बोइंग की रफ्तार धीमी, 8 साल तक करना पड़ सकता है इंतजार

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। भारत को बढ़ते हवाई यातायात के लिए 1000 और यात्री विमानों की जरूरत है। लेकिन एयरबस और बोइंग के पास पहले से बड़े ऑर्डर हैं। ऐसे में नए विमानों की डिलीवरी में करीब 8 साल लग सकते हैं। भारत में हवाई यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन एयरलाइंस के पास विमानों की कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए भारत 1000 और यात्री विमान खरीदने पीयूष गोयल ने मांगे 1000 विमान, डिलीवरी में लगेंगे कई साल, एयरबस-बोइंग भारत को सालभर में दे पाती हैं सिर्फ 150 प्लेन भारत को बढ़ते हवाई यातायात के लिए 1000 और यात्री विमानों की जरूरत है। लेकिन एयरबस और बोइंग के पास पहले से बड़े ऑर्डर हैं। ऐसे में नए विमानों की डिलीवरी में करीब 8 साल लग सकते हैं। भारत में हवाई यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन एयरलाइंस के पास विमानों की कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए भारत 1000 और यात्री विमान खरीदने की तैयारी कर रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश को अपनी


पीयूष गोयल

जरूरतें पूरी करने के लिए 2000 से ज्यादा विमानों की आवश्यकता है। दुनिया में कमर्शियल विमान बनाने में एयरबस और बोइंग का दबदबा है। दोनों कंपनियों में बड़े विमान बनाने में करीब 80 फीसदी की हिस्सेदारी है। पिछले रिकॉर्ड के मुताबिक ये दोनों कंपनियां भारत को एक साल में अधिकतम 150 विमान ही डिलीवर कर सकती हैं। ऐसे में सवाल है कि पीयूष ने जो 1000 विमान खरीदने की बात कही है, इतने विमानों की डिलीवरी पूरा होने में कई साल लग सकते हैं।

क्या कहा पीयूष गोयल ने !

पीयूष गोयल के मुताबिक, भारतीय एयरलाइंस पहले ही 1200 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर दे चुकी हैं। अब सरकार और एयरलाइंस 1000 अतिरिक्त विमानों का ऑर्डर देने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही विमान बनाने वाली बड़ी कंपनियों से मौजूदा ऑर्डर की डिलीवरी जल्द करने को कहा जा रहा है। पीयूष गोयल ने मिस्र की दो दिन की यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारत में विमानों की भारी कमी है। एयर टैफिक यानी हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण ज्यादा विमानों की जरूरत पड़ रही है।

साल में कितने विमान बनाती हैं कंपनियां !

दुनियाभर में यात्री विमानों के निर्माण का कारोबार कुछ बड़ी कंपनियों के हाथों में सिमटा हुआ है। कमर्शियल विमान बनाने के बाजार में यूरोप की एयरबस और अमेरिका की बोइंग का दबदबा है। दोनों कंपनियां मिलकर दुनिया के सक्रिय कमर्शियल विमानों के बेड़े का करीब 80% हिस्सा बनाती हैं। बड़े यात्री विमानों के बाजार में भी इन दोनों कंपनियों की सबसे मजबूत पकड़ है। एयरबस और बोइंग के अलावा कई कंपनियां क्षेत्रीय और छोटे यात्री विमान बनाती हैं। इनमें ब्राजील की एम्ब्रेयर, चीन की कमिक, फ्रांस और इटली की संयुक्त कंपनी एटीआर और कनाडा की बॉम्बार्डियर शामिल हैं।

भारत को कितने विमान की डिलीवरी !

पिछले साल एयरबस ने दुनिया को 793 कमर्शियल विमानों की डिलीवरी की थी। साल 2024 में यह संख्या 766 और साल 2023 में 735 थी। वहीं बोइंग ने पिछले साल दुनिया की सभी एयरलाइंस को 600 कमर्शियल विमान डिलीवर किए थे। साल 2024 में यह संख्या 348 और साल 2023 में 528 थी। अगर भारत की बात करें तो पिछले साल भारत को एयरबस ने 120 विमान और बोइंग ने 19 विमान डिलीवर किए थे। इस हिसाब से देखें तो दोनों कंपनियों ने कुल 139 विमान डिलीवर किए। इंडिगो: देश की सबसे बड़ी एयरलाइंस इंडिगो ने एयरबस को 1000 से ज्यादा विमानों के ऑर्डर दिए हैं। इनमें से अभी 900 से ज्यादा पेंडिंग हैं।

अमेरिका पढ़ने जा रहे भारतीय छात्रों को राहत, वीजा पर समयसीमा लगाने का प्रस्ताव रद्द

नई दिल्ली। अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों समेत लाखों विदेशी छात्रों को बड़ी राहत मिली है। अमेरिका की एक संघीय अदालत ने ट्रंप प्रशासन के उस प्रस्ताव को रद्द कर दिया है, जिसके तहत विदेशी छात्रों के देश में रहने की अधिकतम अवधि चार साल तय की जानी थी। यह प्रस्ताव छात्रों के अलावा शोधकर्ताओं और विदेशी पत्रकारों पर भी लागू होना था। अदालत ने कहा कि सरकार का प्रस्ताव मनमाना और कानून के अनुरूप नहीं है। बॉस्टन के संघीय न्यायाधीश एफ. डेनिस सेलर ने सोमवार को अपने फैसले में अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के प्रस्ताव को रद्द कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि विभाग उस गतिविधि को रोकने या हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है, जिसे अमेरिकी संसद ने बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनुमति दी थी। यह गतिविधि विदेशी छात्रों को अमेरिका में शिक्षा प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध कराने से जुड़ी है। अदालत के मुताबिक, कानून गृह सुरक्षा विभाग को एफ-1 छात्र वीजा कार्यक्रम को इस तरह कमजोर करने के व्यापक अधिकार नहीं देता।

गोयल ने मिस्र की इन्फिनिटी एनर्जी के साथ वाहन विनिर्माण और सहयोग पर चर्चा की

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने काहिरा में मिस्र की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी इन्फिनिटी एनर्जी के चेयरमैन मोहम्मद इस्माइल मंसूर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वाहन विनिर्माण और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए चर्चा की। गोयल ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में लिखा, "इन्फिनिटी एनर्जी के चेयरमैन मोहम्मद इस्माइल मंसूर से मुलाकात की और संभावित अवसरों पर चर्चा की। मिस्र के प्रमुख कारोबारियों के बीच भारत के साथ जुड़ाव बढ़ाने में रुचि बढ़ रही है।" केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने मिस्र की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी इन्फिनिटी एनर्जी के एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ वाहन विनिर्माण और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए चर्चा की। गोयल ने लिखा, हम वाहन विनिर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), वाहन कलपुर्जे, वित्तीय प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल भुगतान, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक, भंडारण और आपूर्ति शृंखला जैसे क्षेत्रों में सहयोग की अच्छी संभावनाएं देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का व्यापक एवं तेजी से बढ़ता बाजार, मजबूत विनिर्माण परिवेश, कुशल कार्यबल और निवेश के लिए अनुकूल माहौल मिस्र के कारोबारियों के लिए भारत की विकास यात्रा में भागीदारी का सुनहरा अवसर है।

भारत, मिस्र 90 दिन में व्यापार समझौते पर शुरू कर सकते हैं बातचीत

इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और मिस्र के अधिकारी व्यापार समझौते के लिए विचारार्थ विषयों (टीओआर) को अंतिम रूप देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि दोनों देश अगले 90 दिन में दोनों देश समझौते के लिए औपचारिक बातचीत शुरू कर देंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने देर रात काहिरा की अपनी दो दिवसीय यात्रा पूरी कर ली है। उन्होंने भारत और मिस्र के बीच व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के लिए देश के नेताओं और कारोबारियों के साथ कई बैठकें कीं। उन्होंने कहा, इस यात्रा से मुझे उन क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशने में मदद मिली, जहां मेरी कंपनी मिस्र की कंपनियों के साथ सहयोग कर सकती है। दोनों भारतीय कारोबारी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। उल्लेखनीय है कि गोयल अपने मिस्र दौरे के दौरान 100 से अधिक सदस्यों वाले कारोबारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए व्यापार समझौते की संभावनाएं तलाश रहे हैं। उनका लक्ष्य अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 12 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

इस साल 60% सस्ती हुई चांदी 116.61 डॉलर से गिरते-गिरते 46.96 डॉलर पर आया भाव

नई दिल्ली। मंगलवार को MCX पर चांदी की कीमतों में करीब 1.30 प्रतिशत की तेजी देखने को मिल रही है। हालांकि, ये तेजी सोमवार को भाव में भारी-भरकम गिरावट के बाद देखी जा रही है। सोमवार को शुरूआती कारोबार में चांदी की कीमतों में 5700 रुपये से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई थी। सोमवार की गिरावट ने इस साल चांदी की कीमतों को और भी ज्यादा कमजोर करने में बड़ी भूमिका निभाई। जाने-माने कमोडिटी एक्सपर्ट और केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया ने बताया कि इस साल चांदी की कीमतों में 59.7 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। अजय केडिया ने बताया कि इस साल जनवरी में चांदी का भाव 116.61 डॉलर प्रति औंस पर था, जो नवंबर में गिरते-गिरते 46.96 डॉलर प्रति औंस पर आ चुका है। ये चांदी की कीमतों में 2012-15 के बाद सबसे बड़ी गिरावट है। अजय केडिया के मुताबिक, 1980 से लेकर अभी तक चांदी के भाव में 13 बार 35 प्रतिशत या इससे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इनमें से 8 बार ये चांदी की कीमतों में 50 प्रतिशत या इससे भी ज्यादा की गिरावट देखने को मिली।

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए अच्छी खबर है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले छह महीनों यानी अप्रैल से सितंबर के दौरान देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस अवधि में भारत ने कुल 31.97 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की इसी अवधि में यह आंकड़ा 22.20 अरब डॉलर था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के मुताबिक इस बढ़ोतरी में स्मार्टफोन के साथ-साथ दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का भी बड़ा योगदान रहा है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में स्मार्टफोन की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा बनी हुई है। अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान स्मार्टफोन का निर्यात 35.8 फीसदी बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल इसी अवधि में यह 13.38 अरब डॉलर था। हालांकि, कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में स्मार्टफोन की हिस्सेदारी 60.3 फीसदी से घटकर 56.8 फीसदी रह गई है। इसका कारण यह है कि स्मार्टफोन के अलावा दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में ज्यादा तेजी आई है।

स्मार्टफोन के अलावा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में 56.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह निर्यात पिछले साल के 8.81 अरब डॉलर से बढ़कर 13.79 अरब डॉलर हो गया। कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में इन उत्पादों की हिस्सेदारी भी 39.7 फीसदी से बढ़कर 43.2 फीसदी हो गई। इस श्रेणी में


सांकेतिक तस्वीर

इलेक्ट्रॉनिक सर्किट बोर्ड, नेटवर्क और संचार उपकरण, मेमोरी चिप और डेटा स्टोर करने वाले उपकरण शामिल हैं। इससे पता चलता है कि भारत अब केवल स्मार्टफोन ही नहीं, बल्कि कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक सामानों का भी बड़े स्तर पर निर्यात कर रहा है।

सरकार के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में यह बढ़ोतरी भारत के बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच को दर्शाती है। आने वाले समय में इन क्षेत्रों में निर्यात बढ़ने से भारत की वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भूमिका और मजबूत हो सकती है।

भारत में आने वाला है तेल-गैस का महाबूम!

अनिल अग्रवाल की बड़ी भविष्यवाणी, बदल सकती है देश की तस्वीर

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने एक हालिया बयान में कहा है कि भारत तेल और गैस के क्षेत्र में एक बड़े बूम की कगार पर है, ठीक उसी तरह जैसे दक्षिण अमेरिकी देश गयाना में पिछले एक दशक के दौरान देखने को मिला है। भारत अपनी जरुरत का करीब 90% तेल आयात करता है, ऐसे में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना देश की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम है। अग्रवाल ने सरकार से स्थिर नीतियों और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने की अपील की है, ताकि देश में तेल और गैस के घरेलू उत्पादन को तेजी से बढ़ाया जा सके और आयात पर निर्भरता कम हो सके।

वेदांता का 5 अरब डॉलर का बड़ा निवेश : घरेलू उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए वेदांता ऑयल एंड गैस ने 5 अरब डॉलर (करीब 4,67,79,45,00,000 रुपये) का भारी-भरकम निवेश करने का संकल्प लिया है। कंपनी का लक्ष्य अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 300,000 से 500,000 बैरल प्रतिदिन तक ले जाना है। इसके अलावा, कंपनी ने गहरे समुद्र में खोजबीन से जुड़ी 'समुद्र मंथन' योजना में भी हिस्सा लिया है, जिससे मौजूदा क्षेत्रों के अलावा नई संभावनाओं को भी तलाशा जा सके। अग्रवाल का मानना है कि भारत के पास एक बेहतरीन पॉलिसी इकोसिस्टम है और अब मंजूरियों से आगे बढ़कर 'सेल्फ-सर्टिफिकेशन' (स्व-प्रमाणन) की ओर बढ़ने की जरुरत है।

गयाना से क्यों हो रही है भारत की तुलना !

अनिल अग्रवाल ने भारत की तुलना जिस गयाना देश से की है, वह हाल ही में बड़े अपतटीय तेल भंडारों की खोज के बाद दुनिया के सबसे तेजी से उभरते तेल उत्पादक देशों में शामिल हो गया है। गयाना ने दिसंबर 2019 में व्यावसायिक कच्चे तेल का उत्पादन शुरू किया था। उस समय शुरूआती उत्पादन करीब 15,000 बैरल प्रतिदिन था, जो जनवरी 2024 तक बढ़कर करीब 630,000 बैरल प्रतिदिन पर पहुंच गया। एक्सॉनमोबिल के नेतृत्व वाले संघ द्वारा स्टेब्रोक ब्लॉक जैसे क्षेत्रों में हुई खोजों ने इस विकास को पंख दिए हैं। गयाना सरकार वर्ष 2027 तक अपनी उत्पादन क्षमता को 13 लाख (1.3 मिलियन) बैरल प्रतिदिन तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। इसी तर्ज पर अग्रवाल का मानना है कि भारत में भी अपतटीय खोजों और निवेशकों की भागीदारी से घरेलू संसाधनों का पूरा दोहन किया जा सकता है।

आईपीएल 2027 : 10 टीमों ने की रिटेन खिलाड़ियों की घोषणा, 16 दिसंबर को होगा मिनी नीलामी



एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। आईपीएल 2027 की मिनी नीलामी से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी ने अपने रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। मंगलवार को सामने आई इन सूचियों के बाद आगामी सीजन के लिए टीमों की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। जहां कुछ फ्रेंचाइजी ने अपने पुराने और भरोसेमंद खिलाड़ियों पर एक बार फिर भरोसा जताया है, वहीं कुछ टीमों ने बड़े बदलाव करते हुए कई दिग्गज खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है। इस बार रिलीज किए गए खिलाड़ियों में ट्रेविस हेड, मिचेल स्टार्क, ट्रेंट बोल्ट, मथीशा पथिराना, अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, जसप्रीत बुमराह जैसे अपने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है। टीम ने कुल 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। वहीं, अर्शदीप सिंह को ट्रेड के जरिए टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा विकेटकीपर डिकॉक, विल जैक्स और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है।

आईपीएल 2027 के लिए मिनी नीलामी का आयोजन 16 दिसंबर को गोवा में होना है। इससे पहले आइए जानते हैं सभी 10 टीमों ने किन खिलाड़ियों को रिटेन किया है, किसे रिलीज किया है और नीलामी से पहले उनके पास कितना पर्स बाकी है।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स ने आगामी सीजन के लिए 17 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। टीम ने रिंकू सिंह, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती जैसे अपने अहम खिलाड़ियों पर भरोसा बरकरार रखा है। इसके अलावा कैमरन ग्रीन, फिन एलन और टिम साइफर्ट जैसे विदेशी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी गई है।

रिटेन खिलाड़ी : अनुकूल रॉय, अंगकृष रघुवंशी, कैमरन ग्रीन, फिन एलन, हर्षित राणा, कार्तिक त्यागी, मनीष पांडे, प्रशांत सोलंकी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, रोवमैन पॉवेल, सार्थक रंजन, सौरभ दुबे, सुनील नरेन, टिम साइफर्ट, वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती।

केकेआर का पर्स : 41.65 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास आठ खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें तीन विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं।

मुंबई इंडियंस (एमआई)

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह जैसे अपने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है। टीम ने कुल 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। वहीं, अर्शदीप सिंह को ट्रेड के जरिए टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा विकेटकीपर डिकॉक, विल जैक्स और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है।

रिटेन खिलाड़ी : रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, तिलक वर्मा, नमन धीर, अर्शदीप सिंह (ट्रेड), कॉर्बिन बॉश, मिचेल सैंटनर, शेरफेन रदरफोर्ड, विल जैक्स, रेयान रिकेल्टन, विकेटकीपर डिकॉक, शार्दुल ठाकुर, अश्वनी कुमार, राज अंगद बावा और रघु शर्मा।

मुंबई का पर्स : 32.60 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास नौ खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें दो विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं।

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी)

दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी टीम में कुल 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। टीम ने अक्षर पटेल और केएल राहुल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ऋषभ पंत को भी ट्रेड के जरिए अपने साथ जोड़ा है। इसके अलावा डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है।

रिटेन खिलाड़ी : अक्षर पटेल, केएल राहुल, ऋषभ पंत (ट्रेड), आशुतोष शर्मा, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल जैमीसन, आकिब नबी, मुकेश कुमार, लुंगी एनगिडी, डेविड मिलर, समीर रिजवी, विपरज निगम, पृथ्वी, माधव तिवारी, टी. विजय और जीशान अंशारी।

दिल्ली का पर्स : 39.50 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास नौ खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें चार विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)

चेन्नई सुपर किंग्स ने आगामी सीजन के लिए अपनी टीम में कई बदलाव किए हैं। टीम ने ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ियों को रिटेन किया है। वहीं, सबसे बड़ी खबर एमएस धोनी को लेकर सामने आई है।

रिटेन खिलाड़ी : ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस, जेमी ओवरटन, कार्तिक शर्मा, नूर अहमद, उर्विल पटेल, सरफराज खान, अंशुल कंबोज, अकील हुसैन, गुरजपनीत सिंह, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, लियाम लिविंगस्टोन और जैक एडवर्ड्स।

चेन्नई का पर्स : 28.05 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास छह खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें दो विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच)

सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बड़े खिलाड़ियों को रिटेन किया है। टीम ने कुल 18 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इसके अलावा ट्रेड के जरिए टी. नटराजन, नाथन एलिस और खलील अहमद को भी अपने साथ जोड़ा है।

रिटेन खिलाड़ी : पैट कमिंस, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, नीतीश कुमार रेड्डी, ब्रायडन कार्स, सलिल अरोड़ा, अनिकेत वर्मा, हर्ष दुबे, समरन रविचंद्रन, प्रफुल हिंगे, साकिब हुसैन, शिवांग कुमार, ज्रेकेंस फुलेट्रा, ईशान मलिंगा, टी. नटराजन (ट्रेड), नाथन एलिस (ट्रेड) और खलील अहमद (ट्रेड)।

हैदराबाद का पर्स : 40.15 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास सात खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें तीन विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं।

गुजरात टाइटंस (जीटी)

गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल की कप्तानी में अपनी टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। टीम ने कुल 22 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इसमें रशिद खान, साई सुदर्शन, जोस बटलर और मोहम्मद सिराज जैसे बड़े नाम शामिल हैं। वहीं, हर्षल पटेल को ट्रेड के जरिए टीम में शामिल किया गया है।

रिटेन खिलाड़ी: अनुज रावत, अशोक शर्मा, ग्लेन फिलिप्स, गुरनूर बराड़, हर्षल पटेल (ट्रेड), जेसन होल्डर, जयंत यादव, जोस बटलर, कगिसो रबाडा, कुमार कुशाग्र, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद अरशद खान, निशांत सिंधु, प्रसिद्ध कृष्णा, आर. साई किशोर, राहुल तेवतिया, रशिद खान, साई सुदर्शन, शुभमन गिल, टॉम बैंटन और वॉशिंगटन सुंदर।

गुजरात का पर्स : 8.75 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास 3 खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें 2 विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर)

राजस्थान रॉयल्स ने आगामी सीजन से पहले अपनी टीम में बदलाव करते हुए चार खिलाड़ियों को रिलीज किया है। इनमें शिमरॉन हेटमायर, तुषार देशपांडे, एडम मिल्ने और वनेना महाका के नाम शामिल हैं।

रिटेन खिलाड़ी : अमन राव पेराला, बृजेश शर्मा, दासुन शनाका, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, मणिमारन सिद्धार्थ (ट्रेड), मोहम्मद शमी (ट्रेड), नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई, रवींद्र जडेजा, रियान पराग, संदीप शर्मा, शुभम दुबे, सुशांत मिश्रा, वैभव सूर्यवंशी, यशराज पुंजा, यशस्वी जायसवाल।

राजस्थान का पर्स : 27.05 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास छह खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें तीन विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी)

डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली, रजत पाटीदार और फिल सॉल्ट जैसे खिलाड़ियों को रिटेन किया है। टीम ने कुल 20 खिलाड़ियों को अपने साथ बनाए रखा है। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और टिम डेविड जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में बरकरार रखा गया है।

रिटेन खिलाड़ी : अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जैकब डफी, जितेश शर्मा, जॉर्डन कॉक्स, जोश हेजलवुड, कनिष्क चौहान, क्रुणाल पांड्या, नुवान तुषारा, फिल सॉल्ट, रजत पाटीदार, रसिख डार, रोमारियो शेफर्ड, सुयश शर्मा, टिम डेविड, वेंकटेश अय्यर, विक्की ओस्तवाल, विराट कोहली और यश दयाल।

आरसीबी का पर्स : 14.15 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास 5 खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें 1 विदेशी खिलाड़ी का स्लॉट शामिल है।

पंजाब किंग्स (पीबीकेएस)

पंजाब किंग्स ने आगामी सीजन से पहले नेहल वढेरा, मिचेल ओवन और लॉकी फर्ग्यूसन को रिलीज कर दिया है। टीम ने नीलामी से पहले अपने कुछ खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया है।

रिटेन खिलाड़ी: अजमतुल्लाह उमरजई, बेन द्वारशुइस, कूपर कोनोली, हार्दिक पांड्या (ट्रेड), हरनूर पन्नू, हरप्रीत बराड़, मार्को यानसेन, मार्कस स्टोइनिस, मुशीर खान, प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्या, शशांक सिंह, श्रेयस अय्यर, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, विशाक विजयकुमार, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर, युजवेंद्र चहल।

पंजाब का पर्स : 18.60 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास छह खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें दो विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं।

लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी)

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने अपनी टीम में कुल 18 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। टीम ने निकोलस पूरन, मयंक यादव, मिचेल मार्श और एडेन मार्करम जैसे खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। वहीं, अर्जुन तेंदुलकर और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया गया है। सैम करन और कुलदीप यादव ट्रेड के जरिए लखनऊ का हिस्सा बने हैं।

रिटेन खिलाड़ी : अब्दुल समद, एडेन मार्करम, आक्राश सिंह, अक्षत रघुवंशी, अर्जुन तेंदुलकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, दिग्वेश राठी, जोश इंग्लिस, कुलदीप यादव (ट्रेड), मयंक यादव, मिचेल मार्श, मोहसिन खान, मुकुल चौधरी, निकोलस पूरन, प्रिंस यादव, सैम करन (ट्रेड) और शाहबाज़ अहमद।

लखनऊ का पर्स : 47.45 करोड़ रुपये बाकी। टीम के पास सात खिलाड़ियों की जगह खाली है, जिनमें तीन विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट शामिल हैं।

स्नेहित, दिव्यांशी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस के चैंपियन बनें

फगवाड़ा। एसएफआर स्नेहित और दिव्यांशी भौमिक ने मंगलवार को तीसरी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः पुरुष और महिला एकल वर्ग के खिताब अपने नाम किए। पुरुष एकल फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त स्नेहित ने चौथी वरीयता प्राप्त अंकुर भट्टाचार्य को 4-3 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। महिला एकल वर्ग में दिव्यांशी भौमिक ने दूसरी वरीयता प्राप्त यशस्विनी घोरपड़े को हराकर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने खिताबी मुकाबले में तमिलनाडु की अनन्या मुरलीधरन के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और 4-3 से जीत दर्ज की।

इन्फेंटिनो को फीफा अध्यक्ष पद के चुनाव में चुनौती देंगे डियालो

पेरिस। फ्रांस फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष फिलिप डियालो ने मंगलवार को फीफा (अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ) अध्यक्ष पद के चुनाव में मौजूदा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो को चुनौती देने का ऐलान किया। पेरिस में फ्रांस फुटबॉल महासंघ के मुख्यालय में कार्यकारी समिति की बैठक के बाद उनकी उम्मीदवारी को मंजूरी दी गई। डियालो ने कहा कि कुछ दिन पहले यूईएफए (यूरोपीय फुटबॉल संघों का संघ) की कार्यकारी समिति के उनके सहयोगियों ने उनसे विश्व फुटबॉल में एक नयी आवाज उठाने की जिम्मेदारी संभालने के लिए कहा था। वह शुरूआत में चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं थे, लेकिन यूरोपीय सहयोगियों के लगातार आग्रह के बाद उन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। यूईएफए ने सोमवार को अपनी 21 सदस्यीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद 63 वर्षीय डियालो को फीफा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन दिया था।

फुटबॉल : विनिसियस जूनियर की हैट्रिक से ब्राजील ने सिंगापुर को रौंदा

सिंगापुर। विनिसियस जूनियर की पहले हाफ में लगाई गई शानदार हैट्रिक के दम पर ब्राजील ने मंगलवार को साल 2026 के अपने आखिरी फुटबॉल मुकाबले में सिंगापुर को 7-0 से करारी शिकस्त दी। पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील के कोच कार्लो ऐंसेलोटी को यह मुकाबला दर्शकदीर्घा में बैठकर देखना पड़ा। शनिवार को जापान के खिलाफ 2-3 से मिली हार के दौरान उन्हें रेड कार्ड दिखाया गया था। जापान के खिलाफ हार में ब्राजील के दोनों गोल करने वाले रीयाल मैड्रिड के स्टार फॉरवर्ड विनिसियस ने सिंगापुर के खिलाफ भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने मुकाबले के शुरूआती 21 मिनट में ही तीन गोल दाग दिए। विश्व रैंकिंग में 148वें स्थान पर काबिज सिंगापुर के खिलाफ उनके तीनों गोल पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से आए।

एटीपी फाइनल्स टेनिस : अल्काराज अगले दौर में

तूरिन। कार्लोस अल्काराज ने अपने कौशल का बेहतरीन नमूना पेश करते हुए फ्रांसिस टियाफो को आसानी से सीधे सेटों में हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। स्पेन के विश्व में तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने अपने पहले मैच में अमेरिका के टियाफो को 6-2, 6-2 से हराया। वह अपने प्रतिद्वंद्वी पर शुरू में ही हावी हो गए और उन्होंने टियाफो को कोई मौका नहीं दिया। अल्काराज ने टियाफो के 12 विनर्स के मुकाबले 21 विनर्स लगाए और टियाफो की दूसरी सर्विस पर सभी 12 अंक अपने नाम किए। अल्काराज पिछले कुछ सप्ताह से शानदार फॉर्म में हैं। विंयना और पेरिस में ट्रॉफी जीतने के बाद उन्होंने अपनी जीत का सिलसिला 10 मैचों तक बढ़ा दिया है।

ओलंपियन मनु भाकर आईएसएसएफ एथलीट्स समिति की सदस्य निर्वाचित

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मनु भाकर को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) की एथलीट्स समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है। उनका कार्यकाल 2026 से 2030 तक होगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) को महासंघ की ओर से मनु के निर्वाचन की आधिकारिक पुष्टि मिल गई है। म्यूनिख से 16 नवंबर को जारी आधिकारिक पत्र में आईएसएसएफ के अध्यक्ष लुसियानो रोसी और महासचिव एलेसांद्रो निकोत्रा डी सैन जियाकोमो ने मनु को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उनका निर्वाचन दो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के दौरान सक्रिय निशानेबाजों के बीच कराए गए ऑनलाइन मतदान के आधार पर हुआ। इनमें मिस्र के काहिरा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप (300 मीटर राइफल) और कतर के दोहा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप (राइफल, पिस्टल और शॉटगन) शामिल हैं। मनु भाकर उन छह खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्गों से समिति के लिए चुना गया है। इस चुनाव में 20 सदस्य महासंघों के 22 उम्मीदवार मैदान में थे। प्रत्येक निशानेबाजी वर्ग से दो प्रतिनिधियों का चयन खिलाड़ियों ने अपने बीच से किया। समिति के शेष सदस्यों को अब आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति नामित करेगी। अपने निर्वाचन पर मनु भाकर ने कहा कि एथलीट्स समिति का सदस्य चुना जाना उनके लिए सम्मान की बात है।



धोनी ने आईपीएल को कहा अलविदा अब चेन्नई सुपर किंग्स के बनेंगे मेंटर

एजेंसी। 17 नवंबर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ी के रूप में अपने करियर को विराम दे दिया है। वह अब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मेंटर की भूमिका निभाएंगे। टीम ने 2027 सत्र से पहले उनके नई जिम्मेदारी संभालने की पुष्टि की है। सीएसके के मालिक एन. श्रीनिवासन ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए एक आधिकारिक बयान में कहा कि धोनी हमेशा टीम की पहचान का हिस्सा रहेंगे और चेन्नई सुपर किंग्स ही उनका घर रहेगा। यह घोषणा आईपीएल 2027 के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की समयसीमा समाप्त होने से कुछ घंटे पहले की गई। मेंटर के रूप में धोनी टीम के नए सहयोगी स्टाफ का हिस्सा होंगे। इस स्टाफ की अगुआई जहीर खान मुख्य कोच के रूप में करेंगे। उन्होंने स्टीफन फ्लेमिंग की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। धोनी और फ्लेमिंग की जोड़ी ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच आईपीएल खिताब और दो चैंपियंस लीग टी-20 ट्रॉफी दिलाई थीं। धोनी के योगदान को याद करते हुए श्रीनिवासन ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी के बिना चेन्नई सुपर किंग्स की कल्पना नहीं की जा सकती। करीब दो दशकों से दोनों का साथ रहा है। इस दौरान टीम ने जीत, हार और कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने कहा कि 2008 में धोनी को टीम का हिस्सा बनाने का फैसला उनके सबसे अच्छे फैसलों में से एक था। धोनी की उपलब्धियों के साथ उनका व्यक्तित्व भी उन्हें खास बनाता है। धोनी 2026 आईपीएल सत्र में टीम का हिस्सा होने के बावजूद एक भी मुकाबला नहीं खेले थे।



सात्विक-चिराग की रोमांचक जीत, ध्रुव-राधिका हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन के मुख्य ड्रॉ में

एजेंसी। 17 नवंबर

कोवलून। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को वहां चीनी ताइपे के जे-हुई ली और पो-हुआन यांग के खिलाफ रोमांचक जीत से अपने अभियान का आगाज किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी की और दूसरा गेम जीतकर मुकाबले में बराबरी की। सात्विक-चिराग ने निर्णायक गेम में चार गेम प्वाइंट बचाते हुए 68 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 15-21, 21-17, 28-26 से जीत दर्ज की। इससे पहले ध्रुव कपिला और राधिका शर्मा की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने हांगकांग की विंग किट चेंग और युएट यी लियुंग को केवल 36 मिनट में 21-17 21-17 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। इस भारतीय जोड़ी के सामने अब चौथी वरीयता प्राप्त चीन के गुओ शिन वा और चेन फांग हुई की चुनौती होगी। सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी इस मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 7-0 के शानदार रिकॉर्ड के साथ उतरी थी। इस सत्र में दो खिताब जीत चुकी भारतीय जोड़ी को हालांकि कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। मुकाबले में दोनों जोड़ियों के बीच लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला। पहले गेम में भारतीय जोड़ी ने 9-6 की बढ़त बना ली थी, लेकिन चीनी ताइपे के खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए 15-15 के स्कोर के बाद लगातार अंक जुटाए और 21-15 से गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी ली और यांग ने 6-3 की बढ़त के साथ अच्छी शुरूआत की। सात्विक और चिराग ने इसके बाद लगातार तीन अंक लेकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और स्कोर 11-11 हो गया। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद 16-11 की बढ़त बनाई, लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने वापसी करते हुए अंतर 18-16 कर दिया। भारतीय जोड़ी ने दबाव में धैर्य बनाए रखा और 21-17 से गेम जीतकर मुकाबले में बराबरी कर ली। निर्णायक गेम में दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। कोई भी जोड़ी बड़ी बढ़त बनाने में सफल नहीं रही। ली और यांग ने 6-3 की बढ़त जरूर बनाई, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने मुकाबले में वापसी की। सात्विक और चिराग को दो मैच प्वाइंट मिले, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं सके। इसके बाद भी उन्हें जीत के मौके मिले, लेकिन वे सफल नहीं हुए। चीनी ताइपे की जोड़ी को भी मैच प्वाइंट मिले, लेकिन वह भी इसका फायदा नहीं उठा सकी। चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने आखिरकार सर्विस रिटर्न पर नेट पर शॉट मारने की गलती की जिससे सात्विक और चिराग ने 28-26 से निर्णायक गेम जीतकर रोमांचक मुकाबला अपने नाम कर लिया।



महिला पेशेवर गोल्फ टूर : रिधिमा ने बनाई बढ़त, रिया जादोन एक शॉट पीछे

नोएडा। हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर-2026 के 15वें और अंतिम चरण के पहले दिन रिधिमा दिलावरी ने शानदार शुरूआत करते हुए बढ़त बना ली। जयपी विशटाउन गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे इस मुकाबले में हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट की शीर्ष खिलाड़ी रिधिमा ने दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। वह इस सत्र में चार खिताब जीत चुकी हैं। रिया जादोन ने एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। एमेच्योर गोल्फर ऐडा थिम्मैया ने अनुभवी पेशेवर खिलाड़ियों वाणी कपूर और त्वेसा मलिक के साथ पार 71 का स्कोर करते हुए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। पहले दिन खिलाड़ियों को जयपी विशटाउन गोल्फ कोर्स पर काफी चुनौती मिली। केवल दो खिलाड़ी ही बेहतर स्कोर कर सकीं, जबकि तीन खिलाड़ियों ने पार स्कोर बनाया। इससे इस कोर्स की कठिन परिस्थितियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। रिधिमा ने चार बर्डी और दो बोगी के साथ 69 का कार्ड खेला। इस साल उन्होंने कलहार ब्लूज एंड ग्रीन्स, पूना क्लब, जयपी विशटाउन और प्रेस्टीज गोल्फशायर में खिताब जीते हैं। इसके अलावा वह दो बार उपविजेता भी रही हैं और हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर कायम हैं। रिधिमा ने इस सत्र का अपना पिछला खिताब 12वें चरण में प्रेस्टीज गोल्फशायर में जीता था। पिछले सप्ताह रामबाग गोल्फ क्लब में हुए 14वें चरण में वह तीसरे स्थान पर रही थीं। उस मुकाबले में जैस्मिन शेखर विजेता और वाणी कपूर उपविजेता बनी थीं। जैस्मिन इस बार प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रही हैं। वह थाईलैंड में क्यू-स्कूल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छह भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। रिया जादोन ने भी पहले दिन अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने फ्रंट नाइन में दो बर्डी लगाईं, जबकि बैक नाइन में एक बोगी की। इस तरह उन्होंने एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर रिधिमा के साथ खिताबी मुकाबले को रोचक बना दिया।

मनीला में 100 साल पुराने गुरुद्वारे में पीएम मोदी ने टेका मत्था

एजेंसी। 17 नवंबर

मनीला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलीपींस के तीन दिवसीय दौरे पर हैं. इस दौरान वो मनीला में सौ साल से ज्यादा पुराने ऐतिहासिक 'खालसा दीवान गुरुद्वारे' पहुंचे. यहां उन्होंने गुरुद्वारे में मत्था टेका और इसके पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखी. इस दौरान फिलीपींस के सीनेटर फ्रांसिस जोसेफ एस्कुडेरो और मनीला शहर के मेयर फ्रांसिस्को इस्को मोरेनो सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे. गुरुद्वार से पीएम मोदी ने तस्वीरें भी शेयर की हैं. इनमें वो अरदास करते और मत्था टेकते नजर आ रहे हैं. तस्वीरें शेयर करते हुए पीएम मोदी ने कैप्शन में लिखा, 'मनीला में गुरुद्वारा खालसा दीवान में आकर बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में ढट मोदी ने कहा था, 'गुरु साहिबों की शिक्षाओं से प्रेरित होकर सिख समुदाय ने वैश्विक स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है. वो दूसरों की सेवा करने और एक बेहतर दुनिया के निर्माण में हमेशा सबसे आगे रहे हैं. विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान में बताया कि खालसा दीवान गुरुद्वारा एक सदी से भी ज्यादा समय से भारत और फिलीपींस के बीच जीवंत सांस्कृतिक और जन-संपर्क संबंधों का एक मजबूत प्रमाण रहा है. मंत्रालय ने आगे कहा कि खालसा दीवान गुरुद्वारे को फिलीपींस का सबसे पुराना गुरुद्वारा होने का अनूठा गौरव हासिल है.



1901 में हुई थी गुरुद्वारे की स्थापना

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस ऐतिहासिक गुरुद्वारे की स्थापना मूल रूप से साल 1901 में हुई थी और 1903 में इसे औपचारिक रूप से संगठित किया गया था. इसके बाद 1924 में इसे 'खालसा दीवान' के रूप में रजिस्टर किया गया.

आसियान और ईस्ट एशिया समिट में हिस्सा ले रहे हैं मोदी

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को फिलीपींस पहुंचे थे. इस यात्रा का मकसद दक्षिण-पूर्व एशियाई और पूर्वी एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों को और मजबूत करना है.

पीएम मोदी ने मनीला में रखा बड़ा प्रस्ताव

आसियान देशों के टूरिस्ट्स को फ्री ई-वीजा, समुद्र में सुरक्षा बढ़ाने, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग का प्रस्ताव



एजेंसी। 17 नवंबर

मनीला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और आसियान ग्रुप में शामिल दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच रिश्ते मजबूत करने के लिए कई बड़े प्रस्ताव रखे हैं. इनमें इन देशों से भारत आने वाले पर्यटकों को मुफ्त ई-वीजा देने, समुद्र में सुरक्षा बढ़ाने, परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग और जरूरी खनिजों के खनन में साथ काम करने जैसे प्रस्ताव शामिल हैं. मंगलवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में हुए 23वें आसियान -भारत शिखर सम्मेलन के बाद विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी. पीएम मोदी ने भारत और आसियान देशों के बीच समुद्री सहयोग के लिए लंबी अवधि की योजना बनाने का प्रस्ताव दिया. इसके तहत समुद्र के रास्ते संपर्क बढ़ाने, वैज्ञानिक शोध, आपदा के समय मदद, कोस्ट गार्ड के बीच सहयोग और समुद्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने जैसे मुद्दों पर काम किया जाएगा. इसमें नाविकों की सुरक्षा भी शामिल है. इसके अलावा साइबर अपराध की जांच के लिए संयुक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू करने और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी जानकारी साझा करने का प्रस्ताव भी दिया गया. पीएम मोदी ने आसियान देशों के छात्रों के लिए नालंदा यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है.

स्पेस हैकाथॉन और जरूरी खनिजों पर साथ काम करेंगे

प्रधानमंत्री ने भारत और आसियान देशों के बीच स्पेस हैकाथॉन आयोजित करने का सुझाव दिया. इसके साथ ही खनन और जरूरी खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की बात कही. युवाओं को करीब लाने के लिए आसियान-भारत युवा शिखर सम्मेलन पहल शुरू करने का भी प्रस्ताव है. इसके तहत युवा सम्मेलन, युवा सांसदों के बीच बातचीत और स्टार्टअप हैकाथॉन आयोजित किए जाएंगे. स्टार्टअप हैकाथॉन में युवा और नए उद्यमी मिलकर कम समय में किसी समस्या का समाधान या नया बिजनेस आइडिया तैयार करते हैं.

संक्षिप्त खबर

मोदी को मनीला के सबसे लंबे समय तक महापौर रहे भारतीय मूल के बगतसिंह की जीवनी उपहार में मिली

मनीला। मनीला के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले महापौर और शहर की सबसे प्रतिष्ठित सार्वजनिक हस्तियों में से एक, भारतीय मूल के रेमन डी. बगतसिंग की जीवनी प्राप्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और फिलीपींस के बीच 'चिरस्थायी मानवीय संबंधों' की सराहना की। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी को बॉम्बे: अ टू-ब्लू फिलिपिनो नामक पुस्तक भेंट की गई। यह पुस्तक रेमन डी. बगतसिंह के बेटे, रेमन एस. बगतसिंह जूनियर ने भेंट की, जो भारत में फिलीपीन के पूर्व राजदूत रह चुके हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, एक किताब और एक गहरा सांस्कृतिक जुड़ाव। प्रधानमंत्री ने कहा, उनकी असाधारण यात्रा भारत और फिलीपीन के बीच प्रगाढ़ मानवीय संबंधों की भी बेहतरीन याद दिलाती है।

संयुक्त राष्ट्र-ओआईसी सहयोग संबंधी प्रस्ताव पर विचार से बाहर रखे जाने पर भारत ने तुर्किये को घेरा

न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के बीच सहयोग संबंधी प्रस्ताव पर विचार-विमर्श से नयी दिल्ली और अन्य सदस्य देशों को जानबूझकर और खुले तौर पर बाहर रखने के तुर्किये के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान भी किया। इराक की ओर से पेश संयुक्त राष्ट्र और इस्लामिक सहयोग संगठन के बीच सहयोग शीर्षक वाला प्रस्ताव सोमवार को मतदान के जरिए पारित किया गया। प्रस्ताव के पक्ष में 112 देशों ने मतदान किया, जबकि छह देशों ने इसके विरोध में वोट दिया और 39 देश मतदान से दूर रहे। भारत के अलावा आर्मेनिया, साइप्रस, यूनान, इजराइल और अमेरिका ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। इस प्रस्ताव पर बातचीत और सहमति बनाने की प्रक्रिया में तुर्किये ने समन्वयक की भूमिका निभाई थी। भारत के साथ-साथ साइप्रस और यूनान सहित अन्य देशों ने भी प्रस्ताव के मसौदे पर बातचीत के दौरान अंकारा की ओर से पारदर्शिता और समावेशिता के अभाव की आलोचना की।

सऊदी अरब ने यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ रहे गठबंधन के कमांडर को हटाया

रियाद। हूतियों के साथ जारी संघर्ष के बीच सऊदी अरब ने अपनी सैन्य कमान में बदलाव किया है. सोमवार को सऊदी अरब ने यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ रहे गठबंधन के कमांडर को बदल दिया है. यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब सऊदी अरब के समर्थन वाली यमनी सरकारी सेना को हूतियों के खिलाफ लड़ाई में कई इलाकों से पीछे हटना पड़ा. अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद यमन में रुकी हुई लड़ाई फिर से तेज हो गई है. अक्टूबर में जवाबी हमले के दौरान अपनी स्थिति मजबूत करने के बाद, यमनी सरकार ने रविवार को ही बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास के इलाकों से पीछे हटने की बात कही थी. इसके बाद ही सऊदी अरब ने अपनी सैन्य कमान में बदलाव किया है. सऊदी के सरकारी मीडिया के मुताबिक, मौजूदा कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल फहद बिन हमद अल-सलमान को रक्षा मंत्री का सैन्य मामलों का सलाहकार नियुक्त किया गया है. वहीं, चीफ ऑफ जनरल स्टाफ फैयाद अल-रुवैली को संयुक्त बलों की कमान संभालने की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है.

सर्बिया में एयरफोर्स का मिग-29 फाइटर जेट क्रैश, पायलट की मौत

बेलग्रेड। सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड के उत्तर-पश्चिम में मंगलवार को सर्बियाई वायुसेना का एक मिग-29 फाइटर जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस हादसे में विमान के पायलट की मौत हो गई है. यह हादसा राजधानी बेलग्रेड से लगभग 45 किलोमीटर दूर नोवा पाजोवा और स्टारा पाजोवा कस्बों के बीच एक खेत में हुआ. सर्बिया के सरकारी रेडियो और टेलीविजन ने इस दुर्घटना की पुष्टि की है. हादसे की सूचना मिलते ही आपातकालीन राहत और बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं. फिलहाल विमान के क्रैश होने की वजह सामने नहीं आई है और अधिकारियों ने अभी तक इसके कारणों का खुलासा नहीं किया है. सर्बिया के कुछ स्थानीय मीडिया संस्थानों ने इस हादसे की तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें खेत में विमान का जलता हुआ मलबा दिख रहा है.

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में गैस टैंकर पर मिसाइल अटैक

♦ 24 भारतीय थे सवार

एजेंसी। 17 नवंबर

तेहरान। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एक एलपीजी टैंकर को मिसाइल हमले में निशाना बनाया गया है. इस जहाज पर 24 भारतीय नाविक समेत कुल 25 क्रू मेंबर सवार थे. केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 16 नवंबर को पनामा के झंडे वाला एलपीजी टैंकर 'तारा गैस' मिसाइल हमले का निशाना बनाया गया है. जहाज पर मौजूद सभी 24 भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं. हालांकि ताजा जानकारी में एक भारतीय नागरिक के गायब होने की खबर आई है. सोनोवाल ने कहा कि संबंधित अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं. इसके साथ ही जहाज की



प्रबंधन कंपनी के संपर्क में भी बने हुए हैं, ताकि भारतीय नाविकों की सुरक्षा और उनकी बेहतरी सुनिश्चित की जा सके. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल है. यहां से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन होता है. ऐसे में इस इलाके में जहाजों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा गई है. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है. फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाले इस संकरे जलमार्ग से भारत के कच्चे तेल और एलएनजी आयात का बड़ा हिस्सा गुजरता है. भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है और खाड़ी के देशों पर उसकी निर्भरता काफी है. ऐसे में होर्मुज में युद्ध, मिसाइल हमले या जहाजों की आवाजाही बाधित होने से भारत की तेल और गैस आपूर्ति प्रभावित होती है. इसका सीधा असर पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की कीमतों और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है. हालांकि ईरान युद्ध के बाद भारत कच्चे तेल के आयात के लिए दूसरे समुद्री मार्गों का इस्तेमाल कर रहा है. इस हमले के बाद केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि टैंकर पर सवार सभी भारतीय सुरक्षित हैं, उन्होंने कहा कि सरकार एजेंसियों से संपर्क स्थापित कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है.

रूस-क्रीमिया को जोड़ने वाले पुल पर यूक्रेन का हमला, ड्रोन अटैक में 2 की मौत

एजेंसी। 17 नवंबर

मॉस्को। रूस और क्रीमिया को जोड़ने वाला केर्च ब्रिज एक बार फिर यूक्रेन के निशाने पर है. महज 24 घंटे के भीतर इस रणनीतिक पुल पर दूसरी बार हमले की खबर सामने आई है. ड्रोन हमले के बाद पुल पर यातायात रोकना पड़ा और रूसी प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों को इसकी तरफ जाने से बचने की सलाह दी. इस बीच क्रीमिया के रूसी नियुक्त गवर्नर सर्गेई अक्स्योनोव ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हुई है. हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये मौतें केर्च ब्रिज पर हुए हमले में हुई हैं या क्रीमिया के किसी दूसरे इलाके में. 16 नवंबर की सुबह करीब 5:38 बजे यूक्रेन का एक ड्रोन केर्च ब्रिज के आर्च (पुल के मेहराबनुमा हिस्से) से टकराया. इसके बाद पुल पर सड़क यातायात रोक दिया गया. हमले के दौरान रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने भी ड्रोन को रोकने की कोशिश की.रूसी अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की. क्रीमिया के रूसी नियुक्त प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने बताया कि पुल पर आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी गई है. इस दौरान दोनों तरफ करीब 2,000 वाहन फंस गए. रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने नुकसान को मामूली बताया. बाद में रूस के उप प्रधानमंत्री मरात खुसनुलिन ने जानकारी दी कि मरम्मत की तैयारी की जा रही है और पुल पर एक लेन से यातायात दोबारा शुरू कर दिया गया है.

ढाका : इस्लामी छात्र शिविर ने भारत में मतदाता सूची से लाखों मुसलमानों के नाम हटाने जाने को लेकर जताई चिंता



एजेंसी। 17 नवंबर

ढाका। बांग्लादेश की जमात-ए-इस्लामी के छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिविर ने भारत में मतदाता सूची से लाखों मुसलमानों के नाम हटाने जाने को लेकर चिंता जताई है. संगठन ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिए भारत की राष्ट्रीय मतदाता सूची से लगभग 13 करोड़ नाम हटा दिए गए. संगठन ने चेतावनी दी है कि इससे लाखों पात्र मुसलमान नागरिकों के मताधिकार के अधिकार और नागरिकता पर असर पड़ सकता है. खास बात यह है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर बांग्लादेश के कट्टरपंथी इस्लामी समूहों ने कोई बात नहीं की. बयान में यह भी आरोप लगाया गया कि भारत में कुछ लोगों को अवैध घुसपैठिए के संदेह में हिरासत में लिया गया और जबरन बांग्लादेश भेजा गया. इन आरोपों को मानवाधिकारों से जुड़ा मामला बताते हुए संगठन ने भारत से इस मामले का निपटारा करने की अपील की है. बांग्लादेश इस्लामी छात्र शिविर ने आरोप लगाया है कि भारत में मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव किया जा रहा है. इसमें कई विवादित घटनाक्रमों का भी जिक्र किया गया है. बांग्लादेश इस्लामी छात्र शिविर ने भारत सरकार ने मामले में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है. इतना ही नहीं, इस संगठन ने संयुक्त राष्ट्र, इस्लामिक सहयोग संगठन और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से भी अपील की कि वे भारत में मुसलमानों के मौलिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाएं.

मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद पश्चिम बंगाल में करीब 27 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए

सोमवार को जारी बयान में इस्लामी छात्र शिविर के अध्यक्ष नुरुल इस्लाम और महासचिव सिबगतुल्लाह ने कहा कि मुसलमान मतदाताओं के नाम हटाए जाने की खबरों ने भारत में समानता, लोकतांत्रिक अधिकारों और संवैधानिक सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं. बांग्लादेश इस्लामी छात्र शिविर ने बयान में दावा किया है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद पश्चिम बंगाल में करीब 27 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं. बयान में दावा किया गया कि इसमें 70% मुसलमान हैं. संगठन ने चिंता जताई कि कई बंगाली भाषी मुसलमान जिनके पास वैध पहचान दस्तावेज और पारिवारिक रिकॉर्ड मौजूद हैं उनके नाम हटा दिए गए.

नेतन्याहू खेमे पर चुनाव के दिन अरब कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की साजिश का लगा आरोप



एजेंसी। 17 नवंबर

यरुशलम। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक नए विवाद में घिर गए हैं. नेतन्याहू पर आरोप है कि उनके खेमे ने चुनाव के दिन अपने राजनीतिक विरोधियों यानी अरब पार्टी के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कराने की कोशिश की. इस मामले में नेतन्याहू के कार्यालय, इज़रायली पुलिस और खुफिया एजेंसी शिन बेट की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं. 27 अक्टूबर को हुए चुनाव से पहले नेतन्याहू के करीबी लोगों ने पुलिस को कुछ जानकारियां दी थी. इसके बाद चुनाव के दिन अरब पार्टी राआम के कार्यकर्ताओं के घरों पर छापेमारी की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया. रिपोर्ट में दावा किया गया कि शिन बेट के प्रमुख डेविड जिनी ने पांच अरब सांसदों के फोन टैप करने की अनुमति मांगी थी. हालांकि, अटॉर्नी जनरल गाली बहारव-मियारा ने इस मांग को खारिज कर दिया था. चुनाव के दिन पुलिस ने राआम पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं के घरों पर छापेमारी की थी. इसके बाद पार्टी के चार अन्य कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया. कुल सात कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की गई.

नेतन्याहू के कार्यालय ने किसी भी तरह की गलत कार्रवाई से किया इनकार

नेतन्याहू के कार्यालय ने किसी भी तरह की गलत कार्रवाई से इनकार किया है. हालांकि, नेतन्याहू के कार्यालय ने प्रधानमंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ इडो नेर्डेन ने पुलिस प्रमुख को फोन किया था. नेतन्याहू के कार्यालय का कहना है कि उन्हें आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी विश्वसनीय जानकारी मिली थी जिसे पुलिस तर पहुंचाया गया. उनका दावा है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों के काम में कोई दखल नहीं दिया गया. वहीं, इज़रायली पुलिस ने मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं. दूसरी ओर, शिन बेट ने कहा है कि उसने चुनाव समिति के निर्देश पर चुनाव से जुड़ी गतिविधियों और विदेशी हस्तक्षेप की आशंकाओं की जांच की थी.

ट्रंप को बड़ा झटका ! यूएस कोर्ट ने विदेशी छात्रों-पत्रकारों पर वीजा से जुड़ी सख्त पॉलिसी को किया रद्द

एजेंसी। 17 नवंबर

वाशिंगटन। अमेरिका में एक फेडरल जज यानी संघीय न्यायाधीश ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की उस पॉलिसी को रद्द कर दिया, जिसके तहत विदेशी छात्रों और पत्रकारों के अमेरिका में पढ़ाई करने या काम करने की अवधि पर सख्त सीमाएं लगाई जानी थीं. मामले को खारिज करते हुए, जिला जज डेनिस सैलर ने अपने आदेश में कहा कि यह पॉलिसी मनमानी, अस्थिर, अधिकारों का दुरुपयोग करने वाली और कानून के उलट है. नए वीजा नियमों को सितंबर से लागू किया जाना था, लेकिन डेनिस सैलर ने इन पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी. ट्रंप प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ कोर्ट में अपील भी कर दी है. संघीय न्यायाधीश ने अपने आदेश में मुख्य रूप से इस बात पर जोर दिया कि नई

वीजा पॉलिसी का अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर क्या असर पड़ेगा. ये वीजा प्रतिबंध राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इमिग्रेशन के खिलाफ शुरू की गई एक बड़ी कार्रवाई का हिस्सा हैं. इसमें लोगों को जबरन देश से बाहर निकालने डिपोर्टेशन के कड़े अभियान और नागरिकता पाने के कानूनी रास्तों पर लगाई गई नई पाबंदियां शामिल हैं. आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 के एकेडमिक ईयर में अमेरिका में 11 लाख से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय छात्र दाखिल हुए, जो किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे ज्यादा है.

जज ने क्या कहा !

जज ने कहा, सीधे शब्दों में कहें तो, डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी उस गतिविधि को रोकना या हतोत्साहित करना चाहता है, जिसे कांग्रेस ने अनुमति दी थी और बढ़ावा देना चाहती थी. यानी अमेरिका में विदेशी छात्रों को शिक्षा के मौके देना. उन्होंने आगे कहा कि यह पॉलिसी 'विदेशी छात्रों को लंबे वक्त तक पढ़ाई करने से रोकेगी, जैसे कि पीएचडी प्रोग्राम के लिए जरूरी होता है. उन्हें जॉइंट डिग्री लेने से रोकेगी और उन्हें अपने शैक्षणिक विषय बदलने से भी रोकेगी.

ट्रंप की नई पॉलिसी में क्या हैं नियम !

प्रस्तावित नए नियमों के तहत, स्टूडेंट वीजा पर आने वाले विदेशियों को अधिकतम चार साल तक रहने की अनुमति मिलेगी, जिसके बाद उन्हें वीजा एक्सटेंशन के लिए आवेदन करना होगा. पहले, अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी होने तक रहने की अनुमति थी. विदेशी पत्रकारों के लिए रहने की अवधि सिर्फ 240 दिन यानी करीब आठ महीने तक सीमित होगी, लेकिन वे इसी अवधि के लिए एक्सटेंशन के लिए आवेदन कर सकेंगे. इससे पहले, वे पांच साल तक रह सकते थे.

लंदन में शेख हसीना समर्थकों और एनसीपी कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प

एजेंसी। 17 नवंबर

लंदन। बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टियों की लड़ाई अब देश की सरहदों को भी पार कर गई है। दरअसल सोमवार को बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना और एनसीपी नेता नाहिद इस्लाम के समर्थकों में लंदन में हिंसक झड़प हो गई। इस झड़प में कई लोग घायल हुए हैं और चार घायलों की हालत गंभीर बताई गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, नाहिद इस्लाम इन दिनों लंदन के दौरे पर हैं, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में पार्टी समर्थकों को संबोधित करेंगे। सोमवार शाम को लंदन के मेफेयर वेन्यू में भी नाहिद इस्लाम की पार्टी का कार्यक्रम था। एनसीपी ने फेसबुक पर साझा एक पोस्ट में बताया कि शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के समर्थक भी वेन्यू के बाहर इकट्ठा हो गए और एनसीपी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। एनसीपी का आरोप है कि अवामी लीग के समर्थकों ने एनसीपी समर्थकों पर हमला किया, जिसके बाद दोनों तरफ से हिंसक झड़प शुरू हो गई। एनसीपी के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के संयुक्त सदस्य सचिव अलाउद्दीन मोहम्मद ने बताया कि हमलावरों ने कांच की बोतलों और स्टील की रॉड से हमला किया। जिसमें कम से कम चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। बांग्लादेश के मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, नाहिद इस्लाम मेफेयर वेन्यू के कार्यक्रम में तय समय से तीन घंटे पहले ही पहुंच गए थे। वहीं अवामी लीग के समर्थक बाद में घटनास्थल पहुंचे, जिसके बाद हिंसा हुई। हिंसा के बाद नाहिद इस्लाम को एहतियातन पिछले दरवाजे से निकाला गया।

वर्ष 69 अंक 190 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक – मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक – अमित कुमार सिन्हा* सम्पादकीय व विज्ञापन विभाग – 7319894441, आरए एन0 आई0 संख्या – 3591/1957 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awaz1947@gmail.com